


दैनिक

सुप्रभात रायपुर

आम आदमी का खास अखबार

# प्रतिदिन राजधानी

संस्थापक-स्व. श्री रामचंद नचरानी | प्रधान संपादक - शांति देवी नचरानी | वर्ष : 25 | अंक : 181 रायपुर, शनिवार, 19 जुलाई 2025 | पृष्ठ : 12 | मूल्य ` 2.00 | RNI NO. CHH HIN/2001/05596




3 भूपेश बघेल ने सरकार से...

E-mail pratidincg@gmail.com E-paper https://epaper.pratidinrajdhani.in WhatsApp +91 62629 04444

हिरोइन बनी तो ताने मिले... 6

सूचना - जिन किसी व्यक्ति को समाचार या विज्ञापन देना है संपर्क करे : मो. नं. 9806044444, 6262904444 इस नंबर के अलावा अन्य नंबर पर दी गई सूचना से समाचार पत्र का लेना-देना नही रहेगा...

## सदन से लेकर सड़क तक ईडी का विरोध-हंगामा

# पूर्व सीएम भूपेश बघेल के घर पर ईडी का छापा

# चैतन्य बघेल गिरफ्तार, 5 दिन की रिमांड पर

ईडी के घेरे में चैतन्य



**रायपुर (प्रतिदिन राजधानी)**

छत्तीसगढ़ में बहुचर्चित शराब घोटाले को लेकर शुक्रवार के दिन सदन से लेकर सड़क तक जमकर हंगामा हुआ। इसमें प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के निवास पर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की टीम ने सुबह 6 बजे दबिश दी और करीब 3 घंटे से अधिक जांच के बाद पूर्व सीएम के पुत्र चैतन्य बघेल को लीकर मामले में गिरफ्तार कर लिया गया है। जिस दौरान ईडी की कार्रवाई चल रही थी उस वक्त भूपेश बघेल घर पर मौजूद थे, बाद में वे विधानसभा की कार्रवाई में हिस्सा लेने के लिए रवाना हो गए। लेकिन इससे पहले ही इडी की कार्रवाई की खबर विधानसभा में कांग्रेसी सदस्यों के पास पहुंच गई और परिसर में सदस्यों ने भूपेश के समर्थन में नारेबाजी शुरु कर दी। यहां तक की सदन की कार्रवाई के दौरान भी मुद्दे को कांग्रेसी सदस्यों ने जमकर उठाया और हंगामा किया, इससे प्रश्नकाल की कार्रवाई बाधित हुई। इधर जांच पश्चात पूर्व सीएम के सुपुत्र चैतन्य बघेल को लीकर मामले में हिरासत में ले लिया और रायपुर के जिला सत्र न्यायालय लेकर पहुंची। जहां ईडी ने चैतन्य बघेल को कोर्ट में पेश कर इडी ने पांच दिन की रिमांड मांगी, इस पर न्यायालय ने पांच दिन की रिमांड ईडी को दे दी, जहां से ईडी चैतन्य बघेल को लेकर प्रवर्तन निदेशालय पुजारी पार्क पहुंची और पूछताछ शुरु हई। वहीं कांग्रेसियों ने चैतन्य बघेल और पूर्व सीएम के समर्थन में जगह-जगह प्रदर्शन कर ईडी के खिलाफ नारे लगाए। इसके चलते दिनभर शहर में शराब घोटाले की चर्चा बनी रही।




### जन्मदिन का तोहफा जिंदगी भर रहेगा याद- बघेल



मामले में भूपेश बघेल ने ट्वीट कर कहा कि 'जन्मदिन का जैसा तोहफ़ा मोदी और शाह जी देते हैं वैसा दुनिया के किसी लोकतंत्र में और कोई नहीं दे सकता। मेरे जन्मदिन पर दोनों परम आदरणीय नेताओं ने मेरे सलाहकार और दो ओएसडी के घरों पर ईडी भेजी थी। और अब मेरे बेटे चैतन्य के जन्मदिन पर मेरे घर पर ईडी की टीम छापामारी कर रही है। इन तोहफ़ों का धन्यवाद। ताउम्र याद रहेगा।'

दूसरे ट्वीट में लिखा कि 'जन्मदिन का जैसा तोहफ़ा मोदी और शाह जी देते हैं वैसा दुनिया के किसी लोकतंत्र में और कोई नहीं दे सकता। मेरे जन्मदिन पर दोनों परम आदरणीय नेताओं ने मेरे सलाहकार और दो ओएसडी के घरों पर ईडी भेजी थी। और अब मेरे बेटे चैतन्य के जन्मदिन पर मेरे घर पर ईडी की टीम छापामारी कर रही है। इन तोहफ़ों का धन्यवाद। ताउम्र याद रहेगा।'



प्रवर्तन निदेशालय की टीम ने छत्तीसगढ़ के शराब घोटाला मामले में आज शुक्रवार को पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के घर छापेमार कार्रवाई की। ईडी ने भूपेश बघेल के बेटे चैतन्य बघेल को गिरफ्तार कर विशेष न्यायाधीश डमरूधर चौहान की विशेष कोर्ट में पेश किया, जहां से कोर्ट ने उन्हें पांच दिन की ईडी रिमांड पर भेज दिया है। रिमांड के दौरान ईडी शराब घोटाला मामले को लेकर चैतन्य बघेल से पूछताछ करेगी। इस मामले को लेकर भिलाई और रायपुर में कांग्रेसियों ने जमकर विरोध प्रदर्शन किया। कोर्ट की कार्यवाही के दौरान पूर्व सीएम भूपेश बघेल जिला कोर्ट रायपुर पहुंच। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि वे बीजेपी सरकार की इस कार्रवाई के खिलाफ न डरेंगे ना झुकेंगे लड़ाई जारी रहेगी। चैतन्य बघेल के वकील फैजल रिजवी ने बताया कि ईडी की ओर से 5 दिन की रिमांड मांगी गई थी, जिसे कोर्ट ने स्वीकार कर लिया है।

## चैतन्य की गिरफ्तारी, विपक्ष ने सदन का किया बहिष्कार



लगातार हो रहे हंगामा को देखते हुए स्पीकर ने सदन की कार्यवाही 5 मिनट के लिए स्थगित करने की घोषणा कर दी। सदन की कार्यवाही पुनः शुरू होने पर नेता प्रतिपक्ष ने पूर्व सीएम भूपेश बघेल के परिवार पर आज हुए ईडी कार्रवाई को सरकार के इशारे पर की गई कार्रवाई बताते हुए सदन की कार्यवाही का दिन भर के लिए बहिष्कार कर दिया।

नेता प्रतिपक्ष डॉ चरणदास महंत, भूपेश बघेल, उमेश पटेल समेत अन्य सदस्यों ने स्थगन प्रस्ताव को स्वीकार करने के लिए अपना पक्ष रखते हुए कहा कि रायगढ़ जिले के तमनार में हसदेव के जंगल को अदानी ग्रुप द्वारा नियमों के विरुद्ध काटा जा रहा है। क्षेत्र के 21 गांव में अडानी कंपनी पेड़ो की कटाई कर पर्यावरण नियमों की धज्जियां उड़ा रहे हैं। ये कंपनी पेसा और ह्लञ्ज कानून का खुलेआम उल्लंघन कर रहे हैं। इसके लिए ग्राम पंचायत से भी अनुमति नहीं दी गई है इसके बाद भी शासन, प्रशासन के संरक्षण में पेड़ों की कटाई कर जंगलों को उजाड़ा जा रहा है। विपक्ष ने इस स्थगन पर चर्चा कराने की मांग की। स्पीकर डॉ रमनसिंह ने कहा कि यह मामला हाईकोर्ट में लंबित है इसलिए इस पर चर्चा कराना उचित नहीं है इसलिए इसे अस्वीकार करते हैं। इसके बाद विपक्ष हंगामा करने लगे जिसे देखते हुए स्पीकर ने सदन की कार्यवाही 5 मिनट के लिए स्थगित कर दी।

इसके बाद पुनः कार्यवाही शुरू होते ही नेता प्रतिपक्ष डॉ चरणदास महंत ने आज सुबह भिलाई स्थित भूपेश बघेल के निवास में ईडी छापा और उनके पुत्र की गिरफ्तारी को सरकार के इशारे पर की गई कार्रवाई बताते हुए अपना विरोध दर्ज कराते हुए सदन की कार्यवाही का दिन भर के लिए बहिष्कार कर सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए सभी कांग्रेस विधायक बाहर निकल गए।

## कांग्रेस के ब्लॉक, मंडल और सेक्टर कमेटियों का पुनर्गठन शुरु

**रायपुर (प्रतिदिन राजधानी)**



छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज ने पार्टी के जिला प्रभारियों की नियुक्ति कर दी है। ये प्रभारी ब्लॉक कांग्रेस कमेटियों में मंडल और सेक्टर कमेटियों का पुनर्गठन करेंगे। जानकारी के अनुसार, मंडल और सेक्टर कमेटी के पुनर्गठन के लिए कांग्रेस ने जिला प्रभारी नियुक्त किए हैं।

इस लिस्ट में पूर्व मंत्री शिव डहरिया रायपुर जिले के प्रभारी बनाए गए हैं। पूर्व मंत्री मोहम्मद अकबर बलौदा बाजार, रविंद्र चौबे दुर्ग भिलाई, उमेश पटेल बिलासपुर, मोहन मरकाम जगदलपुर के प्रभारी बनाए गए हैं।

## अबूझमाड़ में मुठभेड़, छह माओवादी ढेर

**नारायणपुर (प्रतिदिन राजधानी)**



नारायणपुर महाराष्ट्र सीमा पर अबूझमाड़ के जंगलों में सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच हुई मुठभेड़ में छह नक्सलियों को जवानों ने मार गिराया है। नक्सलियों के शीर्ष कमांडर के ढेर होने की भी सूचना मिल रही है। अब तक मुठभेड़ स्थल से छह माओवादियों के शव, एके-47/एसएलआर राइफ्लें, अन्य हथियार, विस्फोटक सामग्री और रोजमर्रा की चीजें बरामद की गई हैं। अभियान अभी भी जारी है।

### छह माओवादियों के शव बरामद

अबूझमाड़ क्षेत्र में माओवादियों की मौजूदगी की सूचना पर सुरक्षाबलों की संयुक्त टीमों ने सर्चिंग अभियान शुरू किया था। इस अभियान के दौरान सुरक्षा बलों और माओवादियों के बीच रुक-रुक कर लगातार मुठभेड़ जारी है। अब तक की सर्चिंग कार्रवाई में मुठभेड़ स्थल से छह माओवादियों के शव बरामद किए गए हैं।

इससे पहले छत्तीसगढ़ के बीजापुर में नेशनल पार्क में हुई मुठभेड़ में 10 लाख का इनामी नक्सली कन्ना मारा गया था। जिले के नेशनल पार्क क्षेत्र में शनिवार को सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच हुई। मुठभेड़ में एक कुख्यात नक्सली को ढेर किया गया। मारा गया नक्सली नक्सलियों की मिलिट्री कंपनी का स्नाइपर बताया जा रहा है।

सूत्रों के मुताबिक, मारा गया नक्सली सोढ़ी कन्ना था, जो जगरगुंडा थाना क्षेत्र के किस्टारम का रहने वाला था। उस पर 10 लाख रुपये का इनाम घोषित किया गया था। इस मुठभेड़ को सुरक्षाबलों के लिए एक बड़ी कामयाबी माना जा रहा है, क्योंकि सोढ़ी कन्ना लंबे समय से कई नक्सली वारदातों में सक्रिय भूमिका निभा रहा था और सुरक्षाबलों की हिट लिस्ट में शामिल था।

## शराब घोटाले में पूर्व मंत्री कवासी लखमा की जमानत याचिका खारिज

**बिलासपुर (प्रतिदिन राजधानी)**



हाईकोर्ट ने प्रदेश के चर्चित शराब घोटाले के केस में पूर्व आबकारी मंत्री कवासी लखमा की जमानत याचिका खारिज कर दी है। कवासी लखमा शराब घोटाला केस में जेल में बंद हैं। कोर्ट ने कहा- मामले की गंभीरता को देखते हुए जमानत नहीं दी जा सकती। मामले की की सुनवाई जस्टिस अरविंद वर्मा की बेंच में हुई।

दरअसल, शराब घोटाला मामले में ईडी ने पूर्व आबकारी मंत्री कवासी लखमा को इसी साल 15 जनवरी को गिरफ्तार किया था। इस मामले में EOW ने भी केस दर्ज किया है, और गिरफ्तारी की। जिसकी जांच के बाद चार्ज शीट पेश की गई। कवासी लखमा ने अपने वकील हर्षवर्धन के माध्यम से अलग-अलग याचिका दायर की है। शुक्रवार को EOW की गिरफ्तारी के केस में बेल पर सुनवाई हुई, जिसमें तर्क दिया गया, कि साल 2024 में केस दर्ज किया गया था, जिसमें डेढ़ साल बाद गिरफ्तारी की गई है, जो गलत है।




### सीएम साय के प्रयत्नों से मिली ऐतिहासिक स्वीकृति

## चावल उपार्जन लक्ष्य में 8 लाख मीट्रिक टन की वृद्धि

**रायपुर (प्रतिदिन राजधानी)**



प्रदेश के किसानों के लिए आज एक अत्यंत हर्ष और गर्व का दिन है। केंद्र सरकार ने खरीफविपणन वर्ष 2024-25 के लिए छत्तीसगढ़ में धान खरीदी के अनुमान को 70 लाख मीट्रिक टन से बढ़ाकर 78 लाख मीट्रिक टन करने की ऐतिहासिक स्वीकृति प्रदान की है। यह निर्णय प्रदेश के लाखों अन्नदाताओं की मेहनत को नई पहचान और उनकी आर्थिक समृद्धि को नई दिशा देगा।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने इस अभूतपूर्व निर्णय के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा केंद्रीय खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्री प्रह्लाद जोशी जी के प्रति आभार प्रकट किया है। उन्होंने कहा कि यह निर्णय केंद्र और राज्य सरकार की डबल इंजन प्रतिबद्धता का सजीव प्रमाण है, जिसमें किसान कल्याण सर्वोच्च प्राथमिकता है।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा सोशल मीडिया 'एक्स' में पोस्ट करते हुए कहा कि केंद्र सरकार द्वारा 8 लाख मीट्रिक टन अतिरिक्त धान खरीदने की स्वीकृति, हमारे किसानों के परिश्रम को मान्यता देने वाला कदम है। यह न केवल उनकी आय में वृद्धि करेगा, बल्कि छत्तीसगढ़ की कृषि अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान करेगा।

उन्होंने कहा कि राज्य सरकार लगातार किसानों के हित में काम कर रही है और केंद्र सरकार से समन्वय करते हुए उनके लिए हरसंभव सुविधा सुनिश्चित कर रही है। राज्य के धान उत्पादक किसानों को बेहतर मूल्य, समय पर भुगतान और सुगम खरीदी प्रक्रिया के लिए ठोस रणनीति बनाई जा रही है। धान खरीदी सीमा में यह वृद्धि प्रदेश के किसानों के लिए आत्मविश्वास बढ़ाने वाली है। यह उनके परिश्रम और उत्पादन क्षमता में केंद्र की आस्था का संकेत है।

## 5 राज्यों के विधानसभा चुनावों पर सर्वे रिपोर्ट

**एजेंसी, नई दिल्ली**




देश में एक बार फिर से चुनावी मौसम शुरू होने वाला है। इसकी शुरुआत इस वर्ष नवंबर-दिसंबर महीने में होने वाले बिहार विधानसभा चुनाव के साथ होगी। इसके बाद अगले वर्ष-2026 में पश्चिम बंगाल , असम तमिलनाडु और केरल में विधानसभा चुनाव होंगे। इन राज्यों में चुनाव से पहले वोट वाइब और इंक इनसाइट्स ने सर्वे किया है। सर्वे बताते हैं कि जनता के रुझान में परिवर्तन देखने को मिल सकता है।

सर्वे के मुताबिक बिहार-असम में फिर से बीजेपी सरकार बना सकती है। वहीं पश्चिम बंगाल एक बार फिर बीजेपी के अबूझ पहेली साबित होगी। बंगाल में एक बार फिर से ममता दीदी का डंका बजेगा। वहीं देश का सबसे दक्षिणी राज्य में केरल में बीजेपी दूसरी सबसे बड़ी पार्टी बन सकती है।

## भू-विस्थापित महिलाओं का एसईसीएल कार्यालय में अर्द्धनग्न प्रदर्शन



**कोरबा (प्रतिदिन राजधानी)**

जिले के कुसमुंडा स्थित एसईसीएल के मुख्य महाप्रबंधक कार्यालय में आज एक अनोखा प्रदर्शन देखने को मिला. रोजगार की मांग को लेकर बड़ी संख्या में भू-विस्थापित महिलाओं ने कार्यालय के भीतर अर्धनग्न प्रदर्शन किया।

प्रदर्शनकारी महिलाओं का आरोप है कि एसईसीएल ने उनकी जमीन तो अधिग्रहित कर ली, लेकिन अब तक उन्हें रोजगार नहीं दिया गया है. उन्होंने बताया कि पहले भी उन्होंने खदान में कई बार प्रदर्शन और हड़ताल की थी, जिसके जवाब में कंपनी प्रबंधन ने कड़ी कार्रवाई करते हुए महिलाओं और बच्चों सहित लगभग 20-25 लोगों को जेल भिजवा दिया था।

भू-विस्थापितों ने अब खदान छोड़कर सीधे मुख्य कार्यालय का कामकाज ठप कर दिया है. प्रदर्शनकारियों का कहना है कि जब तक उनकी मांगें पूरी नहीं की जातीं, तब तक वे कार्यालय परिसर में ही धरने पर बैठी रहेंगी।

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.- 06)**
**:: आई .एस.बी.टी. चतुर्थ तल, रावणभाठा, रायपुर ::**
**Email ID-rmczone6@gmail.com**

पत्र क्र./22681/न.पा.नि./ जोन क्र.-06/2025
रायपुर, दिनांक 18/07/2025

**// इश्तिहार //**

**नामांतरण प्र.क्र. 22681**

वार्ड का नाम- 62- शहीद राजीव पांडे वार्ड

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 62 स्थित भवन / भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई डी RPR650F0055E जो की निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती RAMESH KUMAR YADAV पिता/पति श्री/श्रीमती SHRI AMAR SINGH के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती VIRENDRA YADAV पिता/पति श्री/श्रीमती LATE RAMESH YADAV ने मृत्यु प्रमाण पत्र सह पत्र शपथ पत्र दान पत्र, हिब्बानामा रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/BATWARANAMA & SAPATH PATRA/ वंशानुक्रम अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा प्रस्तुत करे। निर्धारित समयावधि पश्चात् प्राप्त दावा आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

(जोन कमिश्नर)
जोन क्र. 6
नगर पालिक निगम रायपुर (छ.ग.)

---

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.- 06)**
**:: आई .एस.बी.टी. चतुर्थ तल, रावणभाठा, रायपुर ::**
**Email ID-rmczone6@gmail.com**

पत्र क्र./22683/न.पा.नि./ जोन क्र.-06/2025
रायपुर, दिनांक 18/07/2025

**// इश्तिहार //**

**नामांतरण प्र.क्र. 22683**

वार्ड का नाम- 62- शहीद राजीव पांडे वार्ड

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 62 स्थित भवन / भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई डी RPR650F00055 जो की निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती RAMESH KUMAR YADAV पिता/पति श्री/श्रीमती SHRI AMAR SINGH के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती 1) DHIRENDRA YADAV 2) SONKUNWAR YADAV पिता/पति श्री/श्रीमती LATE RAMESH YADAV ने मृत्यु प्रमाण पत्र सह पत्र शपथ पत्र दान पत्र, हिब्बानामा रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/DEATH CERTIFICATE & SAHMATI PATRA / वंशानुक्रम अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा प्रस्तुत करे। निर्धारित समयावधि पश्चात् प्राप्त दावा आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

(जोन कमिश्नर)
जोन क्र. 6
नगर पालिक निगम रायपुर (छ.ग.)

---

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.- 06)**
**:: आई .एस.बी.टी. चतुर्थ तल, रावणभाठा, रायपुर ::**
**Email ID-rmczone6@gmail.com**

पत्र क्र./22679/न.पा.नि./ जोन क्र.-06/2025
रायपुर, दिनांक 18/07/2025

**// इश्तिहार //**

**नामांतरण प्र.क्र. 22679**

वार्ड का नाम- 63- ब्रिगेडियर उस्मान वार्ड

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 63 स्थित भवन / भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई डी RPR455O00012 जो की निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती SHIVNATH RAM BAGHEL पिता/पति श्री/श्रीमती PARAS RAM के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती BHUPENDRA KUMAR BAGHEL पिता/पति श्री/श्रीमती LATE SHIVNATH RAM BAGHEL ने मृत्यु प्रमाण पत्र सह पत्र शपथ पत्र दान पत्र, हिब्बानामा रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/DEATH CERTIFICATE & SAPATH / वंशानुक्रम अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा प्रस्तुत करे। निर्धारित समयावधि पश्चात् प्राप्त दावा आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

(जोन कमिश्नर)
जोन क्र. 6
नगर पालिक निगम रायपुर (छ.ग.)

---

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रं.9)**
**पुलिस थाना के पास, दुबे कॉलोनी, मोवा, रायपुर**
**ई-मेल:- rmczone9@gmail.com**

पत्र क्रं. / 22562/ न.पा.नि./ जोन क्रं. 9/2025
रायपुर दिनांक 18/07/2025

**इश्तिहार**

**नामांतरण प्र.क्र. 22562**

वार्ड का नाम -7- कुशाभाऊ ठाकरे वार्ड

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 7 स्थित भवन / भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई. डी. RPR226E00815 जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती AKSHAY KUMAR DIWAN पिता/पति श्री/श्रीमती LATE NEERAJNAYAN DIWAN के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती एकता गोस्वामी पिता/पति श्री/श्रीमती करन गिरि गोस्वामी ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/पंजीकृत विक्रय विलेख / वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा /प्रस्तुत करे। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा / आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

श्री संतोष पाण्डेय
(जोन कमिश्नर)
जोन क्र.9
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

---

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रं.9)**
**पुलिस थाना के पास, दुबे कॉलोनी, मोवा, रायपुर**
**ई-मेल:- rmczone9@gmail.com**

पत्र क्रं. / 22564/ न.पा.नि./ जोन क्रं. 9/2025
रायपुर दिनांक 18/07/2025

**इश्तिहार**

**नामांतरण प्र.क्र. 22564**

वार्ड का नाम -7- कुशाभाऊ ठाकरे वार्ड

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 7 स्थित भवन / भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई. डी. RPR226E02020 जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती SATYAM MAHOBE पिता/पति श्री/श्रीमती RAMJILAL MAHOBE के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती 1. गिरधर कुमार पटेल 2. दीपिका पटेल पिता/पति श्री/श्रीमती 1. घनश्याम पटेल 2. अशोक पटेल ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/पंजीकृत विक्रय विलेख / वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा /प्रस्तुत करे। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा / आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

श्री संतोष पाण्डेय
(जोन कमिश्नर)
जोन क्र.9
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

---

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रं.9)**
**पुलिस थाना के पास, दुबे कॉलोनी, मोवा, रायपुर**
**ई-मेल:- rmczone9@gmail.com**

पत्र क्रं. / 22652/ न.पा.नि./ जोन क्रं. 9/2025
रायपुर दिनांक 18/07/2025

**इश्तिहार**

**नामांतरण प्र.क्र. 22652**

वार्ड का नाम -10- रानी लक्ष्मीबाई वार्ड

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 10 स्थित भवन / भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई. डी. RPR227S00729 जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती GOVIND DEO AGARAWAL S/O RAM GOPAL , POOJA AGRAWAL W/O GOVIND DEV AGRAWAL पिता/पति श्री/श्रीमती .. के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती प्रवीन कुमार जैन पिता/पति श्री/श्रीमती गैन्दमल जैन ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/पंजीकृत विक्रय विलेख / वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा /प्रस्तुत करे। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा / आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

श्री संतोष पाण्डेय
(जोन कमिश्नर)
जोन क्र.9
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

---

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रं.9)**
**पुलिस थाना के पास, दुबे कॉलोनी, मोवा, रायपुर**
**ई-मेल:- rmczone9@gmail.com**

पत्र क्रं. / 22563/ न.पा.नि./ जोन क्रं. 9/2025
रायपुर दिनांक 18/07/2025

**इश्तिहार**

**नामांतरण प्र.क्र. 22563**

वार्ड का नाम -32- महर्षि वाल्मिकि वार्ड

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 32 स्थित भवन / भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई. डी. RPR328O0041A जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती MANOJ KUMAR ROHRA पिता/पति श्री/श्रीमती MIHAMAL ROHRA के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती विक्की रतनानी पिता/पति श्री/श्रीमती हरिराम रतनानी ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/पंजीकृत विक्रय विलेख / वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा /प्रस्तुत करे। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा / आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

श्री संतोष पाण्डेय
(जोन कमिश्नर)
जोन क्र.9
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

---

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रं.9)**
**पुलिस थाना के पास, दुबे कॉलोनी, मोवा, रायपुर**
**ई-मेल:- rmczone9@gmail.com**

पत्र क्रं. / 22747/ न.पा.नि./ जोन क्रं. 9/2025
रायपुर दिनांक 18/07/2025

**इश्तिहार**

**नामांतरण प्र.क्र. 22747**

वार्ड का नाम -51- लाल बहादुर शास्त्री वार्ड

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 51 स्थित भवन / भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई. डी. RPR446T00285 जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती ASHWARY PATNAYAK, SHEELA PATNAYAK पिता/पति श्री/श्रीमती T. R. PATNAYAK के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती कु. स्वाति तिर्की पिता/पति श्री/श्रीमती एलेकजेण्डर तिर्की ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/पंजीकृत विक्रय विलेख / वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा /प्रस्तुत करे। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा / आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

श्री संतोष पाण्डेय
(जोन कमिश्नर)
जोन क्र.9
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

---

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.- 02)**
**शहीद स्मारक स्कूल भवन, फाफाडीह, रायपुर**
**Email ID-rmczone2@gmail.com**

पत्र क्रं. / 22718/ न.पा.नि./ जोन क्रं. 2/2025
रायपुर दिनांक 18/07/2025

**इश्तिहार**

**नामांतरण प्र.क्र. 22718**

वार्ड का नाम- 13 - राजीव गांधी वार्ड

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 13 स्थित भवन / भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई. डी. RPR223B00084 जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती G.L. MISHRA पिता/पति श्री/श्रीमती V.P. MISHRA के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती 01. आरती मिश्रा, 02. मुक्ता मिश्रा पिता/पति श्री/श्रीमती पिता गोविंद लाल मिश्रा ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ पंजीकृत दानपत्र / वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा /प्रस्तुत करे। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा / आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

श्री आर.के. डोंगरे
(जोन कमिश्नर)
जोन क्र. 2
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

---

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर, (जोन क्र. 5)**
**ईदगाह भाठा, नवीन पानी टंकी परिसर, रायपुर**
**Email ID -rmczone5@gmail.com**

पत्र क्र./22735/न.पा.नि./जोन क्र.- 5/2025
रायपुर, दिनांक 18.07.2025

**इश्तिहार**

**नामांतरण प्र. क्र. 22735**

वार्ड का नाम - 67-भक्तमाता कर्मा वार्ड

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 67 स्थित भवन / भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई. डी. RPR567D00448 जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती YASHODA YADAV पिता/पति श्री/श्रीमती RAMKUMAR YADAV के नाम से दर्ज है जिसको श्री/ श्रीमती कुसुम यादव पिता/पति श्री/श्रीमती स्व.राम कुमार यादव ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह. पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/मलबा बिक्रीनामा /वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति / संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 30 दिन भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/ प्रस्तुत करे। निर्धारित समयावधि पश्चात् प्राप्त दावा/ आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

श्री खीरसागर नायक
(जोन कमिश्नर)
जोन क्रमांक 5
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

---

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर, (जोन क्र. 5)**
**ईदगाह भाठा, नवीन पानी टंकी परिसर, रायपुर**
**Email ID -rmczone5@gmail.com**

पत्र क्र./22737/न.पा.नि./जोन क्र.- 5/2025
रायपुर, दिनांक 18.07.2025

**इश्तिहार**

**नामांतरण प्र. क्र. 22737**

वार्ड का नाम - 67-भक्तमाता कर्मा वार्ड

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 67 स्थित भवन / भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई. डी. RPR663H0015A जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती VIPUL KUMAR SAO पिता/पति श्री/श्रीमती MOHAN LAL SAO के नाम से दर्ज है जिसको श्री/ श्रीमती पुष्पांजलि साव पिता/पति श्री/श्रीमती मोहन लाल साव ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह. पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/पंजीकृत दानपत्र /वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति / संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 30 दिन भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/ प्रस्तुत करे। निर्धारित समयावधि पश्चात् प्राप्त दावा/ आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

श्री खीरसागर नायक
(जोन कमिश्नर)
जोन क्रमांक 5
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

---

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर, (जोन क्र. 5)**
**ईदगाह भाठा, नवीन पानी टंकी परिसर, रायपुर**
**Email ID -rmczone5@gmail.com**

पत्र क्र./22739/न.पा.नि./जोन क्र.- 5/2025
रायपुर, दिनांक 18.07.2025

**इश्तिहार**

**नामांतरण प्र. क्र. 22739**

वार्ड का नाम - 66-वामनराव लाखे वार्ड

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 66 स्थित भवन / भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई. डी. RPR566E00210 जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती NILESH UMARE पिता/पति श्री/श्रीमती SHANKARALAAL UMARE के नाम से दर्ज है जिसको श्री/ श्रीमती संगीता सोनी पिता/पति श्री/श्रीमती गणेश सोनी ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह. पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/मलबा बिक्रीनामा /वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति / संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 30 दिन भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/ प्रस्तुत करे। निर्धारित समयावधि पश्चात् प्राप्त दावा/ आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

श्री खीरसागर नायक
(जोन कमिश्नर)
जोन क्रमांक 5
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

---

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर, (जोन क्र. 5)**
**ईदगाह भाठा, नवीन पानी टंकी परिसर, रायपुर**
**Email ID -rmczone5@gmail.com**

पत्र क्र./22741/न.पा.नि./जोन क्र.- 5/2025
रायपुर, दिनांक 18.07.2025

**इश्तिहार**

**नामांतरण प्र. क्र. 22741**

वार्ड का नाम - 66-वामनराव लाखे वार्ड

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 66 स्थित भवन / भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई. डी. RPR566E00470 जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती SHAYAM KRISHNA SINHA पिता/पति श्री/श्रीमती RAM SINHA के नाम से दर्ज है जिसको श्री/ श्रीमती खुशबू सिन्हा पिता/पति श्री/श्रीमती श्याम कृष्णा सिन्हा ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह. पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/पंजीकृत विक्रय विलेख /वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति / संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 30 दिन भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/ प्रस्तुत करे। निर्धारित समयावधि पश्चात् प्राप्त दावा/ आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

श्री खीरसागर नायक
(जोन कमिश्नर)
जोन क्रमांक 5
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

---

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर, (जोन क्र. 5)**
**ईदगाह भाठा, नवीन पानी टंकी परिसर, रायपुर**
**Email ID -rmczone5@gmail.com**

पत्र क्र./22742/न.पा.नि./जोन क्र.- 5/2025
रायपुर, दिनांक 18.07.2025

**इश्तिहार**

**नामांतरण प्र. क्र. 22742**

वार्ड का नाम - 41-पं.सुंदर लाल शर्मा वार्ड

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 41 स्थित भवन / भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई. डी. RPR566E00267 जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती JITENDRA SINGH KSHATRIYA पिता/पति श्री/श्रीमती KARAN LAL के नाम से दर्ज है जिसको श्री/ श्रीमती मिथलेश पाण्डेय पिता/पति श्री/श्रीमती भगवती प्रसाद पाण्डेय ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह. पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/पंजीकृत विक्रय विलेख /वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति / संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 30 दिन भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/ प्रस्तुत करे। निर्धारित समयावधि पश्चात् प्राप्त दावा/ आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

श्री खीरसागर नायक
(जोन कमिश्नर)
जोन क्रमांक 5
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

---

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर, (जोन क्र. 5)**
**ईदगाह भाठा, नवीन पानी टंकी परिसर, रायपुर**
**Email ID -rmczone5@gmail.com**

पत्र क्र./22734/न.पा.नि./जोन क्र.- 5/2025
रायपुर, दिनांक 18.07.2025

**इश्तिहार**

**नामांतरण प्र. क्र. 22734**

वार्ड का नाम -42-मंहत लक्ष्मीनारायण दास वार्ड

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 42 स्थित भवन / भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई. डी. RPR561E00250 जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती JUGAL KISHOR पिता/पति श्री/श्रीमती RAM NAYAK के नाम से दर्ज है जिसको श्री/ श्रीमती हेमलता नायक पिता/पति श्री/श्रीमती स्व. जुगल किशोर नायक ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह. पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/शपथ पत्र /वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति / संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 30 दिन भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/ प्रस्तुत करे। निर्धारित समयावधि पश्चात् प्राप्त दावा/ आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

श्री खीरसागर नायक
(जोन कमिश्नर)
जोन क्रमांक 5
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

---

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर, (जोन क्र. 5)**
**ईदगाह भाठा, नवीन पानी टंकी परिसर, रायपुर**
**Email ID -rmczone5@gmail.com**

पत्र क्र./22738/न.पा.नि./जोन क्र.- 5/2025
रायपुर, दिनांक 18.07.2025

**इश्तिहार**

**नामांतरण प्र. क्र. 22738**

वार्ड का नाम -42-मंहत लक्ष्मीनारायण दास वार्ड

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 42 स्थित भवन / भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई. डी. RPR561E00121 जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती MEERA BAI GAJWANI पिता/पति श्री/श्रीमती LATE. RAJAL DAS GAJWANI के नाम से दर्ज है जिसको श्री/ श्रीमती जय कुमार गजवानी पिता/पति श्री/श्रीमती स्व.राजलदास गजवानी ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह. पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/पंजीकृत दानपत्र /वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति / संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 30 दिन भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/ प्रस्तुत करे। निर्धारित समयावधि पश्चात् प्राप्त दावा/ आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

श्री खीरसागर नायक
(जोन कमिश्नर)
जोन क्रमांक 5
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

---

# कृषि यंत्रों से आसान हुई खेती

**प्रतिदिन राजधानी, रायपुर**

छत्तीसगढ़ शासन की किसान हितैषी योजनाओं एवं यांत्रिकीकरण को बढ़ावा देने से खेती–किसानी अब सुविधाजनक हो गई है। शासन की कृषि यांत्रिकीकरण सब–मिशन योजना के अंतर्गत किसानों को आधुनिक कृषि यंत्र खरीदने के लिए वृहद पैमाने पर अनुदान दिया जा रहा है। इस योजना के तहत राजनांदगांव जिले के डोंगरगांव ब्लॉक ग्राम केसला के किसान श्री चोहलदास साहू को धान पैडी ट्रान्सप्लांटर मशीन के लिए 4 लाख 10 हजार रूपए का अनुदान मिला है। कृषक श्री साहू ने बताया कि मशीन की कुल कीमत 9 लाख रूपए है।



पैडी ट्रान्सप्लांटर से रोपा लगाने का काम काफी तेज, आसान और सटीक हो गया है। इससे श्रम और समय दोनों की बचत हो रही है। इसकी मदद से एक दिन में 4 एकड़ भूमि में रोपा लगाया जा सकता है, जिससे खेती का काम पहले की तुलना में काफी तेज हो गया है। इसके उपयोग से फसल की बुवाई में पौधों की दूरी संतुलित रहती है, जिससे बीमारियां कम होती हैं और फसल का विकास बेहतर होता है। श्रमिकों पर निर्भरता भी घटी है और कृषि लागत में कमी आई है। मशीन से रोपा लगाने पर प्रति एकड़ 31 क्विंटल तक धान उत्पादन होता है। कृषक श्री साहू ने बताया कि पैडी ट्रान्सप्लांटर से धान की रोपाई के साथ–साथ अन्य किसानों की जमीन पर भी किराए से रोपा लगाने का कार्य कर रहे हैं। प्रति एकड़ 3,500 रूपए की दर से लगभग 40 एकड़ भूमि पर रोपा लगाने से उन्हें करीब 1 लाख 20 हजार रूपए की अतिरिक्त आय भी हुई है।

शासन की कृषि यांत्रिकीकरण सब–मिशन योजना के तहत किसानों को अनुदान सहायता पर ट्रैक्टर, थ्रेसर, हार्वेस्टर, ड्रोन, स्प्रेयर, सीड ड्रिल, मल्चर जैसे आधुनिक कृषि प्रदान किए जा रहे है, जिससे कृषि के क्षेत्र में आसानी और उत्पादकता में वृद्धि हुई है। राजनांदगांव जिले में वर्ष 2024–25 में शासन द्वारा किसानों को कृषि यंत्र खरीदने हेतु कुल 3.31 करोड़ रूपए का अनुदान दिया गया है। शासन की इन योजनाओं से किसान अब परंपरागत खेती से आगे बढ़कर तकनीक आधारित आधुनिक खेती की ओर बढ़ रहे हैं, जिससे उनकी आमदनी बढ़ रही है और खेती का काम सरल होता जा रहा है।

---

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर छ.ग.**
**राजस्व मामले की नोटिस प्रकाशन**
रा.मा.क्र./202503110800063
अ-6/2024-25 रायपुर,दिनांक 17/07/2025

प्रति,
01. मनीष कुमार राठौड पिता जेठा भाई राठौड,
02. श्रीमती दीप्ति राठौड पति मनीष राठौड दोनों निवासी म.नं. 439, स्टेशन रोड, विजय सोप गली फाफाडीह रायपुर (छ.ग.)

इस नोटिस के जरिये आपको सूचना दी जाती है कि, आवेदिकागण 01. श्रीमती अर्चना बिश्वाल पति श्री निहार रंजन लेका निवासी जी.एल. 86. वी.एस.एस. नगर भुवनेश्वर शहीद नगर खोर्दा ओडिसा 02. निहार रंजन लेका पिता श्री रत्नाकर लेंका निवासी मलाससन कट्टाक ओडिसा द्वारा इस न्यायालय में छ.ग.भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा-110 के तहत आवेदन प्रस्तुत किया है कि, ग्राम लाभांडी, प.ह.नं. 65. तहसील व जिला रायपुर स्थित दो मंजिला भवन, भूखण्ड क्रमांक 103, खसरा नंबर 15027/9 (पुराना खसरा नंबर 149, 150/2 का भाग), रकबा 0.0104हे. याने 1125 वर्गफुट भूमि को आवेदिकागण द्वारा विक्रेतागण 01. मनीष कुमार राठौड पिता जेठा भाई राठौड, 02. श्रीमती दीप्ति राठौड पति मनीष राठौड दोनों निवासी म.नं. 439, स्टेशन रोड, विजय सोप गली फाफाडीह रायपुर से पंजीकृत विक्रय विलेख दिनांक 19/04/2024 के माध्यम से क्र य किया गया है। उक्त भूमि को पंजीकृत विक्रय विलेख के आधार पर विक्रेतागण 01. मनीष कुमार राठौड पिता जेठा भाई राठीड, 02. श्रीमती दीप्ति राठौड पति मनीष राठौड का नाम विलोपित कर आवेदिकागण अपने नाम पर नामांतरण दर्ज किये जाने निवेदन किये है। उक्त प्रकरण में आप हितबद्ध पक्षकार है।

अतः आप उक्त प्रकरण में पेशी दिनांक 24/07/2025 को अनिवार्य रूप से उपस्थित होकर दस्तावेज सहित अपना पक्ष रखे अन्यथा आपके विरुद्ध एकपक्षीय कार्यवाही की जावेगी।

मुहर

**अतिरिक्त तहसीलदार**
**रायपुर**

---

**न्यायालय तहसीलदार रायपुर, तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.)**
**// ईश्तहार //**

ई. क्र. / /अ-6/वर्ष 2025
रायपुर, दिनांक 08/07/2025
ग्राम-पंडरीतराई, प.ह.नं. 47,
तहसील व जिला रायपुर छ.ग..

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है आवेदक अजय अमरानी पिता स्व. टेकचंद अमरानी निवासी सफायर ग्रीन कालोनी, आमासिवनी, रायपुर छ.ग. द्वारा इस न्यायालय में धारा-110 छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 के अंतर्गत् नामांतरण बाबत् आवेदन पत्र पेश कर लेख किया है कि आवेदक की माता श्रीमती मणी बाई यादव पति जगराम यादव द्वारा ग्राम पंडरीतराई प.ह.नं. 47, तहसील व जिला रायपुर स्थित भूमि भूखंड कमांक-सी-14/4, खसरा नंबर-96/6-10 एवं खसरा नंबर-98/7 का भाग रकबा 2400 वर्गफुट भूमि को आवेदक के पिता टेकचंद अमरानी ने विकेता रायपुर विकास प्राधिकरण रायपुर से पंजीकृत हस्तांतरण विलेख दिनांक 17/12/2014 के माध्यम फी होल्ड करा लिया गया है। आवेदक के पिता स्व. साधराम की मृत्यु दिनांक 03/01/2025 को हो चुकी है। आवेदक के पिता ने अपने स्वअर्जित वर्णित संपत्ति को पंजीकृत वसीयतनामा दिनांक 28/06/2022 को निष्पादित कर उक्त संपत्ति को आवेदक अजय अमरानी पिता स्व. टेकचंद अमरानी को वसीय प्रदान किया है। आवेदक द्वारा पंजीकृत वसीयतनामा के आधार पर आवेदन अपना नाम किय जाने हेतु निवेदन किया गया है।

अतएव जिस किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वे स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से अपनी लिखित आपत्ति दिनांक 31/07/2025 को इस न्यायालय में पेश करें। नियत समयावधि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 08/07/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से पुरी किया गया ।

मुहर

तहसीलदार
रायपुर (छ.ग.)

---

**कार्यालय संपदा अधिकारी, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र -03, सेजबहार, रायपुर (छ.ग.)**
**फोन नं. - 0771-2991574**
**email ID-eocghbzone03@gmail.com**

**आम-सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा कॉलोनी पुरैना, जिला रायपुर में निर्मित विशेष आवासीय योजनांतर्गत भवन क्रमांक-एच.आई.जी डीलक्स डुपलेक्स-18, माननीय श्री सत्यानंद राठिया पिता श्री भोजराम राठिया के नाम पर स्ववित्तीय आधार पर आबंटित किया गया है। आबंटी द्वारा उक्त भवन का पूर्ण राशि जमा कर अपने पक्ष में दिनांक 09.12.2010 को लीजडीड निष्पादित कर इस कार्यालय पत्र क्रमांक 477 दिनांक 31.01.2012 को आधिपत्य आदेश प्राप्त किया जा चुका है। आबंटी श्री सत्यानंद राठिया पिता श्री भोजराम राठिया द्वारा इस कार्यालय के पत्र क्रमांक 2775 दिनांक 03.07.25 को विक्रय अनुमति प्राप्त कर उक्त मकान श्री जय प्रकाश साय पिता श्री राम प्रसाद साय को दिनांक 04.07.25 विक्रय कर दिया गया। आबंटी श्री जय प्रकाश साय पिता श्री राम प्रसाद साय पता- ग्राम-बगिया, बंदरचुवॉ जिला- जशपुर छ.ग. द्वारा उक्त भवन को अपने नाम पर नामांतरण करने हेतु आवेदन पत्र, शपथ पत्र एवं आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत किया गया है।

अतः किसी भी व्यक्ति, शासकीय/अर्धशासकीय संस्था, निकाय, बैंक अथवा वित्तीय संस्था इत्यादि को उक्त भवन का नामांतरण हेतु श्री जय प्रकाश साय पिता श्री राम प्रसाद साय, ग्राम-बगिया, बंदरचुवॉ जिला जशपुर छ.ग. के नाम पर नामांतरण किये जाने में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस कार्यालय में स्वयं उपस्थित होकर लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित इस आम सूचना प्रकाशन के 07 दिवस के अन्दर आपत्ति प्रस्तुत करें, अन्यथा नियत समयावधि पश्चात् आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी।

संपदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,
प्रक्षेत्र-03, सेजबहार, रायपुर (छ.ग.)

---

**कार्यालय संपदा अधिकारी, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र -03, सेजबहार, रायपुर (छ.ग.)**
**फोन नं. - 0771-2991574**
**email ID-eocghbzone03@gmail.com**

**आम-सूचना**

सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है कि सरदार वल्लभ भाई पटेल, थोक बाजार, डुमरतराई, रायपुर में स्थित दुकान क्र. सी-122, श्री राकेश बजाज पिता श्री सांवलदास बजाज के नाम पर इस कार्यालय के नामांतरण आदेश क्रमांक 61 दिनांक 09.02.2023 द्वारा नामांतरित किया गया है। नामांतरि उक्त दुकान को क्रेता 1. श्रीमती पूजा छाबड़ा पति श्री विनोद छाबड़ा, 2. सुश्री मुस्कान छाबड़ा पिता श्री विनोद छाबड़ा, दोनों निवासी मकान नम्बर-04, सेंट जोसेफ कॉलोनी, प्रेम प्रोविजन स्टोर्स के पास, अमलीडीह, रायपुर (छ.ग.) के पक्ष में विक्रय किये जाने हेतु आवेदन पत्र, विक्रय इकरारनामा एवं अन्य दस्तावेज प्रस्तुत किया गया है।

अतः उक्त दुकान के विक्रय के संबंध में किसी व्यक्ति शासकीय व अर्द्धशासकीय संस्था, निकाय, बैंक, अथवा वित्तीय संस्था, को कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर लिखित आपत्ति मय दस्तावेज अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त होने वाली आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

संपदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,
संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-03,
रायपुर (छ.ग.)

---

# शपथ पत्र

मै शपथकर्ता यशवंत प्रधान पिता संतलाल प्रधान, निवासी-पी.ओ. अमंगी जदमुदा महासमुंद तह. व जिला-महासमुंद छ.ग. का रहने वाला हूँ जो कि निम्न कथन शपथपूर्वक करता हूँ कि :-

1) यह कि मेरा नाम व पता उपरोक्तानुसार है जो कि सत्य व सही है।

2) यह कि मुझ शपथकर्ता के पुत्री यसिका प्रधान का जन्म दिनांक 22/02/2021 को है। जिसमें मेरी पुत्री का नाम गलतीपूर्वक यसिका प्रधान अलिअस कुलकृति प्रधान दर्ज अंकित है जो कि मेरी पुत्री का गलत नाम दर्ज है।

3) यह कि मेरी पुत्री का सही नाम यशिका प्रधान ( YASHIKA PRADHAN ALIAS KULKRITI PRADHAN) है जो कि सही नाम है।

4) यह कि मेरी पुत्री के जन्म प्रमाण पत्र में दर्ज नाम यशिका प्रधान अलिअस कुलकृति (YASHIKA PRADHAN ALIAS KULKRITI PRADHAN) को विलोपित कर मेरी पुत्री का सही नाम यशिका प्रधान (YASHIKA PRADHAN) दर्ज अंकित किया जावे। जिसके समर्थन में महोदय के समक्ष यह शपथ पत्र पेश है।

सत्यापन -
मैं शपथकर्ता यह सत्यापित करता हूँ कि शपथ पत्र कि कंडिका 01 से 04 तक की सभी बातें सत्य व सही है।

शपथ कर्ता
मुहर यशवंत प्रधान

---

# राष्ट्रीय किकबॉक्सिंग प्रतियोगिता का भव्य शुभारंभ

## बलबीर सिंह जुनेजा इंडोर स्टेडियम में 20 जुलाई तक चलेगा टूर्नामेंट

**प्रतिदिन राजधानी, रायपुर**



राष्ट्रीय किकबॉक्सिंग प्रतियोगिता 2025 का शुभारंभ बलबीर सिंह जुनेजा इंडोर स्टेडियम में हुआ। प्रतियोगिता का आयोजन वाको इंडिया किकबॉक्सिंग फेडरेशन के मार्गदर्शन में और छत्तीसगढ़ किकबॉक्सिंग एसोसिएशन की ओर से किया जा रहा है। प्रतियोगिता 16 से 20 जुलाई तक आयोजित है, जिसमें देशभर से सैकड़ों खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। उद्घाटन समारोह में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंहदेव, संगठन मंत्री पवन साय, खेल मंत्री टंकराम वर्मा, छत्तीसगढ़ किकबॉक्सिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष छगन लाल मुंदड़ा, वाको इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष संतोष कुमार अग्रवाल सहित अनेक राष्ट्रीय व राज्य स्तरीय खेल पदाधिकारी व अतिथि उपस्थित रहे। शुभारंभ के बाद पुलिस बैंड की धुन पर खिलाड़ियों ने मार्चपास्ट प्रस्तुत किया। रेफरी, कोच और खिलाड़ियों ने खेलभावना के साथ खेलने व खिलाने की शपथ ली।

**खिलाड़ियों के बीच मुकाबले सुबह 10 बजे से**

मुख्य अतिथि किरण सिंहदेव व टंकराम वर्मा ने अपने ओजस्वी भाषणों के माध्यम से खिलाड़ियों में जोश और उत्साह का संचार किया। मंचासीन सभी अतिथियों ने खिलाड़ियों को निष्ठा, अनुशासन और समर्पण के साथ प्रदर्शन करने की प्रेरणा दी। इसके बाद राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का औपचारिक समापन हुआ। कार्यकारी अध्यक्ष तारकेश मिश्रा व महासचिव आकाश गुरुदीवान ने बताया कि प्रतियोगिता के पहले दिन म्यूजिकल फॉर्म्स एवं पॉइंट फाइटिंग इवेंट के क्वालिफिकेशन मुकाबले खेले जा रहे हैं। सभी राज्यों से आए प्रतिभागी खिलाड़ियों के बीच मुकाबले प्रतिदिन सुबह 10 बजे से शुरू होंगे।

---

# व्यक्ति चाहे अच्छा कर्म करे या बुरा उसे उसका फल अवश्य ही भोगना पड़ता है -राजेश्री महन्त जी

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य गौ सेवा आयोग के पूर्व अध्यक्ष राजेश्री महन्त रामसुन्दर दास जी महाराज ग्राम मोपका (भाटापारा) के वैष्णव परिवार में आयोजित श्रीमद् भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ में सम्मिलित हुए। आयोजक परिवार के द्वारा राजेश्री महन्त जी महाराज का रामनाम संकीर्तन के साथ आत्मीयता पूर्वक स्वागत किया गया। उन्होंने ब्यास मंच पर पहुंच कर वृंदावन से पधारे हुए भागवताचार्य पंडित रामदेव चतुर्वेदी जी महाराज का शाल, श्रीफल से सम्मान किया। आचार्य जी ने भी पुष्पमाला, साल एवं श्रीफल भेंट करके महाराज जी का अभिवादन किया। इस अवसर पर अपने आशीर्वचन संदेश में राजेश्री महन्त जी महाराज ने कहा कि– मनुष्य चाहे अच्छा कम करें या बुरा उसे उसका फल अवश्य ही भोगना पड़ता है इसलिए हमें अपने जीवन में निरंतर अच्छे से अच्छा कर्म ही करना चाहिए। कार्यक्रम के आयोजन संतोष वैष्णव जी ने अपनी माताजी की स्मृति में यह श्रीमद् भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ आयोजित किया है वे बधाई के पात्र हैं। संतान अपनी माता–पिता के आशीर्वाद से ही फलते– फूलते हैं। कहा भी गया है कि – बाढ़हीं पुत्र मातु–पिता के धर्मा। आचार्य चतुर्वेदी जी ने श्रोताओं से कहा कि आप लोगों ने जो पुण्य किया उसका फल है आपको भागवत की कथा सुनने को मिला और भागवत कथा सुनने से जो पुण्य मिला उसका फल यह है कि महाराज जी का दर्शन मिला। यह आयोजन पूरा सफल हुआ।

---

**कार्यालय संयुक्त संचालक एवं अधीक्षक**
**भारत रत्न. स्व. श्री अटल बिहारी वाजपेयी स्मृति शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय सम्बद्ध चिकित्सालय, राजनांदगांव (छ.ग.)**

5578 16/07/2025

**॥ निविदा आमंत्रण सूचना ॥**

भारत रत्न. स्व. श्री अटल बिहारी वाजपेयी स्मृति शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय संबद्ध चिकित्सालय राजनांदगांव में में स्थापित ऑक्सीजन प्लांट 960 एल.पी.एम. के सी.एम.सी. (एक वर्ष) हेतु वर्ष 2025-26 में खुली निविदा आंमत्रित किया जाना है। मुहरबंद निविदायें पंजीकृत डाक / स्पीड पोस्ट के माध्यम से उल्लेखित तिथि अनुसार आमंत्रित किया जाता है, जिसका नियम / शर्तों का अवलोकन कार्यालयीन दिवस पर प्रातः 10.00 बजे से शाम 05:30 बजे तक भारत रत्न. स्व. श्री अटल बिहारी वाजपेयी स्मृति शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय संबद्ध चिकित्सालय राजनांदगांव (छ.ग.) के मुख्य भण्डार कक्ष से किया जा सकता है।

01. निविदा प्रपत्र मुल्य : रू. 1000/- (वापसी अयोग्य)।
02. निविदा प्रपत्र विकय की प्रारंभिक तिथि : 21/07/2025 सुबह 10.00 बजे से।
03. निविदा प्रपत्र विक्रय की अंतिम तिथि : 11/08/2025 अपरान्ह 02.00 बजे तक।
04. निविदा प्रपत्र जमा करने की अंतिम तिथि : 11/08/2025 अपरान्ह 03:00 बजे तक।
05. निविदा खोले जाने की तिथि : 11/08/2025 सायं 04:00 बजे।

भारत रत्न. स्व. श्री अटल बिहारी वाजपेयी स्मृति शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय संबद्ध चिकित्सालय राजनांदगांव के कक्ष क्रमांक - 26 में।

संयुक्त संचालक एंव अधीक्षक
भारत रत्न. स्व. श्री अटल बिहारी वाजपेयी स्मृति
शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय संबद्ध चिकित्सालय
राजनांदगांव (छ.ग.)

G-252602274/3

# भूपेश बघेल ने सरकार से धान खरीदी और नीलामी को लेकर मांगा जवाब

## इस साल कुल 2,25,000 मीट्रिक टन धान की खरीदी की गई



**रायपुर ( प्रतिदिन राजधानी )**

छत्तीसगढ़ विधानसभा के मानसून सत्र के अंतिम दिन शुक्रवार को सदन में सदन में धान खरीदी को लेकर तीखी बहस हुई। पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस विधायक भूपेश बघेल ने सरकार से सवाल पूछते हुए कहा कि धान केंद्रों से उठा लिया गया है, तो अब धान है कहां? उन्होंने पूछा कि कुल कितनी नीलामी हुई और एफसीआई व नान को कितना स्टॉक मिला है? छत्तीसगढ़ कन्वेंशन सेंटर

इस पर कृषि मंत्री दयालदास बघेल ने जवाब देते हुए कहा कि बालोद विधानसभा क्षेत्र में इस साल कुल 2,25,000 मीट्रिक टन धान की खरीदी की गई थी। इसमें से 1,79,700 मीट्रिक टन धान राइस मिलर्स को भेजा गया और केवल 51,691 मीट्रिक टन धान ही अब तक संग्रहण केंद्रों में है। भूपेश बघेल ने कहा कि जब मिलर्स को 1,59,000 मीट्रिक टन धान दे दिया गया और संग्रहण केंद्रों में 51,000 मीट्रिक टन धान है, तो फिर सरकार ने बाकी स्टॉक का क्या किया?

मंत्री ने कहा कि लगभग 1,000 मीट्रिक टन धान खरीदी केंद्र में पड़ा है जबकि बाकी का स्टॉक पहले से ही निर्धारित केंद्रों को भेजा जा चुका है। उन्होंने जोर देकर कहा कि सभी प्रक्रिया पूरी पारदर्शिता से नियमों के तहत की गई है।

**109 ध्यानाकर्षण से भरेगा सदन का माहौल**

आज सदन में कुल 109 ध्यानाकर्षण प्रस्ताव प्रस्तुत किए जाएंगे, जिनमें विभिन्न विभागों और जनहित के मुद्दे उठाए जाएंगे। खासकर तेंदूपत्ता संग्रहण , जल संकट, ग्रामीण सड़कें और किसानों की समस्याओं जैसे मुद्दों पर विधायक ध्यान आकर्षित करेंगे।

**बोरे-बासी और उर्वरक पर उठेगा सवाल**

## छत्तीसगढ़ विधानसभा का मानसून सत्र



### हसदेव अरण्य में पेड़ कटाई पर गरमाई विधानसभा, लगाए गंभीर आरोप

**रायपुर ( प्रतिदिन राजधानी )**

छत्तीसगढ़ विधानसभा के मानसून सत्र के अंतिम दिन शून्यकाल के दौरान हसदेव अरण्य में पेड़ों की कटाई और खनन के मुद्दे पर विपक्ष ने सरकार को घेरते हुए तीखी प्रतिक्रिया दी। नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल सहित कांग्रेस के कई विधायकों ने इस मुद्दे पर स्थगन प्रस्ताव लाकर चर्चा की मांग की।

डॉ. महंत ने आरोप लगाया कि हसदेव अरण्य क्षेत्र में ग्राम सभा की अनुमति के बिना ही कोयला खनन शुरू कर जंगलों को उजाड़ा जा रहा है। उन्होंने कहा कि तमनार और गारे-पालमा क्षेत्र में खनन के चलते फसलें रौंदी जा रही हैं और आदिवासी समुदाय प्रभावित हो रहा है। एनजीटी की आपत्तियों के बावजूद काम जारी है।

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने सरकार पर वन अधिकार कानून, पेसा कानून और विधानसभा में पारित संकल्पों के उल्लंघन का आरोप लगाते हुए कहा कि तमनार क्षेत्र में एक उद्योगपति के पक्ष में शासन-प्रशासन पूरी तरह खड़ा नजर आ रहा है। उन्होंने कहा, आज एक पेड़ मां के नाम और सारा जंगल बाप के नाम कर दिया गया है। यह बेहद गंभीर मामला है और इस पर तत्काल चर्चा होनी चाहिए। कांग्रेस विधायक उमेश पटेल ने तमनार में फर्जी तरीकों से खनन कार्य किए जाने का आरोप लगाया, जबकि विधायक विद्यावती सिदार ने खुद को विरोध के चलते पुलिस द्वारा हिरासत में लिए जाने की बात कही। उन्होंने कहा कि भाजपा एक तरफ पर्यावरण के नाम पर अभियान चला रही है, वहीं दूसरी ओर जंगलों की अंधाधुंध कटाई कर रही है।

विधायक लालजीत राठिया, द्वारिका यादव, विक्रम उसेंडी, रामकुमार यादव, अनिला भेंड़िया, संगीता सिन्हा और देवेंद्र यादव सहित कई कांग्रेस विधायकों ने भी पेड़ कटाई और स्थानीय आदिवासियों के विस्थापन के मुद्दे पर सरकार की आलोचना की। उन्होंने प्रशासन पर उद्योगपतियों के साथ मिलीभगत का आरोप लगाते हुए कहा कि जंगल के नाम पर मूल निवासियों के अधिकार छीने जा रहे हैं।

विपक्ष की मांग थी कि पेड़ कटाई और खनन को लेकर चल रहे सभी कार्यों पर तत्काल रोक लगाई जाए ।

## बोरे बासी घोटाले पर बड़ा एक्शन- सरकार ने जांच कराने का निर्णय लिया, दोषियों पर होगी कार्रवाई



छत्तीसगढ़ विधानसभा के मानसून सत्र का आज अंतिम दिन है। मानसून सत्र के अंतिम दिन की कार्रवाई शुरू होने से पहले पूर्व सीएम भूपेश बघेल के घर श्वष्ठ की टीम ने दबिश दी और कुछ घंटो की कार्रवाई के बाद उनके बेटे चैतन्य बघेल को गिरफ्तार कर लिया। इसके बाद जब सदन की कार्रवाई शुरू हुई तो विपक्ष ने अलग-अलग मुद्दों पर जमकर हंगामा किया। विपक्ष के विधायकों ने धान उठाव समेत अन्य कई मुद्दों में सदन में जमकर हंगामा किया। वहीं अब सदन की कार्यवाही से जुड़ी एक और बड़ी खबर निकलकर सामने आ रही है। दरअसल, भाजपा विधायक राजेश मूणत ने ध्यानाकर्षण के दौरान सदन में भूपेश सरकार के दौरान साइंस कॉलेज मैदान पर बोरे बासी आयोजन की जांच की मांग की। विधायक मूणत ने ध्यानाकर्षण में गड़बड़ी करने वाले पर कार्यवाही की मांग की। वहीं विधायक अजय चंद्राकर ने भी सदन की समिति से जांच की मांग की।

दोनों विधायकों की मांग के बाद मंत्री लखनलाल देवांगन ने विभागीय समिति से जांच की घोषणा की थी, लेकिन दोनों विधायक इस घोषणा से असंतुष्ट नजर आए। दोनों विधायकों ने कहा कि, जिस विभाग ने गड़बड़ी की, वो क्या जांच करेगी। इसके दोनों विधायकों ने विधायक दल की जांच समिति से जांच करवाने की मांग की। विधायकों की मंत्री लखनलाल देवांगन ने विधायक दल की जांच समिति से पूरे मामले की जांच करवाने की घोषणा विधानसभा में की है।

## 18 दुकानों को छोटा सब्जी बाजार खमतराई में शिफ्ट किया

**रायपुर ( प्रतिदिन राजधानी )**



आज रायपुर नगर पालिक निगम के आयुक्त विश्वदीप के निर्देश पर जोन 1 जोन कमिश्नर डॉक्टर दिव्या चंद्रवंशी एवं कार्यपालन अभियंता डी. के. पैकरा सहित अन्य सम्बंधित जोन 1 अधिकारियों की उपस्थिति में जोन 1 अंतर्गत खमतराई बाजार में अभियान चलाकर मार्ग के दूसरे ओर 18 दुकानों को खमतराई बाजार से छोटा सब्जी बाजार खमतराई में शिफ्ट किया गया. खमतराई बाजार से मछली दुकानों को निर्धारित चिन्हित स्थान पर शिफ्ट करने अभियान के अंतर्गत पुलिस थाना बल की उपस्थिति में कार्यवाही की गयी. अभियान के दौरान स्थल पर नगर निगम जोन 1 जोन अध्यक्ष गज्जू साहू की उपस्थिति रही.

## भूपेश बघेल के आरोपों पर डिप्टी सीएम विजय शर्मा का पलटवार

**रायपुर ( प्रतिदिन राजधानी )**

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा प्रवर्तन निदेशालय (ED) की कार्रवाई पर दिए गए बयानों पर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री एवं गृह मंत्री विजय शर्मा ने तीखा पलटवार किया है। उन्होंने कहा कि ईडी एक स्वतंत्र केंद्रीय संस्था है, जो पूर्ववर्ती सरकार के कार्यकाल में हुए भ्रष्टाचार की जांच कर रही है।



विधानसभा सत्र के अंतिम दिन मीडिया से चर्चा करते हुए विजय शर्मा ने कहा- ईडी की अपनी जांच प्रक्रिया है। शराब घोटाला यहीं छत्तीसगढ़ में हुआ था, और उसका मॉडल दिल्ली, झारखंड जैसे राज्यों में भी पहुंचा। हमें जानकारी है कि मामला गंभीर है, इसलिए ईडी जांच कर रही है।भूपेश बघेल के ईडी और चुनाव आयोग को लेकर दिए गए बयानों पर प्रतिक्रिया देते हुए विजय शर्मा ने कहा- देश की संवैधानिक संस्थाओं पर इस तरह की टिप्पणी करना गलत है। इससे देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था कमजोर होती है। उन्हें वो दिन याद करना चाहिए जब 1975 में आपातकाल लगाया गया था, या जब चुनाव आयोग को कोई नहीं जानता था। आज वही चुनाव आयोग पूरी संवैधानिक गरिमा के साथ काम कर रहा है।

विधानसभा में विपक्ष द्वारा शराब घोटाले का मुद्दा उठाने पर उप मुख्यमंत्री ने कहा- विष्णुदेव सरकार में विपक्ष अगर कोई भी तार्किक मुद्दा उठाता है, तो उसका स्वागत किया जाएगा। हम लोकतांत्रिक तरीके से चर्चा को तैयार हैं।

## युवाओं के लिए सही मार्गदर्शन, तकनीकी सहायता और नीति- निर्माण की आवश्यकता है लोकसभा अध्यक्ष

**रायपुर ( प्रतिदिन राजधानी )**

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने आज इस बात पर जोर दिया कि 2047 तक विकसित भारत की यात्रा में भारतीय युवाओं के लिए सही मार्गदर्शन, तकनीकी सहायता और नीति-निर्माण की आवश्यकता है। इस संबंध में लोकसभा अध्यक्ष ने समाज और राष्ट्र के समग्र विकास में सामाजिक संगठनों की भूमिका को अत्यंत महत्वपूर्ण बताया। बिरला ने कहा कि ×(अंतिम व्यक्ति का उत्थान) की भावना को साकार करना और यह सुनिश्चित करना एक साझा ज़िम्मेदारी है कि समाज का कोई भी व्यक्ति प्रगति की दौड़ में पीछे न छूटे। उन्होंने यह भी कहा कि इस संबंध में जैन समुदाय के प्रयास प्रेरणादायक और अनुकरणीय हैं। बिरला ने कहा कि भारत के युवा न केवल संख्या में, बल्कि दृढ़ संकल्प के संदर्भ में भी विशाल हैं। उनमें बदलाव का जुनून, भविष्य को आकार देने की क्षमता और राष्ट्र निर्माण का उत्साह है। उन्होंने कहा कि युवा केवल रोजगार चाहने वाले नहीं, बल्कि रोजगार देने वाले भी बन रहे हैं। उन्होंने कहा कि स्टार्ट-अप इंडिया, स्किल इंडिया, मेक इन इंडिया और ग्रीन एनर्जी मिशन जैसे अभियानों ने उनकी ऊर्जा को सकारात्मक दिशा दी है। बिरला ने आज गुरुग्राम में जैन अंतरराष्ट्रीय व्यापार संगठन सम्मेलन को संबोधित करते हुए ये बातें कहीं। बिरला ने कहा कि जेआईटीओ केवल व्यापार और व्यवसाय के लिए एक सामुदायिक संगठन नहीं है, बल्कि एक ऐसी संस्था है जहां व्यापार, नवाचार, जैन सिद्धांत, जैन विचार, जैन संतों की शिक्षाएं और भगवान महावीर के दर्शन एक साथ मौजूद हैं। उन्होंने यह भी कहा कि जेआईटीओ एक ऐसा मंच है जहां नई तकनीक, विचार और नवाचार साझा किए जाते हैं।

## 2047 तक विकसित राज्य छत्तीसगढ़ का नारा भाजपा द्वारा जनता को भ्रमित करना है-गोपाल साहू, प्रदेश अध्यक्ष

**रायपुर ( प्रतिदिन राजधानी )**

2047 तक विकसित छत्तीसगढ़ भाजपा का राजनीतिक सपना, हालात से ध्यान भटकाने का खेल - सूरज उपाध्याय, प्रदेश महासचिव (मीडिया, सोशल मीडिया प्रभारी, मुख्य प्रवक्ता )आम आदमी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष गोपाल साहू ने छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार द्वारा 2047 तक विकसित राज्य छत्तीसगढ़ के नारे पर चुटकी लेते हुए कहा है कि भाजपा सरकार महज जनता को भ्रमित कर रही है वर्तमान परिस्थितियों की बजाय 22 साल बाद का जनता को सपना दिखाया जा रहा है। जिस 2047 का जनता को सपना दिखाया जा रहा है उसमें आज की जनता से आधी आबादी तो जिंदा ही नहीं बचेंगे! यह वास्तविकता में कई कारणों से एक भ्रम या आकर्षक राजनीतिक सपना माना जा सकता है। उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ की प्रति व्यक्ति आय राष्ट्रीय औसत से कम है। ग्रामीण क्षेत्रों में गरीबी की दर अभी भी 30त्न से अधिक है। सरकारी स्कूलों में शिक्षकों की भारी कमी, युक्तियुक्तकरण जैसी नीतियों से हालात और



बिगड़े। डॉक्टरों, दवाइयों और संसाधनों की भारी कमी। क्व।ष्ट और ष्ट।ष्ट में बुनियादी सुविधाएं नहीं। युवाओं में बेरोजगारी दर लगातार बढ़ रही है।

प्रदेश महासचिव (सोशल मीडिया, मीडिया प्रभारी),मुख्य प्रवक्ता सूरज उपाध्याय ने कहा कि प्रदेश के वित्त मंत्री ओ पी चौधरी जो इतने विद्वान नेता हैं उन्हें याद दिला दूँ कि उच्च प्रति व्यक्ति आय,मजबूत औद्योगिक और कृषि आधार,गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और स्वास्थ्य,बेहतर बुनियादी ढांचा (सड़क, बिजली, इंटरनेट),न्यूनतम गरीबी और बेरोजगारी आदि विकसित राज्य के प्रमुख मानक होते हैं, छत्तीसगढ़ इनमें से कई मानकों से बहुत पीछे है।

प्रदेश मीडिया प्रभारी मिहिर कुर्मी और प्रदेश उपाध्यक्ष नंदन सिंह ने कहा कि छत्तीसगढ़ देश का खनिज हब है, लेकिन स्थानीय लोग अब भी गरीब हैं। औद्योगिकीकरण से विस्थापन और प्रदूषण- उद्योग लगे, लेकिन स्थानीय लोगों को रोजगार नहीं, बल्कि विस्थापन और जंगलों की कटाई बढ़ी। शराब घोटाला, राशन घोटाला, स्वास्थ्य योजनाओं में भ्रष्टाचार जैसी घटनाएं आम हैं। सरकार बदलने पर योजनाएं बदल जाती हैं।

विकास मॉडल आदिवासी समाज को हाशिए पर धकेल रहा है, इसलिए यह 2047 का सपना भ्रम है!

रायपुर लोकसभा अध्यक्ष अज़ीम खान, महासचिव प्रदुमन शर्मा ने कहा कि किसी भी राज्य के असली विकास के लिए स्थानीय संसाधनों का लाभ जनता को मिले,गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और स्वास्थ्य पर निवेश हो,पारदर्शी प्रशासन और भ्रष्टाचार पर रोक रहे,स्थानीय रोजगार सृजन हो और पर्यावरण संतुलन के साथ उद्योग नीति का भी कारगर होना विकसित राज्य का पैमाना होता है।

## निगम जोन 7 ने रामसागरपारा में गोपाल धामेजा द्वारा अनुमति विपरीत किये गए निर्माण को तोड़ा





**प्रतिदिन राजधानी,रायपुर**

-फ्रंट एमओएस में निर्मित लगभग 300 वर्गफीट निर्माण को तोडा गया आज नगर पालिक निगम रायपुर के आयुक्त श्री विश्वदीप के निर्देश पर नगर निगम जोन 7 नगर निवेश विभाग द्वारा जोन क्षेत्र अंतर्गत तात्यापारा वार्ड क्रमांक 36 के अंतर्गत रामसागरपारा क्षेत्र में नागरिक श्री गोपाल धामेजा द्वारा अनुमति के विपरीत किये गये निर्माण को नियमानुसार उन्हें नोटिस देने उपरांत अभियान चलाकर जोन 7 जोन कमिश्नर श्री राकेश शर्मा के निर्देश पर कार्यपालन अभियंता श्री ईश्वर लाल टावरे, नगर निवेश उप अभियंता सुश्री रूचिका मिश्रा की उपस्थिति में तोडा गया । जानकारी दी गई कि स्थल पर फ्रंट एमओएस में अनुमति के विपरीत निर्मित भाग में लगभग 300 वर्गफीट का निर्माण कार्यवाही के दौरान तोडा गया।

**मानसून और मच्छर**

### बारिश के बाद ठहरे हुए पानी में मच्छर जन्म लेने लगते हैं

# मानसून और मच्छर से बचाव को लेकर तैयारियां

**राम प्रसाद दुबे**

मानसून देश में जितना स्वागत योग्य होता है उतना ही कई बार प्रलय कारी और विनाशकारी होता है बारिश के बाद ठहरे हुए पानी में मच्छर जन्म लेने लगते हैं जो प्राणियों के लिए एक बड़ा खतरा बन चुका है मच्छर आकार में भले ही काफी छोटे दिखाई देते हैं परंतु इसके कारण हर साल मलेरिया और अन्य संक्रामक रोगों से कही जाने जाती है विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार मच्छर की वजह से दुनिया में प्रतिवर्ष लगभग 6 लाख के से अधिक लोगों की मौत हो जाती है देश में या विडंबना है की मच्छर से मृत्यु पर ना तो खबरें बनती है और ना ही एजेंडा बनाया जाता है आंकड़े बताते हैं की मनुष्य पर हमला करने वाले की सूची में मच्छर शामिल है इससे कई जानलेवा बीमारियां पर अपने लगी हैं वर्तमान संदर्भ की बात करें तो मौसमी बुखार का एक स्वरूप भी मच्छर के कारण सामने आ रहा है सांप 1 लाख कुत्ता काटने से 25 000 और बिच्छू काटने से 3000 लोगों की मौत के आंकड़े हमारे पास उपलब्ध है जाहिर सी बात है इस पर सरकारी गंभीर नहीं रही लेकिन आप गंभीरता बदलने की जरूरत है मच्छर किसी को सीधे तौर पर नहीं मारता लेकिन मच्छर के कारण मलेरिया डेंगू चिकनगुनिया जी का वायरस और पीला बुखार आदि संक्रामक रोग फैलने लगे हैं इन रोग से ग्रस्त लोगों की संख्या करोड़ों में है और लाखों की जान चली गई है छत्तीसगढ़ सहित भारत जैसे देश में घनी आबादी और उष्णकटिबंधीय जलवायु वाले होने के कारण मौसम का स्वभाव बदलता रहता है और हर साल मानसून में मच्छरों के लिए अनुकूल माहौल मिल जाता है नालियों में जल भराव सड़कों में जल भराव साफ



सफाई में कमी गमले में पानी सहित वातानुकूलित संसाधनों में मच्छरों को पनपना के लिए अवसर मिलते हैं भारत में मलेरिया और डेंगू सबसे अधिक जानलेवा साबित हो रहे हैं 2023 के आंकड़े बदलते हैं कि डेंगू से ही दो लाख मामले दर्ज किए गए इसमें कई लोगों की मौत हुई वही मलेरिया में भी हजारों मामले सामने आते हैं शहरीकरण अनियंत्रित विकास जलवायु परिवर्तन के चलते शहरी क्षेत्र में विशेषता और ठंडी वाले इलाकों में मलेरिया और डेंगू फैलने लगे हैं पिछले दिनों देश के पहाड़ी इलाकों में इस तरह के मामले देखने को मिले हैं स्वास्थ्य विभाग मच्छर के पनपना से रोकने के लिए नगर निगम द्वारा फाग गाड़ियां चलाई जाती है जो की बिल्कुल भी असर है हर साल जन जागरूकता अभियान चलाया जाता है लेकिन अभियान दीवारों में पोस्ट के रूप में अधिक दिखता है हकीकत में असर कम दिखाई पड़ता है जमीनी हकीकत यह है की इनको रोकने के लिए क्रियान्वयन बहुत सीमित और आसमान होता है बड़े शहरों में भी कई क्षेत्रों में नियंत्रण के कोई विशेष उपाय नहीं है हालांकि आप लोगों ने मच्छरों को रोकने के लिए घर की खिड़कियों पर जाली लगाने लगे हैं लेकिन वही दवाई दी जाती है ताकि मलेरिया रोके जा सके लेकिन उन दवाइयां का मानक स्तर कम होता है

साफ है कि मच्छर जनित रोग अब केवल स्वास्थ्य का मामला नहीं है बल्कि सामाजिक आर्थिक असमानता का भी संकेत देता है एक अनुमान के अनुसार भारतीय परिवार को डेंगू और मलेरिया से पीड़ित सदस्य के इलाज पर 10 से ?30000 तक खर्च करने पड़ते हैं यह खर्च निम्न मध्यम वर्गी और गरीब परिवारों के लिए अत्याधिक बोझ का कारण बनता है सरकार द्वारा दी जाने वाली सहायता और सेवाएं कई बार पर्याप्त नहीं होती है स्वास्थ्य केदो में भी मलेरिया को रोकने के लिए पर्याप्त संसाधन केउपलब्धता बनी रहती है इसके बावजूद मलेरिया फैल रहा है यह भी उल्लेखनीय है की जलवायु परिवर्तन के कारण मच्छरों के व्यवहार में और प्रजनन के तरीके में बदलाव आ रहा है जिन क्षेत्रों में तापमान कम होते हैं वहां पर मच्छर अधिक पनपते हैं चिकित्सा और महामारी विशेषज्ञ बताते हैं की छत्तीसगढ़ और भारत में मच्छर जनित रोगों से निपटने के लिए मौसमी अभियान नहीं है बल्कि यह एक सतत और दीर्घकालिक रणनीति बनाने वाली योजनाएं होनी चाहिए इसमें नगर पालिक निगम की माहिती जिम्मेदारी होनी चाहिए बजट पर भी विशेष ध्यान रखना चाहिए और जनभागिता के साथ इन रोगों की रोकथाम के लिए विशेष तैयारी करने की आवश्यकता है

## सम्पादकीय


### मानसिक स्वराज भी आवश्यक है ज्ञान-व्यवस्था को पुनर्जीवित करना होगा

भारतीय शिक्षा को अब भारतीय ज्ञान परंपरा के रूप में ढालने के लिए पहल की जा रही है। इसे लेकर आम आदमी के मन में कुछ सवाल खड़े हो रहे हैं। जैसे भारतीय होने का क्या अर्थ है? जो ज्ञान परंपरा स्वतंत्र भारत में चल रही है, वह किस अर्थ में भारतीय नहीं है या कम भारतीय है? भारतीय ज्ञान परंपरा का स्वरूप क्या है? वह किस रूप में दूसरी ज्ञान परंपराओं से अलग है? इस भारतीय ज्ञान परंपरा की विशिष्टता क्या है, जो हम इसकी ओर मुड़ें? आज के ज्ञान-युग में सामर्थ्यशाली होने के लिए इन पर विचार करना जरूरी है। आखिरकार यह पूरे समाज की मनोवृत्ति, आचरण और देश के सांस्कृतिक अस्तित्व का सवाल है। शिक्षा की दृष्टि से यह एक गंभीर तथ्य हो जाता है कि आज हम आलोचनात्मक रूप से चिंतनहीन और सृजनात्मकता की दृष्टि से पंगु होते जा रहे हैं। राजनीति में आडंबर और मानवीय मूल्य दृष्टि की बढ़ती कमी आज सबको खटक रही है। सामाजिक जीवन के अनेक क्षेत्रों में चिंताएं बढ़ रही हैं। उदाहरण के लिए न्याय व्यवस्था में आज तक अपेक्षित सुधार नहीं लाया जा सका है। नागरिक जीवन से जुड़ी व्यवस्थाएं चाक चौबंद नहीं हैं। ऐसे में शिक्षा पर बहुतों की नजरें टिकी हैं और उसमें सुधार से बड़ी आशाएं जगती हैं। नई शिक्षा नीति के आने के बाद विभिन्न विषयों के पाठ्यक्रम भारतीय ज्ञान-परंपरा में ढल रहे हैं और आमजन के बीच भी इसे लेकर उत्सुकता बढ़ी है, पर शिक्षा में भारतीयता की इस सतही उपस्थिति से आगे बढ़ कर गंभीर और व्यवस्थित रूप इस उपक्रम को अभी तक नहीं मिल सका है। यदि पश्चिम के खर्चीले और अंशत: दिशाहीन तथा आयातित ज्ञान को थोपे जाने से मुक्ति की इच्छा है और अपने देश के ज्ञान, कौशल और अस्मिता को बंधक स्थिति से छुड़ाने का मन है तो हमें शिक्षा में बदलाव लाना ही होगा। देश को आत्मनिर्भर बनाने के लिए मानसिक स्वराज जरूरी है और इसके लिए अपनी ज्ञान-व्यवस्था को पुनर्जीवित करना होगा, क्योंकि मानसिक गुलामी कई तरह से देश को आहत करती आ रही है, जिसका बहुतों को पता भी नहीं होता। इसके लिए शिक्षा में भारतीय दृष्टि की विवेकपूर्ण संगति के सिवाय कोई और मार्ग नहीं है। भारत की शिक्षा को भारतीय दृष्टि में स्थापित करना भारत और विश्व, दोनों के ही हित में होगा। ज्ञान-विज्ञान और प्रौद्योगिकी के विस्तार के पश्चिमी माडल का खोखलापन दिन-प्रतिदिन उजागर हो रहा है। अविरल चलती हिंसा, जलवायु परिवर्तन की बढ़ती मुश्किलें, तीव्र होती गलाकाट प्रतिस्पर्धा, पर्यावरण का भीषण प्रदूषण और मनुष्यता की जगह बाजार का बढ़ता प्रभुत्व ज्ञान के पश्चिमी नेताओं के सोच पर प्रश्नचिह्न लगा रहे हैं। यह सारा विकास मनुष्यता के विनाश का कारण बन रहा है। इसकी जगह भारतीय ज्ञान परंपरा मनुष्य की क्लेशों से मुक्ति की कामना करती है, परंतु खेद की बात यह है कि बहुतों के मन में इस ज्ञान परंपरा की वही अस्पष्ट छवि अभी भी बरकरार है, जो कभी अंग्रेजों ने बनाई थी और जिसे करीब दो सदियों लंबे औपनिवेशिक दौर में भारतीयों ने बहुत हद तक आत्मसात कर लिया है। सच्ची बात यह है कि भारतीय ज्ञान परंपरा ज्ञान-विज्ञान भी है और जीवन-दर्शन भी। भारतीय ज्ञान परंपरा कोई काल में दफन वस्तु नहीं है। यह जीवित है और विकसित भी होती रही है। व्यक्तिवादी, अमूर्त, मात्रात्मक और एकांत अनुशासनों की पक्षधर पश्चिमी ज्ञान परंपरा में सभी विषय स्वतंत्र ढंग से अलग-अलग विकसित हुए हैं।

# भारत की प्रगति पर ब्रेक के बाद उठती अमेरिकी खीझ के वैश्विक कूटनीति

**पूर्वी देशों में चीनी जिद्द से रूस (सोवियत संघ के जनक) और भारत की अमेरिका विरोधी नीति सफल नहीं हो पा रही है, क्योंकि भारत विरोधी पाकिस्तान से अमेरिका के अलावा अब चीन भी प्रेम करने लगा है। इससे उत्तर कोरिया भी भारत के साथ खुलकर मैदान में नहीं आ पा रहा है, जबकि वह चीन और रूस का मित्र है। दो टूक शब्दों में कहा जाए तो रूस अब अमेरिकी और यूरोपीय देशों को करारा जवाब दे सकता है, भारत से दिलवा सकता है, लेकिन चीन के पाकिस्तान प्रेम और भारत से रणनीतिक शत्रुतापूर्ण प्रतिस्पर्धा से एशियाई देशों में अभी भी अमेरिकी-यूरोपीय दाल गल रही है। ऐसा इसलिए कि वैश्विक कूटनीति में सभी देश अपना-अपना हित देख रहे हैं। इधर भारत के विश्वव्यापी कूटनीतिक प्रभावों से अमेरिका-यूरोप व अमेरिका-अरब देशों में जो रणनीतिक व कारोबारी खटास की नींव पड़ी है, अरब देशों में अमेरिकी चौधराहट को जो तगड़ा धक्का लगा है, उससे अमेरिका बौखलाया हुआ है। कहाँ वह भारत को अपने पाले में करके पहले चीन को सबक सिखाता और फिर पाकिस्तान के कंधे पर बंदूक रखकर भारत को कमजोर करता। लेकिन भारत के चतुर मोदी प्रशासन ने रूस-यूक्रेन युद्ध के बाद रूस से पुरानी दोस्ती का हवाला देते हुए जो वफादारी दिखाई, उससे अमेरिकी शतरंज की चाल बिखर गई और उसके हथियार निर्माता कम्पनियों के तमाम अरमानों पर पानी फिर गया।**

**कमलेश पांडे।**



आपने रस्सी जल गई, ऐंठन नहीं टूटी वाली कहावत सुनी होगी। यही हालात आज दुनिया के थानेदार अमेरिका की है। एक ओर रूस के दृढ़ निश्चय से यूक्रेन में नाटो देश यानी अमेरिका-यूरोप की खुराफात बुरी तरह से पिट चुकी है। वहीं, दूसरी ओर पाकिस्तान पर भारत के दमदार पलटवार और इजरायल पर ईरान के अप्रत्याशित पलटवार से अमेरिकी वैश्विक बादशाहत को करारा तमाचा लगा है। इन घटनाओं से साफ है कि अमेरिकी और यूरोपीय पश्चिमी देश अब अपराजेय नहीं रहे, बल्कि उनकी फूट डालो और शासन करो की नीति को एशियाई और अफ्रीकी देश भांप चुके हैं। ऐसा इसलिए कि भारत के प्रशासन ने सूझबूझ के साथ कदम बढ़ाते हुए अमेरिकी, रूसी, चीनी, यूरोपीय, अरब, अफ्रीकी, ऑस्ट्रेलियाई और दक्षिण अमेरिकी और दक्षिण-पूर्व एशियाई देशों के साथ जो व्यवहारिक और गिव एंड टेक भरे कदम उठाए, उससे जहां एक ओर रूस-भारत के सम्बन्धों को मजबूती मिली, वहीं अमेरिका और उसके कारोबारी पार्टनर चीन (अब प्रतिस्पर्धी देश) की आर्थिक गतिविधियों और सैन्य रणनीतियों को करारा जवाब मिला। इसी के बदौलत जहां अफगानिस्तान से भारत के रिश्ते पटरी पर लौटे, वहीं इजरायल से मित्रता के बावजूद ईरान से सम्बन्ध खराब नहीं हुए। इन्हीं सब बातों को लेकर अमेरिका बौखलाया हुआ है। दरअसल, अमेरिका को गलतफहमी है कि अमेरिका-यूरोप का सहयोग लेकर भारत भी चीन की तरह आशातीत प्रगति कर चुका है और जब तक ये दोनों देश रूस के साथ मित्रता रखेंगे, तब तक नाटो देशों की वैश्विक बादशाहत को रूस, भारत, ईरान जैसे देशों से चुनौती मिलती रहेगी। यही वजह है कि रूस के साथ व्यापार को लेकर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की हालिया चेतावनी भारत-अमेरिका के बीच ट्रेड डील पर चल रही बातचीत में अड़चन पैदा कर सकती है। ऐसा इसलिए कि यूक्रेन युद्ध रुकवाने में नाकाम रहे डोनाल्ड ट्रंप अब दूसरे जरियों से मॉस्को पर दबाव बनाना चाहते हैं। हालांकि इसमें सफलता की गारंटी लेशमात्र भी नहीं है और इससे दुनिया में नया तनाव पैदा हो सकता है।

देखा जाए तो ट्रंप ने युद्ध खत्म करने के लिए रूस को और 50 दिनों की मोहलत दी है, और यही डेडलाइन उन्होंने उन देशों के लिए रखी है, जो रूस से तेल समेत दूसरे सामान खरीदते हैं। यानी भारत और चीन, जिनके मतलबी सम्बन्ध रूस और अमेरिका दोनों से हैं। यही वजह है कि अमेरिका की नई धमकी है कि इसके बाद इन देशों पर शत (100) प्रतिशत टैरिफ लगाया जाएगा। उधर, यही बात नैटो महासचिव मार्क रूट भी दोहरा रहे हैं। उन्होंने तो सीधे-सीधे भारत, चीन और ब्राजील का नाम लिया कि इन देशों को रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से शांति के लिए बात करनी चाहिए। क्योंकि ये देश ही रूस से तेल खरीदते हैं। बताया जाता है कि कुछ वक्त पहले तक ट्रंप इस बात पर डटे थे कि किसी भी सूरत में यूक्रेन युद्ध रुकना चाहिए। लेकिन, जब उनका दबाव रूस पर कारगर नहीं हुआ, तो उन्होंने अपनी चुगलखोर रणनीति बदल दी। अब वह यूक्रेन को हथियार सप्लाई करने के लिए तैयार हैं और पूछ भी रहे हैं कि क्या रूस पर हमला कर लोगे? ऐसा इसलिए कि अमेरिकी और दूसरे पश्चिमी देश चाहते हैं कि रूस को झुकाने में बाकी दुनिया भी उसका साथ दे- खासकर भारत और चीन। उल्लेखनीय है कि साल 2022 में, जब से रूस-यूक्रेन युद्ध शुरू हुआ है, तब से अमेरिका की यही कोशिश है। पहले भी उसने रूस से तेल खरीदने को लेकर भारत पर सवाल उठाए थे और यहां से उसे इसका माकूल जवाब भी मिला था कि दुनिया के हर हिस्से के अपने-अपने हित होते हैं और इस पर यदि अपनी अपनी न चलाई जाए, तो यही सबके हित में बेहतर है। अमेरिका-यूरोप जो काम खुद करते हैं, वही करने के लिए पूरब के देशों को रोकते हैं, ताकि उनकी वैश्विक बादशाहत को रूसी-चीनी-भारतीय चुनौती कभी नहीं मिले। इसके लिये पाकिस्तान, अरब देश और ताइवान, दक्षिण कोरिया, जापान आदि उनके मोहरे हैं। जहां तक तेल का व्यापार का सवाल है तो साल 2024-25 में भारत और रूस के बीच 68.7 अरब डॉलर का व्यापार हुआ था। इसमें सबसे ज्यादा फोकस में रहा तेल। जबकि यूक्रेन युद्ध शुरू होने के पहले तक देश की ज्यादातर तेल जरूरत मिडल ईस्ट से पूरी होती थी और तब रूस से केवल एक फीसदी क्रूड ऑयल ही आता था। लेकिन आज यह हिस्सा एक तिहाई से ज्यादा है। मई 2025 में भारत ने रूस से हर दिन करीब 20 लाख बैरल तेल मंगाया था। इस व्यापार के पीछे साधारण-सा लॉजिक है, बचत। इसलिए भारत अमेरिका के समक्ष अपनी बात मजबूती से रखता है। कहना न होगा कि हर द्विपक्षीय वैश्विक रिश्ते को मुनाफे में तौलने वाले कारोबारी अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप भारत-रूस संबंधों को बहुत अच्छी तरह से जानते हैं। वाकई उनके दबाव बनाने के पीछे एक वजह ब्रिक्स नामक वैश्विक संगठन भी है, जिसकी सक्रियता उन्हें पसंद नहीं आ रही। क्योंकि इससे जी-7 देशों को चुनौती मिलती है। इसलिए भारत को इस मामले में अमेरिका के सामने अपना पक्ष मजबूती से रखना चाहिए, जिसे पिछली बाइडन सरकार ने समझा भी था। एक तरफ तो डोनाल्ड ट्रंप रूस को जी-7 में शामिल करके जी-8 और चीन को शामिल करके जी-9 बनाना चाहते हैं, लेकिन दुनिया की तीसरी बड़ी सैन्य शक्ति और चौथी बड़ी आर्थिक शक्ति भारत को पीछे धकेलना चाहते हैं, जिससे भारत का कुछ नहीं बिगड़ेगा, लेकिन अमेरिकी वैश्विक चौधराहट धीरे धीरे चीन द्वारा खत्म कर दी जाएगी।

# निरंकुश अभिव्यक्ति से जुड़े सुप्रीम फैसलों का स्वागत हो

**ललित गर्ग।**



सुप्रीम कोर्ट ने अभिव्यक्ति की आजादी एवं सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर एंटी सोशल अभिव्यक्ति की सुनवाई करते हुए समय-समय पर जो कहा, वह जहां संवैधानिक और लोकतांत्रिक मूल्यों के लिहाज से खासा अहम है वहीं एक संतुलित एवं आदर्श राष्ट्र एवं समाज व्यवस्था का आधार भी है। सोशल मीडिया मंचों पर एंटी सोशल अभिव्यक्ति के चलते उपजी विभाजनकारी एवं विध्वंसकारी प्रवृत्तियों पर अंकुश की जरूरत बताते हुए देश की शीर्ष अदालत ने आत्म-नियमन, वाणी संयम एवं विचार संयम की जरूरत बतायी है। धर्म विशेष के देवी-देवताओं के खिलाफ आपत्तिजनक पोस्ट के चलते कई राज्यों में प्राथमिकी दर्ज हुई एवं यह याचिका दायर की गई। दरअसल, जस्टिस बीवी नागरत्ना और जस्टिस के. वी. विश्वनाथन की पीठ ने एक व्यक्ति द्वारा दायर इसी याचिका पर विचार करते हुए कहा कि समाज में विद्वेष, घृणा व नफरत फैलाने वाले संदेश समरसता, सौहार्द एवं सद्भावना के भारतीय परिवेश के लिये गंभीर चुनौती बने हुए हैं। सुप्रीम कोर्ट ने अभिव्यक्ति की आजादी से जुड़ी इन जटिल होती स्थितियों को गंभीरता से लिया और अनेक धुंधलकों को साफ किया है। अदालत का कहना था कि नागरिकों को अभिव्यक्ति की आजादी के अधिकार का मूल्य समझना चाहिए। साथ ही इस अधिकार का इस्तेमाल करते हुए आत्म-संयम बरतना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट ने अभिव्यक्ति की आजादी व धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने से जुड़े अनेक मामलों के साथ-साथ ताजा मामले में जो फैसले किए हैं और इस दौरान जो टिप्पणियां की हैं, उसके निहितार्थों को समझते हुए इन अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के जुड़े फैसलों रूपी उजालों का स्वागत होना ही चाहिए। आज सोशल मीडिया जैसे मंचों के बेजा इस्तेमाल की प्रवृति बढ़ रही है, फेसबुक, ट्विटर, यू-ट्यूब जैसे सोशल मंचों एवं टीवी चैनलों पर ऐसी सामग्री परोसी एवं प्रस्तुत की जा रही है, जो अशिष्ट, अभद्र, हिंसक, भ्रामक, राष्ट्र-विरोधी एवं समुदाय विशेष के लोगों को आहत करने वाली होती है, जिसका उद्देश्य राष्ट्र को जोड़ना नहीं, तोड़ना है। इन सोशल मंचों पर ऐसे लोग सक्रिय हैं, जो तोड़-फोड़ की नीति में विश्वास करते हैं, वे चरित्र-हनन और गाली-गलौच जैसी औछी हरकतें करने के लिये उद्यत रहते हैं तथा उच्छृंखल एवं विध्वंसात्मक नीति अपनाते हुए अराजक माहौल बनाते हैं। एक प्रगतिशील, सभ्य एवं शालीन समाज में इस तरह की हिंसा, अश्लीलता, नफरत और भ्रामक सूचनाओं की कोई जगह नहीं होनी चाहिए, लेकिन विडम्बना है कि अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता कानून के चलते सरकार इन अराजक स्थितियों पर काबू नहीं कर पा रही है। सुप्रीम कोर्ट ने चेताया है कि यदि सोशल मीडिया पर विभाजनकारी प्रवृत्तियों पर अंकुश नहीं लगता तो सरकार को हस्तक्षेप करने का मौका मिलता है, जो एक अच्छी स्थिति नहीं होगी। आज सोशल मीडिया, समाचार चैनलों और राजनीतिक मंचों पर जिस प्रकार की उग्र भाषा, झूठे आरोप, धार्मिक विद्वेष और भावनात्मक उकसावे देखे जा रहे हैं, वे न केवल समाज को विभाजित कर रहे हैं, बल्कि लोकतांत्रिक संवाद की गरिमा को भी ठेस पहुँचा रहे हैं। यही वजह है कि कोर्ट को कहना पड़ा कि वह नियमन के लिये दिशा-निर्देश जारी करने पर विचार कर रही है। दरअसल, अदालत का मानना था कि भारत के संविधान का अनुच्छेद 19(1)(ए) नागरिकों को 'अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता' देता है, इसके तहत प्रत्येक नागरिक को विचार, वाणी, लेखन, चित्रण आदि के माध्यम से स्वतंत्र रूप से अपनी बात कहने का अधिकार है। लेकिन आज इस अधिकार के दुरुपयोग की घटनाएं जिस प्रकार सामने आ रही हैं, वह चिंता का विषय बन चुकी हैं। इसलिए आज जरूरत है विचार संयम और वाणी संयम की। इसीलिये अनुच्छेद 19(2) इसके कुछ 'उचित प्रतिबंध' भी निर्धारित करता है जैसे भारत की संप्रभुता और अखंडता, देश की सुरक्षा, राज्य की अखंडता, लोक व्यवस्था, शालीनता या नैतिकता, अश्लील या अनैतिक भाषण, अदालत की अवमानना, मानहानि, अपराध के लिए उकसावा एवं अन्य देशों के साथ मैत्रीपूर्ण संबंधों से जुड़ी अराजकता पर प्रतिबंध, इन प्रतिबंधों का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि स्वतंत्रता का उपयोग अनुशासन और राष्ट्रीय हितों की मर्यादा में हो। संविधान के अनुच्छेद 19(2) के तहत मिली आजादी असीमित कदापि नहीं है। ताजा मामलों में कई राज्यों में स्वतंत्र अभिव्यक्ति के नियमन को लेकर सरकारी कार्रवाई को लेकर भी सवाल उठते रहे हैं। कई जगह विचारों की अभिव्यक्ति व कार्टून आदि बनाने को राजनीतिक दुराग्रह बताते हुए लोगों को गिरफ्तार तक किया गया है। जिसे राजनीतिक दलों द्वारा बदले की भावना से की कार्रवाई बताया जाता रहा है। आरोप लगाया जाता रहा है कि सत्तारूढ़ दल की विचारधारा के अनुरूप अमर्यादित एवं अशालीन अभिव्यक्ति के बावजूद कोई एक्शन नहीं लिया जाता। लेकिन दूसरे राज्य में अन्य राजनीतिक दल की सरकार में यही अभिव्यक्ति अपराध बन जाती है। कोई नहीं चाहता कि आम नागरिक की अभिव्यक्ति की आजादी को सरकार नियंत्रित करे। सही मायनों में लोगों को समझना चाहिए कि देश की एकता व अखंडता बनाये रखना मौलिक कर्तव्य ही है। अदालत ने इस बाबत सवाल भी किया कि नागरिक स्वयं को संयमित क्यों नहीं कर सकते? राजनीतिक दल, धार्मिक नेता या उग्रवादी कार्यकर्ता क्यों समाज में विषवमन करते हुए विवादास्पद एवं वर्ग-धर्म विशेष के लोगों की भावनाओं को आहत करने वाले कटू एवं कड़वे बयान देते हैं? कोर्ट का मानना था कि लोग तभी अभिव्यक्ति की आजादी का आनन्द ले सकते हैं जब यह संयमित ढंग से व्यक्त की जाए। शीर्ष अदालत की पीठ का मानना था कि नागरिकों के बीच भाईचारा होना चाहिए, तभी समाज में नफरत से मुकाबला किया जा सकता है। तभी हम गंगा-जमुनी सांझा संस्कृति के राष्ट्र एवं समाज का निर्माण कर सकते हैं। आज के दौर में हमें विचार संयम और वाणी संयम को अपनी संस्कृति और लोकतंत्र की आधारशिला बनाना होगा। जैसाकि स्वामी विवेकानंद ने कहा था कि बोलने से पहले तीन बार सोचो, क्या यह सत्य है? क्या यह आवश्यक है? क्या यह दूसरों को आहत तो नहीं करेगा?

# स्वच्छता एवं नशामुक्ति के क्षेत्र में अतुलनीय कार्य करते सामाजिक संगठन

**प्रह्लाद सबनानी।**

इस धरा पर जन्म लेने वाले प्रत्येक जीव के लिए प्रकृति ने पर्याप्त खाद्य पदार्थ दिए हैं परंतु अति लालच के चलते मानव ने प्रकृति का शोषण करना शुरू कर दिया है। इसमें कोई अब कोई संदेह नहीं रह गया है कि मानव ने अपनी जिंदगी को आसान बनाने के लिए पर्यावरण का अत्यधिक नुकसान किया है और इसका परिणाम आज उसे ही भुगतना भी पड़ रहा है। कई देशों में तो भयंकर गर्मी में वहां के जंगलों में आग लगने की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं जिनसे जान और माल की भारी हानि हो रही है। हम पर्यावरण के सम्बंध में बढ़ चढ़ कर चर्चाएं तो करते हैं परंतु आज हमारे गावों में खेत, प्लाटों में परिवर्तित हो गए हैं। हमारे खेतों पर शोपिंग काम्प्लेक्स एवं मॉल खड़े हो गए हैं जिससे हरियाली लगातार कम होती जा रही है।

बीते कुछ वर्षों में कंकरीट की इमारतों में अत्यधिक वृद्धि एवं भूमि प्रयोग में बदलाव के चलते भारत में भी तापमान लगातार बढ़ रहा है। देश के महानगर अर्बन हीट आइलैंड बन रहे हैं। अर्बन हीट आइलैंड वह क्षेत्र होता है जहां अगल-बगल के इलाकों से अधिक तापमान रहता है। कई स्थानों पर अत्यधिक गर्मी के पीछे अपर्याप्त हरियाली, अधिक आबादी, घने बसे घर और इंसानी गतिविधियां जैसे गाडियों और गैजेट से निकलने वाली हीट आदि कारण जिम्मेदार हो सकते हैं। कार्बन डाईआक्साइड और मेथेन जैसी ग्रीन हाउस गैसों एवं कूड़ा जलाने से भी गर्मी बढ़ती है। राजधानी दिल्ली का उदाहरण हमारे सामने है। जहां चारों दिशाओं में बने डंपिंग यार्डों में आग लगी ही रहती है और लोगों का सांस लेना भी अब दूभर हो रहा है। भारत ने वर्ष 2070 तक नेट जीरो यानी कार्बन उत्सर्जन रहित अर्थव्यवस्था का लक्ष्य तय किया हुआ है। यद्यपि पर्यावरण रक्षा में भारत के प्रयास बहुआयामी रहे हैं लेकिन यह प्रयास तब तक सफल नहीं हो सकते जब तक देशवासी प्राकृतिक संसाधनों का अनावश्यक अत्यधिक शोषण करना बंद नहीं करते। शहरों के बढ़ते तापमान की रोकथाम हेतु जरूरी है कि मौसम और वायु प्रवाह का ठीक तरह से नियोजन किया जाए। हरियाली का विस्तार, जल स्त्रोतों की सुरक्षा, वर्षा जल संचय, वाहनों एवं एयर कंडीशंस की संख्या की कमी से ही हम प्रचंड गर्मी को कम कर



सकते हैं। पृथ्वी का तापमान घटेगा तभी मानव सुरक्षित रह पाएगा। उक्त संदर्भ में यह हम सभी भारतीयों के लिए हर्ष का विषय होना चाहिए कि हमारे देश में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ जैसे संगठन मौजूद हैं जो सदैव ही सामाजिक, धार्मिक, आर्थिक एवं सेवा कार्य करने वाले संगठनों को साथ लेकर, देश पर आने वाली किसी भी विपत्ति में आगे आकर, सेवा कार्य करना प्रारम्भ कर देते हैं। भारत के पर्यावरण में सुधार लाने की दृष्टि से राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने तो बाकायदा एक नई पर्यावरण गतिविधि को ही प्रारम्भ कर दिया है। जिसके अंतर्गत समाज में विभिन्न क्षेत्रों में कार्य करने वाले संगठनों को साथ लेकर संघ द्वारा देश में प्लास्टिक का उपयोग बिल्कुल नहीं करने का अभियान प्रारम्भ किया गया है और देश में अधिक से अधिक पेड़ लगाने की मुहिम प्रारम्भ की गई है। साथ ही, विभिन्न शहरों को स्वच्छ एवं नशामुक्त बनाने हेतु भी विशेष अभियान प्रारम्भ किए हैं। उदाहरण के तौर पर ग्वालियर को स्वच्छ, नशामुक्त एवं प्लास्टिक मुक्त शहर बनाने का बीड़ा उठाया गया है। इसी संदर्भ में ग्वालियर महानगर में विविध संगठनों के दायित्ववान कार्यकर्ताओं का दो दिवसीय शिविर आयोजित किया गया था। इस शिविर के एक विशेष सत्र में इस बात पर विचार किया गया कि ग्वालियर महानगर को स्वच्छ एवं नशामुक्त बनाया जाना चाहिए। उक्त शिविर के समापन के पश्चात उक्त समस्याओं के हल हेतु विविध संगठनों के दायित्ववान कार्यकर्ताओं की तीन बैठकें आयोजित की गईं। इन बैठकों में विस्तार से विचार करने के उपरांत यह निर्णय लिया गया कि कुछ चिन्हित कार्यकर्ताओं को विभिन्न मठ, मंदिरों, स्कूलों, संस्थानों आदि में विषय प्रस्तुत करने हेतु भेजा जाए ताकि उक्त समस्याओं के हल में समाज की भागीदारी सुनिश्चित की जा सके। इस संदर्भ में चुने गए 60 कार्यकर्ताओं के लिए एक वक्ता कार्यशाला का आयोजन भी किया गया। इन चिन्हित कार्यकर्ताओं को विभिन संस्थानों में विषय प्रस्तुत करने हेतु भेजा गया था ताकि उक्त समस्याओं के हल करने हेतु समाज को भी साथ में लेकर कार्य को सम्पन्न किया जा सके। साथ ही, ग्वालियर को प्रदूषण मुक्त सुंदर नगर बनाए जाने के अभियान को स्थानीय जनता के बीच ले जाने हेतु, माननीय श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी के जन्म दिवस के शुभ अवसर पर दिनांक 25 दिसम्बर 2024 को, ग्वालियर के चुने हुए 29 चौराहों पर मानव श्रृंखलाएं बनाई गई थी, लगभग 8,000 नागरिकों ने इस मानव श्रृंखला में भागीदारी की थी। इसी प्रकार, ग्वालियर को व्यसन मुक्त नगर बनाए जाने के अभियान को स्थानीय जनता के बीच ले जाने हेतु, स्वामी विवेकानंद जी के जन्म दिवस एवं अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस के शुभ अवसर पर, दिनांक 12 जनवरी 2025 को एक विशाल मेराथन दौड़ का आयोजन किया गया था। इस कार्यक्रम के आयोजन में स्थानीय प्रशासन का भरपूर सहयोग प्राप्त हुआ एवं लगभग 6,000 नागरिकों ने इस मेराथन दौड़ में भाग लिया था। संघ के ग्वालियर विभाग द्वारा ग्वालियर महानगर में अधिक से अधिक पेड़ लगाए जाने की मुहिम प्रारम्भ की गई।

**मेष** — आज का दिन आपके लिए करियर के लिहाज से अच्छा रहने वाला है। आप अपने ज्ञान को बढ़ाने का कोई मौका हाथ से जाने नहीं देंगे। आप संतान को कोई जिम्मेदारी देंगे, तो वह उस पर खरे उतरेंगे। माता-पिता के आशीर्वाद से आपका कोई रुका हुआ हुआ काम पूरा हो सकता है।

**वृषभ** — आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। आपको कोई निवेश को सोच समझकर करना होगा। दोस्तों के साथ आप किसी मनोरंजन के कार्यक्रम में सम्मिलित हो सकते हैं। आप किसी नए वाहन की खरीदारी कर सकते हैं, जो आपके लिए अच्छी रहेगी।

**मिथुन** — आज का दिन आपके लिए व्यस्तता से भरा रहने वाला है। आपको अपने कामों को थोड़ा समय से निपटाने की आवश्यकता है। आप किसी काम में सोच समझकर हाथ बढ़ाएं। पारिवारिक जीवन में आपको तालमेल बनाकर चलना होगा।

**कर्क** — आज आपको किसी काम में उसके नीति और नियमों पर पूरा ध्यान देना होगा, क्योंकि आपके विरोधी कामों में विघ्न डालने की कोशिश करेंगे। आप किसी से कोई वादा सोच समझकर करें। माताजी से आप अपने मन की इच्छा को लेकर बातचीत कर सकते हैं।

**सिंह** — आज का दिन आपके लिए किसी जोखिम भरे काम में हाथ डालने से बचने के लिए रहेगा। आप किसी को परिजन से मेल-मिलाप कराने ले जा सकते हैं। आपको अपनी पारिवारिक जिम्मेदारी में ढील बिलकुल नहीं देनी है। मित्रों का आपका पूरा सहयोग मिलेगा।

**कन्या** — आज का दिन आपके लिए लाभदायक रहने वाला है। आप किसी धार्मिक आयोजन में सम्मिलित हो सकते हैं। व्यवसाय में आपको दीर्घकालीन योजनाओं को गति मिलेगी और आप अपनी आय को बढ़ाने के सोर्सो पर पूरा ध्यान देंगे। भाईचारे की भावना आपके मन में बनी रहेगी।

**तुला** — आज का दिन आपके लिए ऊर्जावान रहने वाला है। आपको अपनी ऊर्जा को सही कामों में लगाना होगा। आप अपने मनपसंद भोजन का आनंद लेंगे, लेकिन अत्यधिक काम रहने के कारण आपको थकान आदि बनी रहेगी। आपको अपनी पारिवारिक जिम्मेदारियों में ढील बिल्कुल नहीं देनी है।

**वृश्चिक** — आज का दिन आपके लिए मिश्रित रूप से फलदायक रहने वाला है। आपकी जीवनसाथी से खूब पटेगी और आप उनको शॉपिंग आदि पर भी लेकर जा सकते हैं, लेकिन आपको अपने बिजनेस पर भी पूरा ध्यान देना होगा। यदि आपने पार्टनरशिप की हुई थी, तो उसमें आपको धोखा मिल सकता है।

**धनु** — करियर में आपको अच्छी सफलता मिलेगी। स्वास्थ्य के लिहाज से आज का दिन बढ़िया रहने वाला है। प्रेम जीवन जी रहे लोगों की अपने साथी से कुछ खटपट हो सकती है। आप राजनीति में मान-सम्मान मिलने से काफी खुश रहेंगे। आपकी किसी नए काम को करने की इच्छा जागरुक हो सकती है।

**मकर** — आज का दिन आपके लिए तनावग्रस्त रहने वाला है। तकनीकी क्षेत्रों में कार्यरत लोगों को उनके कामों से अच्छी सफलता मिलेगी। आज का दिन सरकारी क्षेत्रों में कार्यरत लोगों के लिए बढ़िया रहने वाला है। आपको संतान के करियर को लेकर थोड़ी टेंशन बनी रहेगी।

**कुंभ** — आज का दिन आपके लिए मध्यम रूप से फलदायक रहने वाला है। पारिवारिक जीवन में गलतफहमी के कारण समस्याएं खड़ी हो सकती है, जिन्हें आप मिल बैठकर दूर करने की कोशिश करें। आप गरीबों की सेवा के लिए कुछ धन भी दे सकते हैं। आपके धन धान्य में वृद्धि होगी।

**मीन** — आज का दिन आपके लिए बढ़िया रहने वाला है। भाई - बहनों से रिश्तों में यदि कुछ दूरियां आ गई थी, तो वह भी दूर होंगी और सामाजिक क्षेत्रों में आज आप परचम लहराएंगे। आपके मान-सम्मान में वृद्धि होगी। आपके बॉस भी आपकी दी गई सलाह से काफी खुश होंगे।

# 11 जिलों को कैटरेक्ट ब्लाइंडनेस बैकलॉग फ्री स्टेटस (सीबीबीएफएस)-मंत्री जायसवाल

प्रतिदिन राजधानी,रायपुर

**स्वास्थ्य विभाग द्वारा दृष्टिहीनता को रोकने के लिए वृहद स्तर पर किया जा रहा है कार्य**

**विगत डेढ़ वर्षों में 1.80 लाख से अधिक सफल मोतियाबिंद ऑपरेशन संपन्न**




रायपुर, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व एवं स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल के मार्गदर्शन में छत्तीसगढ़ के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग द्वारा दृष्टिहीनता की रोकथाम हेतु वृहद स्तर पर कार्य किया जा रहा है। दृष्टिहीनता के प्रमुख कारणों में से एक मोतियाबिंद है, जो सामान्यतः एक आयुजन्य नेत्र रोग है। एक निश्चित आयु के पश्चात इसका होना सामान्य माना जाता है, किन्तु इसका ऑपरेशन कर दृष्टि पुनः प्राप्त की जा सकती है। इसके उपचार हेतु गुणवत्तापूर्ण निःशुल्क नेत्र ऑपरेशन की सुविधा राज्य के 25 जिला चिकित्सालयों एवं 10 चिकित्सा महाविद्यालयों सहित कुल 43 स्वास्थ्य संस्थानों में उपलब्ध है, जहाँ नियमित रूप से नेत्र ऑपरेशन किए जा रहे हैं।

नेत्रदान को लेकर बढ़ रही है जागरूकता, डेढ़ वर्षों में हुए 351 नेत्रदानराज्य में अप्रैल 2024 से मार्च 2025 तक 1,45,580 तथा अप्रैल 2025 से जून 2025 तक 27,245 मोतियाबिंद ऑपरेशन सफलतापूर्वक किए गए हैं। प्रदेश में भारत सरकार की महत्वाकांराष्ट्रीय नेत्र ज्योति योजना संचालित है, जिसके अंतर्गत सभी जिलों को ''कैटरेक्ट ब्लाइंडनेस बैकलॉग फ्री स्टेटस'' (सीबीबीएफएस) प्रदान किया जाना है। इस योजना के अंतर्गत दोनों आंखों में मोतियाबिंद से दृष्टिहीन रोगियों की पहचान कर प्राथमिकता के आधार पर ऑपरेशन द्वारा उन्हें दृष्टिहीनता से मुक्त किया जाता है।

अब तक राज्य के 11 जिलों – कबीरधाम, रायपुर, धमतरी, बलौदाबाजार, बालोद, दुर्ग, राजनांदगांव, खैरागढ़, रायगढ़, कोरबा एवं बस्तर – को दृष्टिहीनता मुक्त घोषित किए जाने हेतु दावा भारत सरकार को प्रेषित किया गया है। वहीं कांकेर एवं बेमेतरा जिलों के दावों का सत्यापन कार्य प्रगति पर है, जिसके उपरांत प्रस्ताव भारत सरकार को भेजा जाएगा।

दृष्टिहीनता के एक अन्य प्रमुख कारण ग्लॉकोमा की भी पहचान और उपचार हेतु विभाग सजग है। यह आंख की एक जटिल बीमारी है, जिसकी प्रारंभिक अवस्था में रोगी को जानकारी नहीं होती और जब पता चलता है, तब तक दृष्टि का ह्रास हो चुका होता है। इसकी गई दृष्टि वापस नहीं लाई जा सकती। इसकी पहचान केवल नियमित नेत्र परीक्षण से ही संभव है। अतः 40 वर्ष की आयु के बाद प्रत्येक 6 माह में नेत्र परीक्षण कराने की सलाह दी जाती है। राज्य के सभी विकासखंड केन्द्रों में इसकी जांच की सुविधा उपलब्ध है।

कॉर्नियल दृष्टिहीनता की रोकथाम के लिए कॉर्नियल दृष्टिहीनता मुक्त राज्य योजना भी संचालित की जा रही है। इसके अंतर्गत सभी जिलों में कॉर्नियल दृष्टिहीन रोगियों की पहचान कर, नेत्र प्रत्यारोपण केन्द्रों से उनका सत्यापन कराते हुए नेत्र बैंक में पंजीयन कराया गया है। नेत्रदान प्राप्त होते ही प्राथमिकता के आधार पर इनका प्रत्यारोपण किया जाता है। जनजागरूकता के माध्यम से नेत्रदान को प्रोत्साहित किया जा रहा है, जिसके परिणामस्वरूप अप्रैल 2024 से मार्च 2025 तक 263 और अप्रैल 2025 से जून 2025 तक 88 नेत्रदान संपन्न हुए हैं।

अन्य सामान्य नेत्र रोगों के उपचार की सुविधा राज्य के सभी स्वास्थ्य केन्द्रों में निःशुल्क उपलब्ध है।

# फिजियोथेरेपी कोर्स को लेकर दो संस्थानों के बीच टकराव हाईकोर्ट ने मुख्य सचिव को दिया ये निर्देश

प्रतिदिन राजधानी,रायपुर

प्रदेश में फिजियोथैरेपी का नया नया कोर्स शुरू करने को लेकर एक सरकारी और एक निजी विश्वविद्यालय के बीच खींचतान बढ़ गई है। दरअसल भारती विश्वविद्यालय द्वारा अपने कैंपस में बैचलर ऑफ फिजियोथैरेपी (ब्क्क्झ) कोर्स शुरू करने के लिए राज्य सरकार से अनुमति मांगी गई थी। सरकार ने सशर्त मंजूरी देते हुए कहा कि इसके लिए आयुष विश्वविद्यालय से संबद्धता लेनी होगी। इस शर्त को चुनौती देते हुए भारती विश्वविद्यालय ने हाईकोर्ट में याचिका दायर की।

**संस्थान ने दिया ये तर्क**

याचिकाकर्ता के वकील संदीप दुबे ने कोर्ट को बताया कि विश्वविद्यालय अपने कैंपस में नया संकाय शुरू कर रहा है, न कि कोई नया कॉलेज। इसलिए आयुष विश्वविद्यालय से संबद्धता की जरूरत नहीं है। उनका तर्क था कि विश्वविद्यालय एक स्वतंत्र संस्थान है और यूजीसी से मान्यता प्राप्त है।

उन्होंने कहा कि फिजियोथैरेपी कोर्स के लिए कैम्पस में इन्फ्रास्ट्रक्चर तैयार कर लिया गया है और जांच समिति ने 50 सीटों की सिफारिश भी कर दी है। बावजूद इसके, राज्य सरकार ने कोर्स शुरू करने की मंजूरी आयुष विवि से संबद्धता की शर्त पर दी।

राज्य सरकार की चार सदस्यीय समिति ने अपनी रिपोर्ट में कहा है कि उच्च शिक्षा विभाग और चिकित्सा शिक्षा विभाग के बीच अधिकार क्षेत्र को लेकर असमंजस की स्थिति है।

रिपोर्ट के मुताबिक, चिकित्सा शिक्षा विभाग के अधीन आने वाले पाठ्यक्रमों की अनुमति आयुष विश्वविद्यालय के माध्यम से दी जानी चाहिए। लेकिन उच्च शिक्षा विभाग का कहना है कि प्राइवेट यूनिवर्सिटी एक्ट 2005 के तहत निजी विश्वविद्यालय किसी भी पाठ्यक्रम को शुरू कर सकते हैं, बशर्ते वह यूजीसी द्वारा मान्यता प्राप्त हो। कमेटी ने अपनी रिपोर्ट में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 और यूजीसी के दिशा-निर्देशों का हवाला देते हुए कहा कि केंद्र सरकार निजी विश्वविद्यालयों को अधिक से अधिक कोर्स शुरू करने के लिए प्रोत्साहित कर रही है। मामले पर सुनवाई करते हुए जस्टिस अरविंद कुमार वर्मा की बेंच ने छत्तीसगढ़ के मुख्य सचिव को 30 दिन के भीतर निर्णय लेने का निर्देश दिया है।




## इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्याल ययूजी काउंसलिंग के प्रथम चरण की प्रक्रिया समाप्त

प्रतिदिन राजधानी,रायपुर

इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय, रायपुर में बी.एससी. (एग्रीकल्चर) सत्र 2025 हेतु यूजी काउंसलिंग के प्रथम चरण की प्रक्रिया आज समाप्त हो गई. प्रथम चरण में प्रवेश की स्थिति निम्नानुसार है.. सीट अलॉटमेंट स्थिति (2025) कुल अभ्यर्थी- 3982 कुल सीटें 2015 सीट आबंटित - 1861 दस्तावेज़ सत्यापन पूर्ण - 1284

फीस भुगतान - 829 फीस भुगतान की अंतिम तिथि कल 19 जुलाई है. काउंसलिंग के द्वितीय चरण में 21 जुलाई से स्पॉट काउंसलिंग शुरू होगी. 21 जुलाई को शेष रिक्त सीटों का आबंटन किया जाएगा. 22 और 23 जुलाई को दस्तावेजों का सत्यापन किया जाएगा तथा चयनित अभ्यर्थियों द्वारा फीस का भुगतान किया जाएगा. 25 जुलाई रिक्त सीटों का कन्वर्शन किया जाएगा. अभ्यर्थियों से अनुरोध है कि निर्धारित समय पर दस्तावेज़ सत्यापन एवं शुल्क भुगतान की प्रक्रिया पूर्ण करें।

## डॉक्टर खूबचंद बघेल की जयन्ती पर मूर्ति के समक्ष पुष्पांजलि आयोजन


प्रतिदिन राजधानी,रायपुर

छत्तीसगढ़ राज्य के प्रणेता प्रथम दृष्टा डॉक्टर खूबचंद बघेल की जयन्ती स्वाभिमान दिवस पर नगर निगम संस्कृति विभाग द्वारा 19 जुलाई को प्रातः 11 बजे नवीन मार्केट स्थित मूर्ति के समक्ष पुष्पांजलि आयोजन रायपुर - नगर पालिक निगम रायपुर के संस्कृति विभाग के तत्वावधान में नगर पालिक निगम जोन क्रमांक 4 के सहयोग से छत्तीसगढ़ राज्य के प्रणेता प्रथम दृष्टा डॉक्टर खूबचंद बघेल की जयन्ती स्वाभिमान दिवस पर दिनांक 19 जुलाई 2025 को प्रातः 11 बजे राजधानी शहर रायपुर में जी.ई. मार्ग में नवीन मार्केट स्थित मूर्ति के समक्ष नमन करने पुष्पांजलि आयोजन रखा गया है। पुष्पांजलि आयोजन हेतु रायपुर नगर पालिक निगम के संस्कृति विभाग की ओर से रायपुर नगर पालिक निगम जोन 4 जोन कमिश्नर को मूर्ति स्थल की आवश्यक साफ-सफाई, पुष्प, पुष्पमाला, फूलों की पंखुड़ियां आदि के साथ-साथ अन्य सामान्य यथोचित व्यवस्था करवाने निर्देशित किया गया है।

# कलिंगा विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित छात्रों एवं शिक्षकों का मानसिक स्वास्थ्य एवं कल्याण विषय पर अतिथि व्याख्यान

प्रतिदिन राजधानी,रायपुर

कलिंगा विश्वविद्यालय के शिक्षा संकाय ने 16 जुलाई 2025 को छात्रों और शिक्षकों के मानसिक स्वास्थ्य और कल्याण पर एक अतिथि व्याख्यान का सफलतापूर्वक आयोजन किया। यह कार्यक्रम शिक्षा संकाय की डीन डॉ. श्रद्धा वर्मा और शिक्षा संकाय की सहायक प्रोफेसर डॉ. सरोज नैयर के नेतृत्व में आयोजित किया गया, जिन्होंने सत्र की योजना बनाने और समन्वय करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।



व्याख्यान में चंदूलाल चंद्राकर महाविद्यालय, धमधा और नवीन महाविद्यालय, पेंड्रावन की प्राचार्य प्रो. उषा किरण अग्रवाल, सम्मानित संसाधन व्यक्ति के रूप में उपस्थित थीं। एक प्रसिद्ध शिक्षाविद् और मानसिक स्वास्थ्य अधिवक्ता, प्रो. अग्रवाल ने छात्रों और शिक्षकों के सामने आने वाली मनोवैज्ञानिक चुनौतियों और शैक्षणिक वातावरण में भावनात्मक लचीलापन और कल्याण को बढ़ावा देने के महत्व पर अपनी गहरी अंतर्दृष्टि साझा की। विभिन्न कॉलेजों के प्रतिभागियों - जिनमें छात्र और संकाय सदस्य दोनों शामिल थे - ने उत्साह के साथ सत्र में भाग लिया। प्रोफेसर अग्रवाल के संबोधन में तनाव प्रबंधन, भावनात्मक बुद्धिमत्ता, सचेतन अभ्यास और संस्थागत मानसिक स्वास्थ्य सहायता जैसे प्रमुख पहलुओं को शामिल किया गया। व्याख्यान में खुले संवाद और आत्मचिंतन को प्रोत्साहित किया गया, जिसका सभी उपस्थित लोगों पर गहरा प्रभाव पड़ा। इस सत्र को जानकारीपूर्ण, संवादात्मक और अत्यंत समृद्ध बताया गया।

**छत्तीसगढ़ के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए बैठक में हुए शामिल**

# मंत्री जेपी नड्डा की अध्यक्षता में नेशनल एआरटी एवं सरोगेसी बोर्ड की बैठक संपन्न

प्रतिदिन राजधानी,रायपुर

नेशनल एआरटी एवं सरोगेसी बोर्ड के 4 सदस्य राज्यों में शामिल है छत्तीसगढ़

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जे. पी. नड्डा जी की अध्यक्षता में नेशनल एआरटी ऐंड सेरोगेसी एक्ट 2021 के तहत छठवें नेशनल एआरटी ऐंड सेरोगेसी बोर्ड की बैठक हाइब्रिड मोड में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजित की गई। बैठक में केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी एवं बोर्ड के सदस्य राज्यों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। बोर्ड के सदस्य के रूप में छत्तीसगढ़ , चंडीगढ़, तमिलनाडु एवं तेलगांना राज्य




शामिल हैं। छत्तीसगढ़ राज्य की तरफ से स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, स्वास्थ्य विभाग के सचिव अमित कटारिया तथा आयुक्त सह संचालक स्वास्थ्य सेवाएं डॉ प्रियंका शुक्ला बैठक में उपस्थित रहे। बोर्ड की बैठक में तीन अहम मुद्दों को सर्व सहमति से पारित किया गया। इसके तहत देश के अंदर या बाहर भ्रूण/युग्मक के अंतरण के अनुमति हेतु 884 मामलों के प्रकरणों को स्वीकृति दी गई। इसके साथ ही भारतीय मूल के दंपत्ति (ओसीआई) के 14 मामलों में अधिनियम के तहत सरोगसी हेतु स्वीकृति दी गई। एक अन्य मामले में एक केंद्र से दूसरे केंद्र में क्रायोप्रिजर्व के सामूहिक हस्तांतरण (केंद्र के बंद होने के कारण) के तीन प्रकरणों में स्वीकृति दी गई।

स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने बैठक में एक अहम सुझाव देते सरोगेसी के लिए अधिनियम में निर्धारित उम्र सीमा पर पुर्नविचार कर एक्ट में संशोधन किये जाने की बात कही, इसके लिये केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा ने छत्तीसगढ़ के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल की सराहना की गई।

बैठक को संबोधित करते हुए केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने एआरटी एवं सेरोगेसी एक्ट को मानवता के विकास के कदम में एक आवश्यक कदम बताया। उन्होंने बैठक में कहा कि आज जो एजेंडा पारित हुए हैं उससे समाज को लाभ मिलेगा।

## अपराध डायरी

# सूने मकान में लाखों की चोरी करने वाला आरोपी गिरफ्तार

प्रतिदिन राजधानी,रायपुर

थाना विधानसभा क्षेत्र के ग्राम दोंदेखुर्द में सूने मकान से लाखों की चोरी करने वाले आरोपी तरुण जोशी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी के कब्जे से 12.5 ग्राम सोना और 40 तोला चांदी के जेवरात बरामद किए गए हैं, जिनकी अनुमानित कीमत करीब 2 लाख रुपये बताई जा रही है।

घटना के संबंध में प्रार्थी नोमेश कुमार देवांगन ने पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 15 नवंबर की रात उनके बड़े पिता और माता घर में ताला लगाकर उनके घर सोने आए थे। अगली सुबह लौटने पर उन्होंने पाया कि घर का मुख्य दरवाजा और अलमारी का ताला टूटा हुआ है और जेवरात व नकदी चोरी हो चुकी है। इस मामले में अपराध क्रमांक 703/24, धारा 331(4), 305(1) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया।



वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. लाल उमेद सिंह के निर्देश पर एंटी क्राइम एंड साइबर यूनिट तथा थाना विधानसभा पुलिस की संयुक्त टीम गठित कर मामले की जांच की गई। पुलिस ने मौके का निरीक्षण, सीसीटीवी फुटेज की जांच और मुखबिरों से मिली सूचना के आधार पर तकनीकी विश्लेषण करते हुए आरोपी तरुण जोशी को चिह्नित किया और गिरफ्तार किया।

पूछताछ में आरोपी ने अपराध कबूल कर लिया। वह पूर्व में भी चोरी के मामलों में जेल जा चुका है। आरोपी से सोने और चांदी के आभूषण बरामद कर लिए गए हैं।

# बघेल के समर्थक आशीष शिंदे पर हुआ हमला अस्पताल में किया गया दाखिल

प्रतिदिन राजधानी,रायपुर



राजधानी रायपुर की केंद्रीय जेल में दो दिन के भीतर दूसरी बार जेल में कैदियों के बीच गैंगवार के हालात देखने को मिले हैं। खबर है कि दो कैदियों महेश रात्रे और जामवंत ने आशीष शिंदे और उसके एक साथी रहमान पर जेल के भीतर जानलेवा हमला किया। दोनों पर नुकीले औजार कटर से वार किया गया, जिससे वे घायल हो गए। इन कैदियों को मेकाहारा में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज जारी है।

बता दें कि इससे पहले बुधवार को एक जेल प्रहरी (सिपाही) के साथ भी मारपीट की घटना सामने आई थी। लगातार हो रही इन घटनाओं से स्पष्ट है कि जेल के भीतर गिरोहों के बीच तनाव चरम पर है और गैंगवार की स्थिति बन चुकी है। सूत्रों के अनुसार, जेल में प्रतिद्वंद्वी गुटों के बीच वर्चस्व की लड़ाई चल रही है, जिसकी वजह से लगातार हिंसक झड़पें हो रही हैं। सुरक्षा के लिहाज से संवेदनशील माने जाने वाले केंद्रीय जेल में इस प्रकार की घटनाएं जेल प्रशासन की कार्यशैली पर गंभीर सवाल खड़े कर रही हैं। फिलहाल, जेल प्रशासन द्वारा घटना की आंतरिक जांच शुरू कर दी गई है और हमला करने वाले कैदियों की पहचान की जा रही है। साथ ही, जेल में सुरक्षा बढ़ाने के लिए अतिरिक्त कदम उठाने की बात कही जा रही है। इस हमले की पृष्ठभूमि राजनीतिक और आपराधिक रंजिश से जुड़ी बताई जा रही है। पुलिस ने इस पर अभी औपचारिक पुष्टि नहीं की है लेकिन जांच की दिशा राजनीतिक दुश्मनी और गुटबाजी की ओर इशारा कर रही है। की मदद करने के मामले में जेल में बंद हैं। केके श्रीवास्तव को भूपेश बघेल का करीबी माना जाता है, ऐसे में पूरे घटनाक्रम ने कांग्रेस के भीतर मचे गुटीय संघर्ष को फिर से उजागर कर दिया है। फिलहाल, पुलिस और जेल प्रशासन ने मामले की गंभीरता से जांच शुरू कर दी है

# भारतमाला मुआवजा घोटाला- दो अधिकारी समेत छह को भेजा न्यायायिक हिरासत में

रायपुर (प्रतिदिन राजधानी)

भारतमाला प्रोजेक्ट के तहत भूमि अधिग्रहण में मुआवजा घोटाले की जांच कर रही आर्थिक अपराध अन्वेषण शाखा (EOW) ने एक और बड़ी कार्रवाई की है। EOW ने जल संसाधन विभाग के दो रिटायर्ड अधिकारियों समेत कुल 6 लोगों को गिरफ्तार किया। सभी आरोपियों को रायपुर स्थित विशेष न्यायालय में पेश किया गया, जहां सुनवाई के बाद उन्हें रिमांड पर भेज दिया गया।

गिरफ्तार आरोपियों में जल संसाधन विभाग के सेवानिवृत्त अमीन गोपाल राम वर्मा और नरेन्द्र कुमार नायक के अलावा खेमराज कोसले, पुनुराम देशलहरे, भोजराम साहू और कुंदन बघेल शामिल हैं। कोर्ट ने गोपाल राम वर्मा और नरेन्द्र कुमार नायक को 23 जुलाई तक, जबकि अन्य चार आरोपियों को 18 जुलाई तक की रिमांड पर भेजा है।

प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि जल संसाधन विभाग के अधिकारियों ने जानबूझकर फर्जी रिपोर्ट तैयार की थी, जिसके आधार पर मुआवजा वितरण में हेराफेरी की गई। बाकी आरोपियों ने फरार चल रहे कुछ राजस्व कर्मियों के साथ मिलकर बटांकन, मुआवजा निर्धारण और दस्तावेज़ों की प्रक्रिया में गंभीर फर्जीवाड़ा कर किसानों से मोटी रकम कमीशन के रूप में वसूली थी।

इससे पहले इसी घोटाले में श्वह्ङ्क ने उमा तिवारी, केदार तिवारी, विजय जैन और हरमीत खनूजा को गिरफ्तार किया था। कल छत्तीसगढ़ के चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा ने इन चारों की नियमित जमानत मंजूर कर ली है। इस प्रकार अब तक इस मामले में कुल 10 गिरफ्तारियां हो चुकी हैं।

सूत्रों के अनुसार, जांच के दौरान और भी अधिकारियों और कर्मचारियों की भूमिका संदिग्ध पाई गई है। ईओडब्ल्यू आने वाले दिनों में पूछताछ और

# चैतन्य बघेल की गिरफ्तारी के विरोध में कांग्रेस का धरना



प्रतिदिन राजधानी,रायपुर

कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव एवं पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के पुत्र चैतन्य बघेल के खिलाफ ईडी के द्वारा की गई गिरफ्तारी के विरोध में राजीव गांधी चौक पर मोदी सरकार और ईडी के खिलाफ कांग्रेस के विधायक एवं वरिष्ठ नेताओं, कार्यकर्ताओं ने धरना देकर विरोध जताया। धरना प्रदर्शन में भूपेश बघेल, नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत, पूर्व मंत्री रविंद्र चौबे, पूर्व मंत्री मोहम्मद अकबर, पूर्व मंत्री अनिला भेड़िया, पूर्व मंत्री उमेश पटेल, पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल, पूर्व राज्यसभा सदस्य छाया वर्मा, लखेश्वर बघेल, भोलाराम साहू, राष्ट्रीय सचिव एवं विधायक देवेंद्र यादव, विक्रम मंडावी, रामकुमार यादव, यशोदा वर्मा, अंबिका मरकाम, सावित्री मंडावी, बालेश्वर साहू, अटल श्रीवास्तव, चतुरी नंद, हर्षिता बघेल, संगीता सिन्हा, कविता प्राण लहरे राघवेंद्र सिंह, विद्यावती सिदार, उत्तरी जांगड़े, संदीप साहू, द्वारकाधीश यादव, जनकराम ध्रुव, फूल सिंह राठिया, व्यास कश्यप, शेषराज हरबंस, इंद्र साव मंडावी, ओंकार साहू, दिलीप लहरिया, कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला, गिरीश देवांगन, महेन्द्र छाबड़ा, धनंजय सिंह ठाकुर, सुरेन्द्र वर्मा, अजय साहू, पूर्व विधायक विकास उपाध्याय, प्रमोद दुबे, एनएसयुआई अध्यक्ष नीरज पांडे, युवा कांग्रेस अध्यक्ष आकाश शर्मा, गिरीश दुबे, उधो वर्मा, राजेश ठाकुर, सत्यप्रकाश सिंह, अजय गंगवानी एवं ऋषभ चंद्राकर उपस्थित थे।



# हीरोइन बनीं तो ताने मिले, तीन बार सुसाइड करने की कोशिश की : प्रियंका

## शाहरुख, अक्षय और शाहिद को डेट किया, देसी गर्ल से बनीं ग्लोबल स्टार



एक्ट्रेस प्रियंका चोपड़ा ने अपने दम पर बॉलीवुड से लेकर हॉलीवुड तक अपनी एक्टिंग के बदौलत गहरी छाप छोड़ी है। ग्लोबल स्टार के तौर पर जानी जाने वाली प्रियंका आज बेहतरीन लाइफस्टाइल जी रही हैं, लेकिन इसके पीछे बहुत मेहनत, दर्द और हिम्मत की सच्ची कहानी छिपी है। मिस वर्ल्ड का खिताब जितने के बाद भी प्रियंका को बॉलीवुड में काफी रिजेक्शन का सामना करना पड़ा। कभी उनके सांवले रंग का मजाक उड़ाया गया, तो कभी काली बिल्ली और डस्की कहा गया। एक एक्ट्रेस ने तो यहां तक कह दिया था कि वो हीरोइन बनने के लायक ही नहीं हैं। प्रियंका ने निर्देशक से तंग आकर फिल्म छोड़ी तो बॉलीवुड की पॉलिटिक्स से तंग आकर इंडस्ट्री छोड़ दी। आज प्रियंका ने बॉलीवुड से लेकर हॉलीवुड तक में अपने दम पर नाम और शोहरत हासिल की है।



### फिल्म इंडस्ट्री में गैरों जैसा बर्ताव किया गया

प्रियंका चोपड़ा ने पॉडकास्ट रीड द रूम में बॉलीवुड में मिले रिजेक्शन के बारे में बात की थी। प्रियंका ने बताया था- मुझे कई वजहों से रिजेक्शन का समाना करना पड़ा था। कभी मुझे कहा जाता था कि रोल के लिए फिट नहीं हूं। कभी फेवरेटिज्म की वजह से तो कभी किसी की गर्लफ्रेंड की वजह से मुझे फिल्म में कास्ट नहीं किया गया। इंडस्ट्री में एक समय ऐसा भी था जब कोई मेरे साथ काम नहीं करना चाहता था। करियर के शुरुआत में मुझे लगभग डेढ़ साल तक रिजेक्शन का सामना करना पड़ा था।

### सांवले रंग को लेकर उड़ाया गया मजाक

इतना ही नहीं करियर के शुरुआत में प्रियंका चोपड़ा को सांवले रंग और दुबले-पतले शरीर को लेकर खूब आलोचनाओं का शिकार होना पड़ा था। प्रियंका चोपड़ा ने खुद एक इंटरव्यू के दौरान कहा था- मुझे अपने रंग के कारण बॉडी शेमिंग का सामना करना पड़ा था। मुझे काली बिल्ली और डस्की कहा जाता था। मुझे लगता था कि गोरे रंग के साथी कलाकारों की तुलना में मुझे अधिक मेहनत करनी होगी।

### निर्देशक से तंग आकर छोड़ी थी फिल्म

**इंडस्ट्री में नई होने के बावजूद एक बार प्रियंका चोपड़ा ने निर्देशक के गलत बर्ताव की वजह से फिल्म छोड़ दी थी। इस बात का खुलासा प्रियंका चोपड़ा ने अपनी ऑटोबायोग्राफी अनफिनिश्ड में की है। एक्ट्रेस ने अपनी ऑटोबायोग्राफी में बताया कि निर्देशक ने उनके साथ बुरा बर्ताव किया था, जिसके चलते उन्होंने फिल्म बीच में ही छोड़ दी थी, लेकिन तब उन्होंने किसी को कोई कारण नहीं बताया, क्योंकि उस वक्त उन्हें डर था कि लोग उन पर ही उंगली उठाएंगे। एक्ट्रेस ने अपनी ऑटोबायोग्राफी में ये भी बताया कि कैसे इंडस्ट्री में कई बार हीरो के कहने पर स्क्रिप्ट बदल दी जाती थी और महिला किरदारों को हटा दिया जाता था।**

### ऑन स्क्रीन मां ने कहा था कि कैसे हीरोइन बन गई

प्रियंका चोपड़ा ने फिल्म किस्मत में एक्ट्रेस स्मिता जयकार के साथ काम किया था। इस फिल्म में स्मिता ने प्रियंका की मां का किरदार निभाया था। फिल्मी मंत्रा मीडिया के साथ बातचीत में स्मिता जयकार ने बताया था- मैंने प्रियंका को पहली बार देखा तो वह बहुत ही दुबली-पतली और सांवली थीं। मैंने कहा कि हे भगवान, ये कैसे लोग हीरोइन बन जाते हैं। हालांकि बाद में मेरे जजमेंट पर पछतावा भी हुआ। किसकी किस्मत कब पलट जाए कुछ कह नहीं सकते हैं।

### बॉलीवुड की पॉलिटिक्स से तंग आकर छोड़ दी इंडस्ट्री

वेब सीरीज सिटाडेल के प्रमोशन के दौरान प्रियंका चोपड़ा ने बॉलीवुड की पॉलिटिक्स के बारे में खुलकर बात की थी। एक्ट्रेस ने कहा था- मुझे फिल्म इंडस्ट्री से अलग-थलग किया गया। लोग फिल्मों में मुझे कास्ट नहीं कर रहे थे। मुझे किसी कोने में धकेला जा रहा था। मैं इस खेल में माहिर नहीं हूं और इस पॉलिटिक्स से तंग आकर मैंने बॉलीवुड छोड़ दिया। मैं एक चांस की तलाश में थी, जो मुझे अमेरिका में मिला और मैं वहीं शिफ्ट हो गई।

### वर्जिनटी के बयान पर मचा बवाल

प्रियंका चोपड़ा ने कुछ समय पहले वर्जिनटी को लेकर ऐसा कुछ कह दिया था जिससे काफी बवाल मच गया था। प्रियंका ने अपने स्टेटमेंट में कहा था- बीवी बनाने के लिए वर्जिन लड़की मत ढूंढो , ऐसी महिला की तलाश करो जिसका आचरण अच्छा हो। वर्जिनिटी तो एक ही रात में खत्म हो जाती है, लेकिन आचरण हमेशा के लिए साथ रहता है। एक्ट्रेस के इस बयान पर काफी बवाल मचा था। वायरल पोस्ट के बाद प्रियंका ने कहा था कि यह फेक है। ये मैं नहीं हूं, यह मेरा कोट और मेरी आवाज नहीं है।

### सच्चा प्यार नसीब नहीं हो सका

प्रियंका चोपड़ा ने हाल ही में अपने लव अफेयर्स और ब्रेकअप्स के बारे में बात की थी। एक्ट्रेस ने कहा था कि वह हर रिश्ते को परफेक्ट बनाने की कोशिश में लगी रहीं, लेकिन सच्चा प्यार नसीब नहीं हो सका और सभी के साथ उनका ब्रेकअप काफी खराब लेवल पर हुआ था। हालांकि प्रियंका ने अपने इस खुलासे में किसी स्टार का नाम नहीं लिया था।

### 17 साल की उम्र में पहली बार मिला प्यार में धोखा

प्रियंका ने सिमी गरेवाल के शो 'Rendezvous With Simi Garewal' में अपने पहले रिश्ते को लेकर बात की थी। एक्ट्रेस ने कहा था- मुझे बहुत गहरा धक्का लगा था। जब दिल टूटा, उस वक्त 17 साल की थी। मैं सदमे में थी और ये समझने के लिए बहुत छोटी थी कि आखिर मैं कर क्या रही हूं? उस दौरान बस आपको ये पता होता है कि ये सही नहीं है। मैं उसकी मीठी-मीठी बातों में फंस गई थी। मेरी कजन्स मुझसे हमेशा कहती थी कि तुम ऐसा कैसे कर सकती हो, वो तुम्हारे लायक नहीं है। मुझे भी लगता था कि वो सही कह रही थी।

### फिल्में ऑफर हुई तो असीम मर्चेंट से ब्रेकअप किया

बहरहाल, न्यूज 18 में छपी खबर के मुताबिक बॉलीवुड में आने के बाद प्रियंका चोपड़ा का अफेयर असीम मर्चेंट से था। तब प्रियंका करियर के शुरुआती दिनों में मॉडलिंग करती थीं। जैसे ही प्रियंका को फिल्में ऑफर होने लगी, उन्होंने असीम मर्चेंट से ब्रेकअप कर दिया।

### तीन बार सुसाइड करने की कोशिश की

प्रियंका चोपड़ा के पूर्व मैनेजर प्रकाश जाजू ने कई ट्वीट कर यह दावा किया था कि प्रियंका चोपड़ा ने संघर्ष के दिन में दो-तीन बार खुदकुशी की कोशिश भी की थी। जाजू के मुताबिक उस दौरान प्रियंका चोपड़ा और उसके कथित ब्वॉयफ्रेंड असीम मर्चेंट में अक्सर झगड़ा होता था और कभी-कभी तो आधी रात में प्रियंका अपने दोस्त पर चिल्ला उठती थी। एक बार तो अपने दोस्त से झगड़कर प्रियंका चोपड़ा मुंबई के वसई इलाके में खुदकुशी करने चली गई थी। उस वक्त मैंने उसे समझाया था कि वह कोई ऐसा कदम नहीं उठाए। यहां तक कि प्रियंका असीम मर्चेंट की मां से काफी करीब थी। 2002 में असीम की मां की मौत के बाद तो प्रियंका चोपड़ा अपनी बिल्डिंग से नीचे कूद गई थी। सुसाइड वाली बात पर चुप्पी तोड़ते हुए प्रियंका ने कहा था कि जो आदमी मुझे परेशान करने की वजह से जेल में जा चुका हो, उसके बात पर कोई कैसे विश्वास कर सकता है।

### हरमन बावेजा के साथ 5 साल तक रिलेशनशिप में रहीं

प्रियंका की लाइफ में हरमन बावेजा भी आए। प्रियंका और हरमन ने लव स्टोरी 2050 और 'व्हाट्स योर राशि' में काम किया था। इसी दौरान दोनों के बीच नजदीकियां बढ़ी। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो दोनों 5 साल तक रिलेशनशिप में रहे और फिर दोनों का ब्रेकअप हो गया। ब्रेकअप की वजह हरमन का फ्लॉप करियर बताया जाता है।

### शाहिद कपूर के साथ होने वाली थी सगाई

प्रियंका चोपड़ा का नाम शाहिद कपूर के साथ भी जुड़ा था। शाहिद कपूर ने प्रियंका को डेट करने की बात कबूल की थी। दोनों की साथ होने की खबरें तब सामने आईं, जब एक दिन आयकर विभाग ने सुबह-सुबह एक्ट्रेस के घर पर रेड डाली और शाहिद ने दरवाजा खोला। इन खबरों के आने के बाद इंडस्ट्री में खूब तहलका मच गया था।

### अक्षय को प्रियंका के साथ काम करने पर ट्विंकल ने लगाई थी पाबंदी

अक्षय और प्रियंका ने एक साथ कई फिल्में कीं। दोनों की केमिस्ट्री को दर्शकों ने खूब पसंद किया। इसी के साथ दोनों के बीच नजदीकियों के खूब चर्चे रहे। अक्षय कुमार की पत्नी ट्विंकल खन्ना को जैसे ही इसकी भनक लगी तो उन्होंने अक्षय को हिदायत देते हुए, प्रियंका के साथ काम करने पर ही पाबंदी लगा दी थी।

### शाहरुख के साथ नाम जुड़ा तो गौरी खान आग बबूला हो गईं

शाहरुख खान के साथ भी प्रियंका चोपड़ा का नाम जुड़ा था। इस खबर ने तो इंडस्ट्री में हलचल मचा दी थी। दोनों ने फिल्म डॉन में काम किया और तभी दोनों के करीब आने की खबरें छपने लगीं थीं। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो उस वक्त दोनों ही एक-दूसरे के साथ इस रिश्ते में काफी सीरियस थे। दोनों के रिश्ते की खबरों पर गौरी इतनी आग बबूला हुईं कि उन्होंने शाहरुख को प्रियंका के साथ काम करने पर पाबंदी लगा दी थी।

### प्रियंका-निक की शाही शादी

दो सालों तक एक-दूसरे को डेट करने के बाद प्रियंका चोपड़ा और निक जोनस ने 1 दिसंबर 2018 को राजस्थान के उम्मेद भवन में हिंदू और क्रिश्चियन रीति-रिवाज से शादी कर ली थी। प्रियंका और निक की शादी साल 2018 के सबसे चर्चित वेडिंग फंक्शन में से एक था। चार साल तक अपनी मैरिड लाइफ का लुत्फ उठाने के बाद 2022 में कपल ने एक बेटी का स्वागत किया, जिसका नाम मालती मैरी चोपड़ा जोनस है। कपल सरोगेसी के जरिए पेरेंट्स बने हैं।

# पंजाब के शहीद सेखों, जिनका रोल दिलजीत दोसांझ कर रहे

## 1971 की जंग में 6 पाकिस्तानी जेट खदेड़े वायुसेना के इकलौते परमवीर चक्र विजेता

पंजाबी एक्टर व सिंगर दिलजीत दोसांझ पाकिस्तानी एक्ट्रेस हानिया आमिर के साथ काम करने को लेकर सुर्खियों में हैं। जिसके बीच वह बॉर्डर-2 मूवी की शूटिंग में व्यस्त हैं। इस मूवी में वह एक एयरफोर्स अफसर का किरदार निभा रहे हैं। दिलजीत जिस एयरफोर्स अफसर का रोल कर रहे, वह फ्लाइंग अफसर शहीद निर्मलजीत सिंह सेखों हैं। शहीद सेखों पंजाब में लुधियाना के छोटे से गांव इसेवाल के रहने वाले हैं। वह एयरफोर्स के इकलौते परमवीर चक्र विजेता हैं। 1971 की भारत-पाक जंग में उन्होंने पाकिस्तान के 6 फाइटर जेट को अकेले ही वापस खदेड़ दिया था। इनमें से 2 को उन्होंने मार भी गिराया। इसी दौरान वे शहीद हो गए थे। तब उनकी शादी को महज 6 महीने की ही टाइम हुआ था। शहीद सेखों की इस बहादुरी की पाकिस्तानी एयरफोर्स भी प्रशंसक रही। पाकिस्तानी एयरफोर्स के पूर्व अधिकारी कैसर तुफैल ने अपनी किताब में कबूला था कि निर्मलजीत को पाकिस्तानी पायलटों ने एक शानदार विरोधी माना था।

### शहीद फ्लाइंग अफसर निर्मलजीत सिंह सेखों की पूरी कहानी

**इंजीनियरिंग की पढ़ाई छोड़ एयरफोर्स अफसर बने :** 17 जुलाई 1945 को जन्मे सेखों बचपन से ही वायुसेना से प्रेरित थे। उन्होंने इंजीनियरिंग की पढ़ाई बीच में छोड़कर देश के लिए आसमान में उड़ने का सपना पूरा किया। इन्फॉर्मेशन एंड ब्रॉडकास्टिंग मंत्रालय की ओर से तैयार की गई वीरों की गाथा सिरीज में निर्मलजीत सिंह सेखों की बहन इंद्रजीत बोपाराय ने कहा- उनका (निर्मलजीत ) सपना बचपन से ही था कि देश के लिए कुछ बड़ा करें। इंजीनियरिंग की पढ़ाई शुरू की थी, लेकिन सिर्फ डेढ़ साल में छोड़ दी। उन्हें सिर्फ एक बात की लगन थी, डिफेंस में जाना है, चाहे आर्मी हो या एयरफोर्स। आखिरकार 1964 में उन्होंने एयरफोर्स को चुना और अपने सपने को पूरा किया।

**इकलौते बेटे की बात सुन कहा था, मर तो जाना ही है :** उनके जीजा और बचपन के दोस्त कर्नल एसपीएस बोपाराय बताते हैं- बचपन में एक दिन सभी दोस्त इकट्ठे थे। तभी सभी ने सैनिक बन कर खेलने का फैसला किया। एक टीम के लीडर निर्मलजीत बन गए। उनकी शुरुआत की जिंदगी से ही एक हीरो की झलक थी। चाचा जगजीत सिंह सेखों कहा करते थे- जट्टों (माता-पिता) के एक ही बेटे हो। इसका जवाब निर्मलजीत सिंह यह कहते हुए देते थे- जब मरना है, मर ही जाना है।

**पाकिस्तान के 6 सेबर जेट विमानों ने अचानक हमला किया :** 3 दिसंबर, 1971 के भारत-पाकिस्तान युद्ध की शुरुआत दरअसल पाकिस्तान की आंतरिक समस्या से हुई थी। युद्ध की शुरुआत के बाद भारत के महत्वपूर्ण रक्षा ठिकानों पर पाकिस्तानी हमलों का खतरा बढ़ गया था। 14 दिसंबर 1971 को श्रीनगर एयरफील्ड पर पाकिस्तान के 6 सेबर जेट विमानों ने अचानक हमला कर दिया। सुरक्षा टुकड़ी की कमान संभालते हुए फ्लाइंग ऑफिसर निर्मलजीत सिंह यहां 18 नेट स्क्वॉड्रन के साथ तैनात थे। दुश्मन स्न्र-86 सेबर जेट विमानों के साथ आया था। उस समय निर्मलजीत के साथ फ्लाइंग लेफ्टिनेंट घुम्मन भी मौजूद थे।

**निर्मल ने बिना ऑर्डर उड़ान भरने का निर्णय लिया :** सुबह 8 बजकर 2 मिनट पर चेतावनी मिली कि दुश्मन आक्रमण करने वाला है। निर्मलजीत सिंह और घुम्मन ने दुश्मनों से लोहा लेने के लिए उड़ान भरने का संकेत दिया और ऑर्डर मिलने का इंतजार करने लगे। जब कुछ देर तक कोई ऑर्डर नहीं मिला तो निर्मलजीत सिंह ने बिना ऑर्डर उड़ान भरने का निर्णय लिया। ठीक 8 बजकर 4 मिनट पर दोनों वायुसेना अधिकारी दुश्मन का सामना करने के लिए आसमान में थे। उस समय पाकिस्तान का पहला स्न्र-86 सेबर जेट एयरफील्ड पर हमले की तैयारी कर रहा था। एयरफील्ड से पहले घुम्मन के जहाज ने रनवे छोड़ा था। इसके बाद जैसे ही निर्मलजीत सिंह का जेट उड़ा, रनवे पर उनके ठीक पीछे एक बम आकर गिरा। घुम्मन उस समय एक सेबर जेट का पीछा कर रहे थे। सेखों ने हवा में आकर 2 पाकिस्तानी विमानों का सामना किया, इनमें से एक जहाज वही था, जिसने एयरफील्ड पर बम गिराया था।

**मैं 2 सेबर जेट जहाजों के पीछे हूं...मैं उन्हें जाने नहीं दूंगा :** बम गिरने के बाद एयरफील्ड से कॉम्बेट एयर पेट्रोल का संपर्क निर्मलजीत सिंह और घुम्मन से टूट चुका था। बम गिरने के कारण सारी एयरफील्ड धुएं और धूल से भर गई थी। धुएं और धूल के कारण दूर तक देख पाना बेहद मुश्किल हो रहा था। तभी फ्लाइट कमांडर स्क्वॉड्रन लीडर पठानिया को नजर आया कि कोई 2 हवाई जहाज हमले की तैयारी में हैं।



## प्रतीका रावल और इंग्लैंड टीम पर आईसीसी ने लगाया जुर्माना



नई दिल्ली।

इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल ने भारतीय विमेंस टीम की ओपनर प्रतीका रावल पर मैच फीस का 10 प्रतिशत जुर्माना के साथ ही एक डिमेरिट पॉइंट भी दिया है। जबकि इंग्लैंड टीम स्लो ओवर रेट के लिए मैच फीस का 5 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है। रावल पर दो अलग-अलग घटनाओं के कारण यह कार्रवाई हुई। 18वें ओवर में रन लेते समय उन्होंने गेंदबाज लॉरेन फाइलर के साथ अनावश्यक शारीरिक संपर्क किया। इसके बाद, अगले ओवर में आउट होने के बाद पवेलियन लौटते समय उन्होंने गेंदबाज सोफी एक्लेस्टोन के साथ भी ऐसा ही अनुचित संपर्क किया।

### इंग्लैंड निर्धारित समय से एक ओवर पीछे थी

वहीं, इंग्लैंड महिला टीम पर धीमी ओवर-रेट के लिए 5 प्रतिशत मैच फीस का जुर्माना लगाया गया इंग्लैंड की टीम निर्धारित समय में एक ओवर पीछे थी। आईसीसी आचार संहिता के अनुच्छेद 2.22 के अनुसार, निर्धारित समय में प्रत्येक ओवर की कमी के लिए खिलाड़ियों पर 5 प्रतिशत मैच फीस का जुर्माना लगता है।

### रावल और इंग्लैंड की कप्तान ने अपनी गलती स्वीकार ली

रावल और इंग्लैंड की कप्तान नैट साइवर-ब्रंट ने अपनी गलती स्वीकार कर ली और आईसीसी इंटरनेशनल पैनल ऑफ मैच रेफरी की सदस्य सारा बार्टलेट की ओर से प्रस्तावित सजा को मंजूर कर लिया। इसलिए, औपचारिक सुनवाई की जरूरत नहीं पड़ी।

### क्या कहता है कोड ऑफ कंडक्ट का नियम

आईसीसी कोड ऑफ कंडक्ट के मुताबिक, लेवल-1 और लेवल-2 के उल्लंघन पर 1 से 2 डिमेरिट पॉइंट्स के साथ शून्य से 50 फीसदी मैच फीस लगती है। लेवल-3 के उल्लंघन करने पर 6 टेस्ट और 12 वनडे का सस्पेंशन मिलता है। रावल पर 1 डिमेरिट पॉइंट का जुर्माना लगाया गया है। वहीं, अगर कोई खिलाड़ी 24 महीने में चार या ज्यादा डिमेरिट पॉइंट जमा करता है, तो वे सस्पेंशन पॉइंट में बदल जाते हैं, जिसके बाद खिलाड़ी पर एक टेस्ट या दो वनडे या दो टी-20 मैचों का बैन लग सकता है। डिमेरिट पॉइंट 24 महीने तक रिकॉर्ड में रहते हैं, इसके बाद वे हटा दिए जाते हैं।

## ग्लोबल सुपर लीग : बारिश ने बुझाई उम्मीदें स्टैग्स और राइडर्स के बीच मुकाबला रद्द



प्रोविडेंस स्टेडियम, (गुयाना)।

एक्सॉनमोबिल गुयाना ग्लोबल सुपर लीग (जीएसएल) के ग्रुप स्टेज का अंतिम मुकाबला बारिश की भेंट चढ़ गया, जिससे गत चैंपियन रंगपुर राइडर्स लगातार चौथी जीत दर्ज करने से चूक गई। प्रोविडेंस स्टेडियम में गुरुवार रात भारी बारिश के कारण राइडर्स और प्वाइंट टेबल में सबसे नीचे चल रही सेंट्रल स्टैग्स के बीच मुकाबला पहले 17 ओवर प्रति पारी तक सीमित किया गया, फिर और घटाकर 14 ओवर किया गया। लेकिन बारिश की दोबारा वापसी के कारण मैच को रद्द कर दिया गया। इस दौरान सिर्फ राइडर्स की पारी ही पूरी हो सकी। राइडर्स की टीम मुकाबले से पहले एक अच्छी तैयारी या चुनौती की उम्मीद कर रही थी, लेकिन उन्हें स्टैग्स के गेंदबाजों से कड़ी टक्कर मिली। मुश्किल होती पिच और भीगे मैदान पर सैफ हसन और माहिदुल इस्लाम अंकों ही दोहरे अंक में पहुंच सके। पूरी टीम मात्र 13.5 ओवर में 79 रन पर सिमट गई। हालांकि, बारिश ने राइडर्स को और शर्मिंदगी से बचा लिया, क्योंकि स्टैग्स की टीम को बल्लेबाजी का मौका ही नहीं मिल पाया और मुकाबला बिना नतीजे के समाप्त हो गया। सेंट्रल स्टैग्स का निराशाजनक अभियान इस प्रदर्शन से कुछ हद तक सकारात्मक अंत तक पहुंचा, जहां उनके गेंदबाजों ने विशेषकर निचले क्रम पर कहर ढाया। एंगस शॉ, जैडन लेनॉक्स और ब्लेयर टिकनर ने तीन-तीन विकेट झटके। प्रोविडेंस की पिच पर तेज और स्पिन दोनों ही गेंदबाजी को मदद मिलती दिखी। अब सभी निगाहें शुक्रवार रात होने वाले फाइनल मुकाबले पर टिकी हैं, जहां टूर्नामेंट की दो सबसे मजबूत टीमें-रंगपुर राइडर्स और घरेलू टीम गुयाना अमेजन वॉरियस-आमने-सामने होंगी। उम्मीद की जा रही है कि मौसम साफ रहेगा और इस साल का जीएसएल एक रोमांचक फाइनल के साथ समाप्त होगा।

## अजेय बढ़त हासिल करने उतरेगी भारतीय महिला टीम

# आज लॉर्ड्स में होगी इंग्लैंड से टक्कर

लॉर्ड्स।

भारत और इंग्लैंड की महिला टीमों के बीच जारी तीन मैचों की वनडे सीरीज का दूसरा मुकाबला आज लॉर्ड्स में खेला जाएगा। इस मैच में जीत के साथ हरमनप्रीत कौर के नेतृत्व वाली टीम सीरीज में 2-0 की अजेय बढ़त हासिल करना चाहेगी। इससे पहले भारतीय टीम ने मेजबानों को शुरुआती मुकाबले में चार विकेट से हराया था।

### अरुंधति रेड्डी ने किया प्रभावित

इंग्लैंड के खिलाफ जारी यह सीरीज महिला वनडे विश्व कप की तैयारियों के लिहाज से महत्वपूर्ण है। कई खिलाड़ियों के शानदार प्रदर्शन के कारण विश्व कप टीम में जगह बनाने के लिए प्रतिस्पर्धा बढ़ रही है, जो मुख्य कोच अमोल मजूमदार और कप्तान हरमनप्रीत कौर के लिए अच्छा सिरदर्द है। टीम में कुछ ऐसे स्थान हैं जिनमें टीम प्रबंधन के पास कई विकल्प हैं। टीम की गहराई और बेंच स्ट्रेंथ पहले कभी इतनी अच्छी नहीं रही। तेज गेंदबाज रेणुका सिंह ठाकुर और पूजा वस्त्राकर चोटिल होने के कारण इस सीरीज में नहीं खेल रही हैं। उनकी अनुपस्थिति में टीम ने पहले मैच में थोड़ी अधिक अनुभवी अरुंधति रेड्डी की जगह क्रांति गौड़ को तरजीह दी और इस 21 वर्षीय खिलाड़ी ने दो विकेट लेकर अपना प्रभाव छोड़ा।





### शेफाली बन सकती हैं हरलीन के लिए मुसीबत

प्रतिका रावल शीर्ष क्रम में स्मृति मंधाना की जोड़ीदार के लिए पसंदीदा विकल्प के रूप में उभरी हैं, जबकि शेफाली वर्मा भी टी20 अंतरराष्ट्रीय, महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) और घरेलू क्रिकेट में अपने फॉर्म के कारण दावेदार बनी हुई हैं। हरलीन देओल भी अच्छी फॉर्म में हैं और अगर शेफाली निकट भविष्य में अंतिम एकादश में वापसी करती हैं तो रावल को तीसरे नंबर पर उतारा जा सकता है। ऐसी स्थिति में देओल को टीम में शामिल करना मुश्किल होगा, जिसके बल्लेबाजी विभाग में हरमनप्रीत, जेमिमा रोड्रिग्स, दीप्ति शर्मा और ऋचा घोष भी शामिल हैं। स्पिन विभाग भी काफी मजबूत है जिसमें अब तक शानदार प्रदर्शन करने वाली बाएं हाथ की स्पिनर एन श्री चरणी के अलावा अनुभवी दीप्ति, स्नेहा राणा और राधा यादव भी शामिल हैं।

### भारत की नजर अजेय बढ़त पर

पहले वनडे में नाबाद अर्धशतक जमा कर भारत को जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाने वाली दीप्ति ने अपनी इस पारी के दौरान ऋषभ पंत की तरह एक हाथ से छक्का लगाया था। शनिवार को होने वाले मैच में उनके प्रदर्शन पर सभी की निगाह टिकी रहेगी। भारतीय महिला टीम ने इससे पहले इंग्लैंड को टी20 सीरीज में हराया था और अब वनडे सीरीज जीतने से उसका 30 सितंबर से शुरू होने वाले वनडे विश्व कप के लिए मनोबल और बढ़ेगा। जहां तक इंग्लैंड की टीम का सवाल है तो उसको जीत हासिल करने के लिए खेल के तीनों विभाग में अच्छा प्रदर्शन करना होगा।

### टीमें इस प्रकार हैं

**भारत :** हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना (उप-कप्तान), प्रतीका रावल, हरलीन देयोल, जेमिमा रोड्रिग्स, ऋचा घोष (विकेटकीपर), यास्तिका भाटिया (विकेटकीपर), तेजल हसब्निस, दीप्ति शर्मा, स्नेह राणा, श्री चरणी, शुचि उपाध्याय, अमनजोत कौर, अरुंधति रेड्डी, क्रांति गौड़, सयाली सतघरे।

**इंग्लैंड :** नेट सिवर-ब्रंट (कप्तान), एम अर्लट, टैमी ब्यूमोंट, लॉरेन बेल, माइया बाउचियर, एलिस कैप्सी, केट क्रॉस, एलिस डेविडसन-रिचर्ड्स, चार्ली डीन, सोफिया डंकले, सोफी एक्लेस्टोन, लॉरेन फाइलर, एमी जोन्स, एम्मा लैम्ब, लिंसे स्मिथ।

## बीसीसीआई को 2023-24 में 9742 करोड़ की कमाई हुई

### इसमें से 5761 करोड़ आईपीएल से आए, बोर्ड के पास 30 हजार करोड़ रिजर्व में हैं

नई दिल्ली।

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने फाइनेंशियल ईयर 2023-24 में रिकॉर्ड तोड़ कमाई की है और इसकी कुल आय 9742 करोड़ रुपए रही। एक फर्म रेडिफ्यूजन की एक रिपोर्ट के अनुसार, इस कमाई का सबसे बड़ा हिस्सा इंडियन प्रीमियर लीग से आया। आईपीएल ने अकेले 5,761 करोड़ रुपए का योगदान दिया। यानी बोर्ड की कुल कमाई का 59% हिस्सा आईपीएलसे आया। गैर-आईपीएल मीडिया राइट्स से बीसीसीआई को 361 करोड़ रुपए की आमदनी हुई। आईपीएल अब बीसीसीआई की सबसे बड़ी आय का सोर्स बन चुका है और रणजी ट्रॉफी समेत घरेलू क्रिकेट के खिलाड़ियों को बड़े मौके भी दे रहा है।



**बीसीसीआई के पास 30,000 करोड़ रुपए रिजर्व में :** रेडिफ्यूजन के मैनेजिंग डायरेक्टर संदीप गोयल ने कहा, बीसीसीआई के पास रणजी ट्रॉफी, दलीप ट्रॉफी और सीके नायडू ट्रॉफी जैसे डोमेस्टिक टूर्नामेंट को व्यवसायिक बनाने की बड़ी क्षमता है, जिससे गैर-आईपीएल राजस्व बढ़ सकता है। बोर्ड के पास करीब 30,000 करोड़ रुपए रिजर्व में है, जिससे हर साल लगभग 1,000 करोड़ रुपए ब्याज मिलता है।

**मीडिया राइट्स :** मीडिया और ब्रॉडकास्टिंग राइट्स, यानी आईपीएल के मैचों के टेलीकास्ट करने का अधिकार। मैच के लाइव टेलिकास्ट के अलावा हाइलाइट्स तक सिर्फ वही कंपनी दिखा सकती है जिसके पास मीडिया राइट्स हों। इससे ही बीसीसीआई को सबसे ज्यादा रेवेन्यू मिलता है।

**टाइटल स्पॉन्सरशिप :** साल 2008 में टाइटल स्पॉन्सरशिप के लिए सालाना 50 करोड़ दिए गए थे। वहीं 2023 में ये आंकड़ा सालाना 300 करोड़ से ज्यादा हो गया। टाटा और बीसीसीआई के बीच दो साल की डील हुई थी, इसके लिए कुल 600 करोड़ दिए गए।

**फ्रेंचाइजी फीस :** कोई भी नई टीम जब आईपीएल का हिस्सा बनती है, इसके लिए फ्रेंचाइजी फीस देनी होती है। ये पूरा प्रोसेस बोली लगाकर होता है, जिसमें अलग-अलग कंपनियां या ग्रुप टीम खरीदने के लिए बिडिंग प्रोसेस का हिस्सा बनते हैं। साल 2022 में जब गुजरात टाइटंस और लखनऊ सुपरजायंट्स लीग का हिस्सा बनीं, तो बीसीसीआई के खाते में 12500 करोड़ जुड़ गए।

### फ्रीस्टाइल शतरंज ग्रैंड स्लैम

## अर्जुन एरिगैसी सेमीफाइनल में

नई दिल्ली।



लास वेगास में चल रहे फ्रीस्टाइल शतरंज ग्रैंड स्लैम 2025 में भारत के अर्जुन एरिगैसी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सेमीफाइनल में जगह बना ली है। शुक्रवार को खेले गए क्वार्टरफाइनल में उन्होंने उज्बेकिस्तान के नोडिरबेक अब्दुसत्तारोव को हराकर यह उपलब्धि हासिल की। वहीं दूसरी ओर, भारत के ही आर. प्रज्ञनानंद को कड़े मुकाबले में हार का सामना करना पड़ा। अमेरिका के दिग्गज ग्रैंडमास्टर फैबियानो कारुआना के खिलाफ उनका मैच बेहद रोमांचक रहा, जो क्लासिकल, रैपिड और ब्लिट्ज तीनों प्रारूपों में जीतों के आदान-प्रदान के बाद आर्मागेडन तक पहुंचा। इस टूर्नामेंट का यह पहला आर्मागेडन मुकाबला था, जिसमें कारुआना ने काले मोहरों से बाजी मार ली। अर्जुन एरिगैसी का मुकाबला अब सेमीफाइनल में लेवोन आरोनियन से होगा, जिन्होंने हिकारू नाकामुरा को टाईब्रेक में हराया। इस बीच, निचली ब्रैकेट में भारत के विदित गुजराती को मैग्नस कार्लसन ने हराते हुए इंटरमीडिएट मैच स्टेज 1 में प्रवेश किया है। इस चरण में कार्लसन का मुकाबला अब प्रज्ञनानंद से होगा।

## डिओगो जोटा को वुल्व्स हॉल ऑफ फेम में किया गया शामिल

लंदन।

वुल्व्स फुटबॉल क्लब ने पुर्तगाल के स्टार खिलाड़ी डिओगो जोटा को अपने हॉल ऑफ फेम में शामिल किए जाने की घोषणा की। यह सम्मान उन्हें मैदान पर उनकी शानदार उपलब्धियों और उनके असामयिक निधन से फुटबॉल जगत पर पड़े गहरे प्रभाव को श्रद्धांजलि स्वरूप दिया गया है। क्लब के अनुसार, जोटा और उनके छोटे भाई आंद्रे सिल्वा - जो स्वयं भी पेशेवर फुटबॉलर थे- का 3 जुलाई को स्पेन के जमोरा में एक कार दुर्घटना में निधन हो गया था। आंद्रे की उम्र मात्र 25 वर्ष थी। वुल्व्स की ओर से जारी बयान में कहा गया कि हॉल ऑफ फेम का संचालन एक स्वतंत्र समिति करती है, जिसकी अध्यक्षता क्लब के दिग्गज खिलाड़ी जॉन रिचर्ड्स करते हैं। आमतौर पर किसी खिलाड़ी को हॉल ऑफ फेम में शामिल करने का निर्णय लंबी चर्चा के बाद लिया जाता है, लेकिन इस दुखद घटना के मद्देनजर यह निर्णय सर्वसम्मति से और त्वरित रूप से लिया गया। डिओगो जोटा ने जुलाई 2017 में एटलेटिको मैड्रिड से वुल्व्स में शामिल होकर कुल 131 मैचों में 44 गोल किए थे। उन्होंने 2017-18 सीजन में टीम को चैम्पियनशिप खिताब जिताने और प्रीमियर लीग में प्रमोशन दिलाने में अहम भूमिका निभाई थी।

## लॉर्ड्स में शुभमन गिल से हुई थी बड़ी गलती, संजय मांजरेकर ने उनकी इस हरकत को बताया नेगेटिव

नई दिल्ली।

भारत और इग्लैंड के बीच खेले जा रहे एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी के तीसरे मुकाबले में भारतीय टीम को हार का सामना करना पड़ा। इस रोमांचक मुकाबले में एक ऐसा विवाद भी हुआ, जो अब तक चर्चा का विषय बना हुआ है। इंडियन क्रिकेट टीम के पूर्व बल्लेबाज संजय मांजरेकर का मानना है कि शुभमन गिल ने जैक क्रॉली के साथ बहस में आक्रामक रवैया दिखाया, लेकिन इसका उनकी बल्लेबाजी पर नेगेटिव प्रभाव पड़ा। भारतीय टीम लॉर्ड्स टेस्ट में 22 रनों से हार गई। लॉर्ड्स टेस्ट में शुभमन गिल और जैक क्रॉली के बीच तीखी बहस ने तीसरे दिन के खेल को रोमांचक बनाया।



इंग्लैंड ने चौथे दिन इसका बदला लिया। गिल 193 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए देर से बल्लेबाजी के लिए उतरे। गिल क्रीज पर असहज दिखे और ब्रायडन कार्स की गेंद पर 6 रन बनाकर आउट हो गए। गिल तब अपना विकेट गंवा बैठे जब टीम रनों के लिए लगातार संघर्ष कर रही थी और एक अच्छी साझेदारी की जरूरत थी। संजय मांजरेकर ने विराट कोहली की तुलना में शुभमन गिल की मानसिकता पर निराशा जताई। उन्होंने कहा कि कोहली दबाव में और बेहतर प्रदर्शन करते थे, जबकि गिल का रवैया, जैसे क्रॉली के साथ बहस, उनकी बल्लेबाजी पर नेगेटिव असर डाल रहा है। संजय मांजरेकर ने कहा कि शुभमन गिल के लिए जैक क्रॉली के साथ बहस एक नया अनुभव था। उन्होंने बताया कि भारतीय खिलाड़ियों को आजकल विदेशी टीमों से आमतौर पर दोस्ताना व्यवहार मिलता है, इसलिए गिल इस आक्रामक माहौल के लिए तैयार नहीं थे और अनिश्चित दिखे। मांजरेकर ने यह भी संकेत दिया कि गिल ने लॉर्ड्स में अपना आक्रामक रूप शायद इसलिए दिखाया।

## आईसीसी एनुअल मीटिंग : लॉस एंजिलिस ओलिंपिक क्वालिफिकेशन तय करने के लिए नया ग्रुप बनेगा; इंटरनेशनल क्रिकेट खेलने की न्यूनतम आयु 15 साल होगी

नई दिल्ली।

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने कई महत्वपूर्ण वैश्विक मुद्दों पर चर्चा के लिए एक वर्किंग ग्रुप बनाने का फैसला किया है। इसमें क्रिकेट के हर फॉर्मेट की संरचना और 2028 लॉस एंजिलिस ओलिंपिक के लिए क्वालिफिकेशन प्रक्रिया शामिल है। यह भी तय हुआ कि सीनियर अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में भाग लेने की न्यूनतम आयु 15 वर्ष रहेगी, लेकिन विशेष मामलों में इसकी समीक्षा की जा सकती है। यह फैसले शुक्रवार को सिंगापुर में हुई मुख्य कार्यकारी समिति की बैठक में लिए गए।

### नया वर्किंग ग्रुप बनाया जाएगा

शनिवार को एक वर्किंग ग्रुप बनाया जाएगा। इस ग्रुप में मुख्य कार्यकारी समिति और बोर्ड के सदस्य शामिल होंगे। इसका मुख्य काम 2028 ओलिंपिक के लिए क्वालिफिकेशन का तरीका सुझाना होगा। आईसीसी का मानना है कि रैंकिंग के आधार पर टीमें चुनी जा सकती हैं, लेकिन जय शाह की अध्यक्षता वाली आईसीसी ने यह निर्णय वर्किंग ग्रुप पर छोड़ दिया है। कुछ लोग क्वालिफिकेशन टूर्नामेंट कराने का सुझाव दे रहे हैं, लेकिन समय की कमी और व्यस्त फ्यूचर टूर्स प्रोग्राम के कारण यह मुश्किल है। फिर भी, ग्रुप से सभी संभावित विकल्पों की जांच करने को कहा जाएगा। अगर रैंकिंग के आधार पर क्वालिफिकेशन का सुझाव आता है, तो ग्रुप को रैंकिंग की अंतिम तारीख भी बतानी होगी।



### इंटरनेशनल प्लेयर्स की उम्र कम से कम 15 साल होगी

नए सीईओ संजोग गुप्ता की अध्यक्षता वाली बैठक में यह भी बताया गया कि अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों की न्यूनतम आयु 15 वर्ष रहेगी, जैसा कि आईसीसी की मेडिकल सलाहकार समिति ने सुझाया था। हालांकि, विशेष परिस्थितियों में छूट दी जा सकती है।

### ओलिंपिक में 6 मेंस और 6 विमेंस टीमें भाग लेंगी

ओलिंपिक में केवल 6 पुरुष और 6 महिला टीमें भाग लेंगी। टेस्ट क्रिकेट के 2-तैयार सिस्टम पर मुख्य कार्यकारी समिति में कोई चर्चा नहीं हुई, लेकिन माना जा रहा है कि वर्किंग ग्रुप से इस पर सुझाव मांगा जाएगा। साथ ही, ग्रुप से वनडे और टी20 फॉर्मेट में बदलाव के लिए भी सिफारिशें देने को कहा जाएगा। आईसीसी बोर्ड यूएसए क्रिकेट के भविष्य पर फैसला लेगा। हाल ही में एक नॉर्मलाइजेशन कमेटी ने यूएसए का दौरा किया और यूएसए से इस्तीफा देने को कहा, लेकिन यूएसए के कुछ सदस्यों ने इसका विरोध किया है। चूंकि ओलिंपिक यूएसए में होने वाले हैं, इसलिए यह फैसला बहुत महत्वपूर्ण होगा।

### कुछ ऐसी हो सकती हैं ओलिंपिक क्वालिफिकेशन प्रक्रिया

2028 लॉस एंजिलिस ओलिंपिक के लिए क्रिकेट की क्वालिफिकेशन प्रक्रिया पर आईसीसी ने अभी अंतिम फैसला नहीं लिया है। आईसीसी ने एक वर्किंग ग्रुप बनाने का निर्णय लिया है, जो क्वालिफिकेशन का तरीका सुझाएगा। इस ग्रुप को सभी संभावित विकल्पों की जांच करने को कहा गया है, जिसमें दो मुख्य सुझाव हैं-

### रैंकिंग के आधार परक्वालिफिकेशन:

आईसीसी का मानना है कि टीमें आईसीसी रैंकिंग के आधार पर चुनी जा सकती हैं। अगर यह तरीका अपनाया जाता है, तो वर्किंग ग्रुप को रैंकिंग की अंतिम तारीख भी सुझानी होगी।

### क्वालिफिकेशन टूर्नामेंट

कुछ लोग अलग से एक क्वालिफिकेशन टूर्नामेंट कराने का सुझाव दे रहे हैं। हालांकि, व्यस्त फ्यूचर टूर्स प्रोग्राम और समय की कमी के कारण यह विकल्प मुश्किल लगता है।

## लॉर्ड्स में जडेजा की पारी को लेकर गौतम गंभीर ने तोड़ी चुप्पी, कहा - हमारी टीम में ऐसा खिलाड़ी

नई दिल्ली।

इंडियन क्रिकेट टीम के मुख्य कोच गौतम गंभीर ने टीम के अन्य सदस्यों संग ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा की लॉर्ड्स टेस्ट में खेली गई अविश्वसनीय पारी को खूब सराहा। लॉर्ड्स टेस्ट के आखिरी दिन जडेजा ने 181 गेंदों का सामना किया और नाबाद 61 रन बनाए।

उनकी पारी में कभी नहीं लगा कि वह संघर्ष कर रहे हैं। भारत को जीत दिलाने की उनकी तत्परता बल्लेबाजी में साफतौर पर देखने को मिली। हालांकि, जडेजा की पारी भारत को जीत नहीं दिला सकी। सीरीज में भारत 2-1 से पिछड़ गया है। शुक्रवार को बीसीसीआई.टीवी पर पोस्ट किए गए एक वीडियो में कोच गंभीर ने कहा, यह एक अविश्वसनीय मुकाबला था। जड्डू का संघर्ष बिल्कुल शानदार था। जडेजा ने 190 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत को जीत की दौड़ में बनाए रखने में जबरदस्त धैर्य दिखाया। तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज ने कहा, टीम में एक खिलाड़ी के रूप में, जड्डू भाई



क्षेत्ररक्षण, गेंदबाजी और बल्लेबाजी में असाधारण हैं। बल्लेबाजी में जो सुधार आया है, वह टीम के लिए हर महत्वपूर्ण परिस्थिति में रन बनाते हैं। टीम के लिए ऐसा खिलाड़ी मिलना बहुत मुश्किल है। हम भाग्यशाली हैं कि हमारी टीम में ऐसा खिलाड़ी है। सहायक कोच रयान टेन डोएशेट ने कहा कि जडेजा ने जसप्रीत बुमराह और मोहम्मद सिराज के साथ 35 और 23 रनों की आक्रामक साझेदारियां भी की। उनकी बल्लेबाजी अब एक नए स्तर पर पहुंच गई है। पिछले दो टेस्ट मैचों में उन्होंने जो निरंतरता और संयम दिखाया है, वह सराहनीय है। इतने वर्षों से उन्हें खेलते हुए देखा है और अब उन्होंने जिस तरह से अपने खेल को निखारा है, उससे उनका डिफेंस बेहद मजबूत है, वो एक बेहतरीन बल्लेबाज लगते हैं। सौराष्ट्र टीम में जडेजा के साथी प्लेयर और अब भारत के बल्लेबाजी कोच सीतांशु कोटक ने उन्हें टेस्ट टीम का एक मूल्यवान सदस्य बताया। उन्होंने कहा, मुझे हमेशा से लगता था कि उनमें दबाव झेलने की क्षमता है। इतना अनुभव रखने वाला कोई भी खिलाड़ी परिपक्व होगा। वह आमतौर पर किसी भी चुनौतीपूर्ण परिस्थिति में टीम की जरूरत के हिसाब से कुछ न कुछ लेकर आते हैं। वह टीम के लिए वाकई बहुत मूल्यवान हैं।

भारत अब 23 जुलाई से मैनचेस्टर में इंग्लैंड के खिलाफ शुरू होने वाले चौथे टेस्ट मैच में वापसी करने की कोशिश करेगा, जिसके बाद 31 जुलाई से 4 अगस्त तक लंदन के द ओवल में श्रृंखला का पांचवां और अंतिम मैच खेला जाएगा। भारतीय फैंस को भी उम्मीद है कि टीम सीरीज के बाकी दोनों टेस्ट में वापसी करते हुए सीरीज पर कब्जा करेगा।

# मानसून में स्केल नहीं, सिर्फ आराम क्रॉम्पटन ने पेश किया रैपिडजेट टीडीएस 2000

**रायपुर (प्रतिदिन राजधानी)।** क्या मानसून के दौरान खराब पानी की वजह से आपके वॉटर हीटर में दिक्कतें आ रही हैं? अक्सर इस मौसम में पानी की गुणवत्ता बिगड़ जाती है और इसका असर सबसे ज्यादा आपके हीटर पर पड़ता है। ऐसे में भारत के भरोसेमंद इलेक्ट्रिकल ब्रांड क्रॉम्पटन ग्रीव्स कंज्यूमर इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड ने इस समस्या का समाधान पेश किया है रैपिडजेट टीडीएस 2000 लॉन्च किया है, जो एक अत्याधुनिक इंस्टैंट वॉटर हीटर है और कठोर पानी के लिए खासतौर पर डिज़ाइन किया गया है। यह पहली बार है जब क्रॉम्पटन ने वॉटर हीटर पोर्टफोलियो में एंटी-स्केल टेक्नोलॉजी दी गई है। यह तकनीक हीटर को स्केल जमने से बचाती है और लंबे समय तक बेहतर प्रदर्शन व कम बिजली खपत सुनिश्चित करती है। रैपिडजेट टीडीएस 2000 को खासतौर पर आधुनिक घरों के लिए तैयार किया गया है ताकि उन्हें हर मौसम में भरोसेमंद आराम और टिकाऊ दक्षता मिल सके।

इस साल मानसून समय से पहले आ गया और देशभर में जोरदार बारिश हो रही है। भारतीय मौसम विभाग के अनुसार, इस बार औसत से 105% अधिक बारिश होने की संभावना है। बारिश जहां राहत लेकर आती है, वहीं वह सतही जल स्रोतों को गंदा भी कर देती है, जिससे लोग बोरवेल के पानी पर निर्भर होने लगते हैं। यह पानी आमतौर पर कठोर और खनिजों से भरपूर होता है। भारत में बोरवेल के पानी का टीडीएस स्तर 600 से 2000 पीपीएम तक होता है – और कई बार इससे भी ज्यादा। हर साल बोरवेल गहरे खोदे जा रहे हैं, जिससे पानी की कठोरता और भी बढ़ती जा रही है। यह एक सालभर की समस्या बन चुकी है।




कठोर पानी से वॉटर हीटर के हीटिंग एलिमेंट पर स्केल जमा हो जाता है, जिससे पानी गर्म होने में अधिक समय लगता है, बिजली की खपत बढ़ जाती है और बार-बार मरम्मत की ज़रूरत पड़ती है। यही वजह है कि यह समस्या न केवल असुविधाजनक है, बल्कि खर्चीली भी साबित होती है। क्रॉम्पटन का नया रैपिडजेट टीडीएस 2000 इन सभी परेशानियों का एक प्रभावी समाधान बनकर सामने आया है। इसमें लगाया गया एंटी-स्केल तकनीक वाला हीटिंग एलिमेंट 2000 पीपीएम तक के टीडीएस स्तर वाले कठोर पानी के लिए प्रयोगशाला में सफलतापूर्वक परखा जा चुका है। इसके अलावा, इस वॉटर हीटर में फूड-ग्रेड स्टेनलेस स्टील टैंक और जंग-रोधी बाहरी संरचना भी शामिल हैं, जो इसे न केवल टिकाऊ बनाते हैं, बल्कि लंबे समय तक कुशल प्रदर्शन भी सुनिश्चित करते हैं।

मानसून के नम और चुनौतीपूर्ण महीनों में भी यह वॉटर हीटर हर दिन गर्म पानी की सुविधा के साथ आराम और भरोसा प्रदान करता है, वह भी कम बिजली खर्च के साथ। यह नया वॉटर हीटर न सिर्फ क्रॉम्पटन की तकनीकी विशेषज्ञता का प्रमाण है, बल्कि उपभोक्ताओं की उनकी उम्मीदों से भी बढ़कर सुविधा देने की कंपनी की प्रतिबद्धता को भी दर्शाता है। रैपिडजेट टीडीएस 2000 की उन्नत खूबियों से यह साफ होता है कि कंपनी ने मौसमी और क्षेत्रीय ज़रूरतों को ध्यान में रखकर इस प्रोडक्ट को तैयार किया है। इनमें कुछ प्रमुख विशेषताएं शामिल हैं-

एंटी-स्केल हीटिंग एलिमेंट - यह खासतौर पर कठोर पानी के असर को झेलने के लिए बनाया गया है। मानसून के दौरान जब पानी में अशुद्धियों की मात्रा बढ़ जाती है, तब यह एलिमेंट स्केल बनने की प्रक्रिया को रोकता है। इसका फायदा यह होता है कि पानी जल्दी और लगातार गर्म होता है, बिजली की खपत कम होती है और वॉटर हीटर की उम्र बढ़ती है। यह उन घरों के लिए बेहद उपयोगी है, जो भारी बारिश या बोरवेल पर निर्भर क्षेत्रों में स्थित हैं। 2000 पीपीएम तक के टीडीएस लेवल के लिए उपयुक्त - 2000 पीपीएम तक के टीडीएस लेवल में भी बेहतर ढंग से काम करने के लिए जांचा गया है।

# गोदरेज प्रॉपर्टीज़ ने रायपुर में किया प्रवेश

**एजेंसी, मुंबई**

स्थित डेवलपर ने प्लॉटेड डेवलपमेंट के लिए लगभग 50 एकड़ ज़मीन का अधिग्रहण किया, जिसका अनुमानित बिक्री योग्य क्षेत्र लगभग 9.5 लाख वर्ग फुट है।

भारत के अग्रणी रियल एस्टेट डेवलपर्स में से एक, गोदरेज प्रॉपर्टीज़ लिमिटेड (जीपीएल), (बीएसई स्क्रिप आईडी: GODREJPROP) ने आज लगभग 50 एकड़ ज़मीन के अधिग्रहण के साथ रायपुर में अपने प्रवेश की घोषणा की। इस ज़मीन पर मुख्य रूप से प्रीमियम प्लॉटेड आवासीय इकाइयाँ विकसित की जाएंगी और इसका अनुमानित बिक्री योग्य क्षेत्र लगभग 9.5 लाख वर्ग फुट होगा।

पुराने धमतरी रोड के पास रणनीतिक रूप से स्थित, जो एक तेज़ी से बढ़ता रियल एस्टेट हब है, यह स्थान मध्य रायपुर, रायपुर रेलवे स्टेशन और स्वामी विवेकानंद हवाई अड्डे से अच्छी कनेक्टिविटी प्रदान करता है। यह क्षेत्र मज़बूत सामाजिक बुनियादी ढांचे के साथ तेज़ी से विकास देख रहा है, जिसमें प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्थान, स्वास्थ्य सेवा और खुदरा सुविधाएं शामिल हैं। अटल पथ (रायपुर-नया रायपुर एक्सप्रेसवे) के साथ इसके एकीकरण और आगामी रायपुर-हैदराबाद और रायपुर-विशाखापत्तनम एक्सप्रेसवे के निकटता जैसे प्रमुख बुनियादी ढांचे के उन्नयन के साथ, आवासीय विकास के



लिए इस स्थान का आकर्षण और बढ़ गया है।

गौरव पांडे, एमडी और सीईओ, गोदरेज प्रॉपर्टीज़ ने कहा, हमें रायपुर जैसे गतिशील शहर में अपने प्रवेश की घोषणा करते हुए खुशी हो रही है। यह अधिग्रहण हमारी विस्तार यात्रा में एक और महत्वपूर्ण कदम है क्योंकि हम पूरे भारत में उभरते रियल एस्टेट बाज़ारों में अपनी उपस्थिति को मज़बूत करना चाहते हैं। रायपुर, आवासीय प्लॉटेड डेवलपमेंट और मज़बूत बुनियादी ढाँचे के विकास की बढ़ती मांग के साथ, एक रोमांचक अवसर प्रस्तुत करता है। यह अधिग्रहण प्लॉटेड डेवलपमेंट के माध्यम से उच्च-विकास वाले शहरों में प्रवेश करने पर हमारे ध्यान के साथ रणनीतिक रूप से भी संरेखित है। हम एक गुणवत्तापूर्ण प्लॉटेड टाउनशिप विकसित करने की उम्मीद करते हैं जो अपने निवासियों के लिए दीर्घकालिक मूल्य पैदा करे, जो क्षेत्र की बढ़ती आकांक्षाओं के अनुरूप हो।

## अदाणी एंटरप्राइजेज लिमिटेड ने एडब्ल्यूएल एग्री बिजनेस में 20 प्रतिशत हिस्सेदारी बेचकर 7,150 करोड़ रुपए जुटाए




**एजेंसी, नई दिल्ली**

अदाणी एंटरप्राइजेज लिमिटेड (एईएल) ने गुरुवार को कहा कि कंपनी ने एडब्ल्यूएल एग्री बिजनेस लिमिटेड में 20 प्रतिशत हिस्सेदारी विल्मर इंटरनेशनल की सहायक कंपनी, लेंस प्राइवेट लिमिटेड को 275 रुपए प्रति शेयर की दर से बेचने के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं।

इस डील से एईएल को करीब 7,150 करोड़ रुपए मिलेंगे। इस ताजा डील के बाद एडब्ल्यूएल में 64 प्रतिशत हिस्सेदारी के साथ विल्मर एक बड़ा शेयरधारक बन जाएगा। एईएल की सहायक कंपनी, अदाणी कमोडिटीज एलएलपी (एसीएल) के पास वर्तमान में एडब्ल्यूएल में 30.42 प्रतिशत हिस्सेदारी है।

यह बिक्री अदाणी द्वारा एडब्ल्यूएल में अपनी पूरी 44 प्रतिशत हिस्सेदारी के विनिवेश और एफएमसीजी ज्वाइंट वेंचर से बाहर निकलने की योजना का अगला चरण है।

अदाणी कमोडिटीज एलएलपी (एसीएल) और सिंगापुर स्थित विल्मर इंटरनेशनल की सहायक कंपनी लेंस प्राइवेट लिमिटेड ने दिसंबर 2024 में एक समझौता किया था, जिसमें एक-दूसरे को एडब्ल्यूएल (अदाणी विल्मर लिमिटेड) में एईएल/एसीएल के शेयर खरीदने या बेचने का विकल्प दिया गया, जिसकी कीमत 305 रुपए प्रति शेयर से अधिक नहीं होना तय किया गया। दोनों कंपनियों के पास एडब्ल्यूएल में कुल मिलाकर 88 प्रतिशत (प्रत्येक के पास 44 प्रतिशत) हिस्सेदारी थी।

जनवरी 2025 में, एईएल/एसीएल ने एडब्ल्यूएल में अपनी 13.5 प्रतिशत हिस्सेदारी 276.51 रुपए प्रति शेयर पर बेच दी, जिससे 4,855 करोड़ रुपए जुटाए गए। ऐसा नियामक बाध्यता को पूरा करने के लिए किया गया। इस बिक्री के बाद एसीएल/एईएल के पास एडब्ल्यूएल का लगभग

## एप्पल ने भारत में 2025 की पहली छमाही में बनाए रिकॉर्ड तोड़ आईफोन



**नई दिल्ली (प्रतिदिन राजधानी)।** केंद्र सरकार ने गुरुवार को कहा कि एप्पल ने भारत में स्मार्टफोन निर्माण में एक नया मानक स्थापित किया है और 2025 की पहली छमाही के दौरान आईफोन उत्पादन के साथ-साथ निर्यात में अब तक की सबसे तेज वृद्धि हासिल की है। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने इस उपलब्धि का जश्न मनाने के लिए ग्लोबल टेक मैन्युफैक्चरिंग में देश की बढ़ती भूमिका पर प्रकाश डालते हुए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट किया, एप्पल ने भारत में रिकॉर्ड आईफोन उत्पादन हासिल किया।

मार्केट रिसर्च फर्म कैनालिस के आंकड़ों के अनुसार, जनवरी और जून 2025 के बीच भारत में आईफोन उत्पादन सालाना आधार पर 53 प्रतिशत बढ़कर 23.9 मिलियन यूनिट तक पहुंच गया। 2017 में देश में स्मार्टफोन असेंबलिंग शुरू करने के बाद से यह एप्पल का सबसे बड़ा विस्तार है। इस वृद्धि को खासकर चीनी वस्तुओं पर अमेरिका द्वारा उच्च टैरिफ के मंडराते खतरे के बीच एप्पल की चीन पर निर्भरता कम करने की रणनीति के तहत देखा जा रहा है। रिपोर्ट में कहा गया है कि निर्यात में भी इसी तरह की वृद्धि देखी गई, जो पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में 53 प्रतिशत अधिक है। भारत में निर्मित आईफोन के लिए संयुक्त राज्य अमेरिका सबसे बड़ा गंतव्य था, जहां कुल निर्यात का 78 प्रतिशत निर्यात हुआ, जो एक साल पहले 53 प्रतिशत था। नीदरलैंड, संयुक्त अरब अमीरात, यूके और जापान जैसे अन्य बाजारों में भारतीय आईफोन शिपमेंट में उनकी हिस्सेदारी में गिरावट देखी गई। रिपोर्ट के अनुसार, फॉक्सकॉन ने मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर में अग्रणी भूमिका निभाई, जिसने निर्यात किए गए आईफोन में आधे से अधिक का योगदान दिया।

टाटा समूह भी एक मजबूत प्लेयर के रूप में उभरा है, जो अब भारत से एप्पल के आईफोन निर्यात का लगभग 40 प्रतिशत हिस्सा है।

विश्लेषकों का कहना है कि यह बेहतर मैन्युफैक्चरिंग उत्पादन और भारत की क्षमताओं में एप्पल के बढ़ते विश्वास को दर्शाता है।

# केंद्र ने भारत के ऑटोमोटिव मिशन प्लान 2047 के लिए शुरू किया काम

**एजेंसी, नई दिल्ली**

भारी उद्योग मंत्रालय ने ऑटोमोटिव मिशन प्लान 2047 (एएमपी 2047) तैयार करने की पहल की है। इसका उद्देश्य 2047 तक भारत को ग्लोबल ऑटोमोटिव सेक्टर में अग्रणी बनाने के लिए इनोवेशन, वैश्विक प्रतिस्पर्धात्मकता और सस्टेनेबल डेवलपमेंट को बढ़ावा देना है। गुरुवार को जारी एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गई।

बयान में बताया गया कि यह पहल विकसित भारत 2047 विजन के अनुरूप एक रणनीतिक रोडमैप है, जो पिछली ऑटोमोटिव मिशन योजनाओं की उपलब्धियों पर आधारित है, जिन्होंने हितधारकों के सहयोग से भारत के ऑटोमोटिव सेक्टर में वृद्धि को बढ़ावा दिया था। एएमपी 2047 उप-समितियों की उद्घाटन बैठक उद्देश्यों की रूपरेखा तैयार करने के लिए आयोजित की गई।

भारी उद्योग मंत्रालय के अतिरिक्त सचिव हनीफ कुरैशी ने कहा, 2047 का विजन कोई आकांक्षा नहीं, बल्कि एक रणनीतिक रोडमैप है, जो सेक्टर के विकास, निर्यात और उद्योग उन्नति के ठोस लक्ष्यों पर आधारित है। हमें विशिष्ट तकनीकों या कंपनियों से आगे बढ़कर 2047 में



भारत की वैश्विक स्थिति पर ध्यान केंद्रित करना होगा, जिसका लक्ष्य इनोवेशन और गुणवत्ता के माध्यम से ग्लोबल ऑटोमोटिव व्यापार में अपनी हिस्सेदारी बढ़ाना है। ऊर्जा मंत्रालय, सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय, वाणिज्य मंत्रालय, पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय, डीपीआईआईटी, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय और एसआईएएम, एसीएमए, सीआईआई, फिक्की जैसे उद्योग निकायों, शैक्षणिक संस्थानों, शोध थिंक टैंक और परीक्षण एजेंसियों सहित विभिन्न मंत्रालयों के प्रतिनिधियों ने एएमपी 2047 को आकार देने के लिए उद्योग-नेतृत्व वाले प्रयास की शुरुआत करने के लिए इस बैठक में भाग लिया। यह पहल तकनीकी प्रगति और चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर जैसी चुनौतियों का समाधान करने के लिए ऑरिजिनल इक्विपमेंट मैन्युफैक्चरर्स (ओईएम), ऑटो कंपोनेंट निर्माताओं, नीति निर्माताओं, शिक्षाविदों और एंड यूजर्स सहित हितधारकों के सामूहिक दृष्टिकोण को इंटीग्रेट करने का प्रयास करती है।

सरकार, उद्योग और शिक्षा जगत के विशेषज्ञों वाली सात उप-समितियां 2030, 2037 और 2047 के लक्ष्यों को लक्षित करते हुए एक व्यापक योजना के विकास का मार्गदर्शन करेंगी।

केंद्रीय भारी उद्योग मंत्री एच. डी. कुमारस्वामी के मार्गदर्शन में मंत्रालय एक आत्मनिर्भर, इनोवेटिव और सस्टेनेबल ऑटोमोटिव इकोसिस्टम के निर्माण के लिए अपनी प्रतिबद्धता पर जोर देता है। बयान में आगे कहा गया है कि उप-समितियों की कई बैठकों में विचारों और आंकड़ों को कंसोलिडेट किया जाएगा ताकि भारी उद्योग मंत्रालय के सचिव कामरान रिजवी की अध्यक्षता वाली शीर्ष समिति के समक्ष प्रस्तुतिकरण किया जा सके।

# टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने अर्बन क्रुजर हाइराइडर के लिए विशेष प्रेस्टीज पैकेज पेश किया

**एजेंसी, बेंगलोर।** ग्राहकों की खुशी बढ़ाने की अपनी प्रतिबद्धता को मजबूत करते हुए, टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने अपनी लोकप्रिय सेल्फ-चार्जिंग हाइब्रिड एसयूवी – अर्बन क्रूजर हाइराइडर के लिए सीमित अवधि का प्रेस्टीज पैकेज पेश किया है। एसयूवी के पहले से ही बोल्ड व परिष्कृत आकर्षण को और बढ़ाने के लिए सोच-समझकर डिज़ाइन किया गया, यह विशेष एक्सेसरी बंडल ग्राहकों को रोज़मर्रा की ड्राइविंग के लिए स्टाइल, उपस्थिति और कार्यक्षमता की एक अतिरिक्त परत प्रदान करता है। जुलाई 2025 से उपलब्ध प्रेस्टीज पैकेज में 10 उच्च मूल्य वाले डीलर के फिट किये और सही ऐसेसरीज हैं जो हाइराइडर के मजबूत शहरी डिजाइन के लिए पूरी तरह पूरक हैं

डोर वाइज़र प्रीमियम एसएस इंसर्ट के साथ 2. हुड एम्बलेम 3. रियर डोर लिड गार्निश 4. फेंडर गार्निश

5. बॉडी क्लैडिंग 6. फ्रंट बम्पर गार्निश 7. हेड लैंप गार्निश

8. रियर बम्पर गार्निश 9. रियर लैंप गार्निश क्रोम 10. बैक डोर गार्निश प्रत्येक ऐसेसरी को हाइराइडर के विशिष्ट एसयूवी चरित्र के साथ सहजता से मेल खाने के लिए तैयार किया गया है – जो इसके




मस्कुलर स्टांस, क्रोम हाइलाइट्स और आकर्षक सिलुएट को बढ़ाता है, साथ ही अतिरिक्त सुरक्षा और स्थायित्व भी प्रदान करता है।

बी-एसयूवी सेगमेंट में एक मानक

अर्बन क्रूजर हाइराइडर के केंद्र में सेगमेंट का पहला सेल्फ-चार्जिंग स्ट्रॉन्ग हाइब्रिड इलेक्ट्रिक पावरट्रेन है जो असाधारण ईंधन दक्षता और सुचारू, शांत प्रदर्शन के लिए पेट्रोल और इलेक्ट्रिक पावर को समझदारी से जोड़ती है। टोयोटा के 1.5लीटर टीएनजीए एटकिंसन साइकिल इंजन और एक उन्नत इलेक्ट्रिक मोटर से संचालित, हाइब्रिड वैरिएंट शहर और हाईवे दोनों ड्राइव के लिए आदर्श है। नियो ड्राइव (माइल्ड-हाइब्रिड) वैरिएंट 1.5लीटर के-सीरीज़ इंजन के साथ आते हैं, जो 5-स्पीड मैनुअल या 6-स्पीड ऑटोमैटिक ट्रांसमिशन के साथ पेश किए जाते हैं। अतिरिक्त क्षमता के लिए, चुनिंदा ट्रिम्स में एक बुद्धिमान ऑल-व्हील ड्राइव (एडब्ल्यूडी) सिस्टम भी है – जो हाइराइडर को उतना ही बहुमुखी बनाता है जितना कि यह कुशल है।

टोयोटा के वैश्विक एसयूवी डीएनए को शामिल करते हुए, हाइराइडर में एक बोल्ड क्रिस्टल ऐक्रेलिक ग्रिल, ट्विन एलईडी डीआरएल, स्कल्प्टेड कैरेक्टर लाइन्स और 17-इंच अलॉय व्हील्स हैं। अंदर, केबिन में हवादार चमड़े की सीटें, एक पैनोरमिक सनरूफ, वायरलेस एप्पल कारप्ले/एंड्रॉइड ऑटो के साथ 9-इंच टचस्क्रीन, वायरलेस चार्जिंग, एम्बिएंट लाइटिंग और 360-डिग्री कैमरा के साथ आराम और सुविधा का मेल है। पीछे की ओर झुकने वाली सीटें, पीछे की ओर एसी वेंट, यूएसबी पोर्ट और 60:40 स्प्लिट रियर सीट जैसे व्यावहारिक स्पर्श इसे आधुनिक भारतीय परिवारों के लिए एक आदर्श फिट बनाते हैं। टोयोटा 66 विशेष एक्सेसरीज, 3 साल/100,000 किमी वारंटी (5 साल/220,000 किमी तक बढ़ाई जा सकने वाली) और 8 साल/160,000 किमी हाइब्रिड बैटरी वारंटी के साथ स्वामित्व को बेहतर बनाता है, जिससे प्रीमियम और परेशानी मुक्त ड्राइविंग अनुभव सुनिश्चित होता है।

2022 में अपनी शुरुआत करते हुए, अर्बन क्रूजर हाइराइडर ने भारत में एसयूवी खरीदारों के बीच लगातार लोकप्रियता हासिल की है, हाल ही में 1,00,000 यूनिट की बिक्री का रिकार्ड पार कर लिया है। यह टोयोटा की हाइब्रिड तकनीक और टिकाऊ गतिशीलता के प्रति इसकी प्रतिबद्धता में बढ़ते भरोसे को दर्शाता है। अपने बोल्ड डिज़ाइन, विशाल इंटीरियर और सिद्ध विश्वसनीयता के साथ, हाइराइडर एक अच्छा और संपूर्ण स्वामित्व अनुभव प्रदान करना जारी रखता है। टोयोटा ग्राहकों को अपने निकटतम डीलरशिप पर आने के लिए आमंत्रित करती है, ताकि वे प्रेस्टीज पैकेज का लाभ उठा सकें और टोयोटा हाइब्रिड एसयूवी चलाने के बढ़ते हुए मूल्य और आत्मविश्वास का अनुभव कर सकें।


**MUNICIPAL CORPORATION, RAIPUR**

**e-Procurement Tender Notice**

Main Portal: http://eproc.cgstate.gov.in

(2nd Call)

NIT NO: 28/ZONE 07/2025 RAIPUR DATED: 17/07/2025

Online bids are invited for the following works up to 02/08/2025 at 17:30 hours.

| Sr. No. | System Tender No. | Name of work/ Description of work | Probable amount of contract (In Lacs) |
|---|---|---|---|
| 1 | 172279 | जोन क्रमांक 07 अंतर्गत जल प्रदाय विभाग में विभागीय कार्यों के संचालन हेतु 10 अकुशल श्रमिक प्लेसमेंट के माध्यम से रखे जाने का कार्य। | 1559040 |

The details can be viewed and downloaded online directly from the Government of Chhattisgarh e-ProcurementPortal https://eproc.cgstate.gov.in from 17.07.2025, 17.30 Hours (IST) on wards.

For more details on the tender and bidding process you may please visit the above-mentioned portal NIT Deatails and other documents.

NOTE: -

1. All eligible/interested contractors are mandated to get enrolled on e-Procurement portal.

2. Contractors can contact Help Desk for any clarification of their doubts regarding the process of Electronic Procurement System. Help Desk at Toll Free No. 18004199140 or through Email ID - helpdesk.eproc@cgswan.gov.in

घरों से निकलने वाले गीला और सूखा कचरे को सफाई मित्र (वाहन) को दें

ZONE COMMISSIONR
ZONE 07
MUNICIPAL CORPORATION
RAIPUR (C.G.)

Pratidinrajdhani.in

Daily Morning Newspaper & Webportal

E Paper Also Available

Web Portal : www.pratidinrajdhani.in
Youtube : Pratidin Rajdhani

दैनिक
प्रतिदिन राजधानी
आम आदमी का खास अखबार

आम ईश्तहार, खरीदी बिक्री,
नाम परिवर्तन, आवश्यकता, कोर्ट नोटिस

संपर्क करें:
शारदा चौक, रायपुर ( छ.ग. )
62629 04444
ई-मेल : pratidincg@gmail.com
E-paper : https://epaper.pratidinrajdhani.in

## विज्ञापन एजेंसियां

**अतुल पब्लिसिटी**
हलवाई लेन, रायपुर, फोन 2223699, 2539578, 94252 11222

**एम्बेसी कारपोरेट प्रमोशन**
13 14 तीसरा माला अशोका मिलेनियम, राजेन्द्र नगर रिंग नं.1,
रायपुर, मो. 99811-30300

**अजय एडवरटाइजर्स, पब्लिसिटी**
समवेद शिखर कॉम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर
फोन :2224371, 2537569,94242-01700

**ए.एस. एसोसिएट्स**
प्रथम तल, आनंद भवन गुरुनानक चौक, रायपुर
मो. 93020-77741, 98271-62101

**माहेश्वरी पब्लिसिटी सर्विस**
डॉ. नायडू कॉम्पलेक्स, जेल रोड, मेवीलॉन इन के बाजू में, रायपुर
फोन नं. 4034113, 2234113, मो. 98269-06113

**प्रयास एडवरटाइजर्स**
ग्राउंड फ्लोर 13, सत्य साईं प्लाजा, लेडिकल हास्पिटल,
पुराना बस स्टैंड के पास, शिव टाकीज रोड बिलासपुर,
रायपुर, द्वितीय तल श्याम प्लाजा, पंड्री शाप
मो. 98267-01259, 62642-74844

**राजेश पब्लिसिटी**
समता कॉलोनी, कृष्णा टॉकीज के पास, रायपुर
फोन नं. 4043063, मो-94252-08899, 99263-08899

**सुमीत एडवरटाइजर्स**
शहीद स्मारक भवन, रजबंधा, रायपुर
फोन नं. 0771-4031319, मो. 98261-61116, 98267-08989

**शिवम् पब्लिसिटी**
नखानी बिल्डिंग बूढ़ापारा, रायपुर
फोन नं. 2539968, मो.-9329100268

**चित्रांश पब्लिसिटी**
24, प्रथम तल, विजेता कॉम्पलेक्स शास्त्री बाजार, रायपुर
मो. 94252 04920, फोन : 2234944, 2582595

**देव एड एजेंसी**
आशीर्वाद टॉवर, राज टॉकीज, रायपुर , फोन नं. 2537897
मो. 7987854705, 98268 77609

**खन्ना एडवरटाइजर्स**
ए-5/2, शंकरनगर सेक्टर- I, केनरा बैंक वाली गली, रायपुर
मो. 98271-44343, 93001-60001 2524032

**ए.के. एडवरटाइजर्स**
चिमन प्लाजा, लिबास टेलर के बाजू तात्यापारा, रायपुर
मो. 9826145558, 07714028271

**मीतनिशा एडवरटाइजिंग**
23, तीसरा माला रियो काम्पलेक्स, फ्रूट मार्केट के सामने
लालपुर, रायपुर ( छ.ग. ) मो. 98271-46567,93298-46567


**अनिश एड.**
बादल हाउस के पास, शंकर नगर, रायपुर
मो. 93021-19222, 9303119222

**श्रीराम एडवरटाइजिंग् एंड मार्केटिंग रायपुर ब्रांच**
403 चौथी मंजिल मेग्नेटो, जीई रोड, रायपुर
फोन नं. 0771 4055015

# धमतरी की स्वच्छता क्रांति: 579 से छलांग लगाकर टॉप 100 में एंट्री

**प्रतिदिन राजधानी,धमतरी**

पहली बार निगम बना 3 स्टार गौरव साफ-सुथरा धमतरी: नागरिकों, दीदियों और निगम टीम की मेहनत लाई रंग स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत स्वच्छ सर्वेक्षण 2024-25 में नगर पालिका निगम धमतरी ने ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है। देशभर में 50,000 से 3 लाख की आबादी वाले शहरों की श्रेणी में धमतरी ने 71 वां स्थान प्राप्त कर छत्तीसगढ़ सहित पूरे देश में एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है। इसके अलावा जिले की पाँच नगर पंचायत में से चार नगर पंचायत नगरी, भाखरा, मगरलोड और आमदी को वन स्टार रैंकिंग मिली है। गुरुवार को नई दिल्ली में राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु की मौजूदगी में 75 शहरों को 74 अवॉर्ड चार कैटेगरी में बांटे गए।



उल्लेखनीय है कि पिछले वर्ष नगर निगम की रैंकिंग 579 थी, और इस बार की छलांग न केवल मेहनत का प्रमाण है बल्कि समर्पित कार्य योजना और जनसहभागिता की मिसाल भी है। इस उल्लेखनीय सफलता के साथ ही धमतरी को पहली बार का दर्जा भी प्राप्त हुआ है। यह सम्मान नगर निगम की कार्यकुशल टीम, सफाई कर्मियों, स्वच्छता दीदी, सुपरवाइजरों, जनप्रतिनिधियों और जागरूक नागरिकों के सामूहिक प्रयासों का परिणाम है। साफ-सुथरा धमतरी: नागरिकों, दीदियों और निगम टीम की मेहनत रंग लाई। कलेक्टर अबिनाश मिश्रा नगर निगम की पूरी टीम सहित नगर वासियों को बधाई दी। साथ उन्होंने आगे भी शहर को स्वच्छ रखने की अपेक्षा की। इस अभियान की अगुवाई जिला कलेक्टर अबिनाश मिश्रा, नगर निगम के महापौर रामू रोहरा और आयुक्त श्रीमती प्रिया गोयल ने समन्वित रूप से की। इन अधिकारियों ने न केवल नियमित निरीक्षण और मार्गदर्शन किया, बल्कि हर स्तर पर कार्यों की निगरानी सुनिश्चित करवाई। कलेक्टर मिश्रा ने स्वच्छता को जन आंदोलन का रूप बैठकें कर कार्ययोजना को व्यवहारिक घर कचरा संग्रहण, कचरे के वैज्ञानिक निपटान, गीला-सूखा कचरे का पृथक्करण और प्लास्टिक मुक्त बाजार जैसे कदमों को प्राथमिकता दी। महापौर रामू रोहरा ने जनप्रतिनिधियों और स्थानीय वार्ड स्तर पर जनता से सीधा संवाद स्थापित कर अभियान को जनआंदोलन में बदल दिया।

# भतीजे पर कुल्हाड़ी से हमला, आरोपी फरार

**जगदलपुर**, 17 जुलाई। बस्तर जिले के दरभा थाना के पखनार चौकी क्षेत्र के ग्राम तोयनार में एक चाचा ने अपने भतीजे के ऊपर कुल्हाड़ी से हमला कर दिया। घायल को बेहतर उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया, वही घटना के बाद से आरोपी चाचा फरार बताया जा रहा है।

घटना की जानकारी देते हुए दरभा थाना प्रभारी ने बताया कि सनकु मरकाम ग्राम तोयनार पटेलपारा जो पेशे से खेती किसानी का काम करता है, उसने पुलिस को बताया कि 15 जुलाई को गांव तोयनार पटेलपारा के घर में पाली हुई बकरी अचानक से मर गई, जिसे रात को 9 बजे सब्जी बना कर खाने के लिए घर में मेरी पत्नी सुक्को, भाई कुमा और उसकी पत्नी आयते, मेरा भईया हिडमा, चाचा लखो उर्फ लखमा सभी वहां पर एक साथ खाना खा रहे थे। खाने के बाद जैसे ही छोटा भाई हाथ धोने के लिए गया कि अचानक से पैर फिसल जाने से बड़े भईया कुमा पर गिर गया, बड़े भईया ने गुस्से में एक थप्पड़ मार दिया। खाना खाने बैठे चाचा लखो उर्फ लखमा मरकाम गुस्से में आकर कुमा को आये दिन झगड़ा लड़ाई करने की बात कहकर घर में रखे टंगिया को उठा कर कुमा के सिर मे कुल्हाड़ी से मार दिया जिससे कुमा गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद से चाचा लखो उर्फ लखमा मरकाम घर से भाग गया।

# नेत्रदान एक महान दान है-अमर सुल्तानिया

**प्रतिदिन राजधानी, कोरबा**

अखिल भारतीय मारवाडी युवा मंच के बैनर तले एक ही परिवार के 30 लोगों ने नेत्रदान का संकल्प लिया ।


आखिल भारतीय मारवाडी युवा मंच कोरबा के द्वारा सेठ गुरूमुख राय सेवा सकल्प (गोयल परिवार) द्वारा एक कार्यक्रम का अयोजन होटल गणेश इन में अयोजित किया गया जिसमें कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जांजगीर से पधारे आखिल भारतीय मारवाडी युवा मंच के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अमर सुल्तानिया जी ने अपने उदबोधन में कहा कि नेत्रदान एक महान दान है जिससे मरणोपरांत नेत्रदान कर अपने जीवन के बाद, अन्य जो देख नहीं सकते उनके जीवन में इस रंगीन दुनिया को देखने का एक रंगीला अवसर हम दे सकते है, आज गोयल परिवार ने समाज सेवा में एक महत्वपूर्ण योगदान देते हुए अपने दादा स्व. गुरुमुख राय जी की पुण्यतिथि के दिन एक ही परिवार से 30 लोगों ने नेत्रदान का महान संकल्प लिया जिसमें पुरुष और महिलाएं दोनों शामिल हैं, नेत्रदान से हम दुसरे के जीवन में रोशनी भरते है हमारे बाद भी हमारी आंखे किसी और के जीवन में एक नया सवेरा लेकर आती है ।




बसना से आई राष्ट्रीय स्वस्थ भारत फोरम की वाइस चेयरमैन श्रीमती रीना अग्रवाल ने अपने उदबोधन में कहा कि नेत्रदान से दुसरे के जीवन में उजियारा लाया जा सकता है बहुत लोग अंधविश्वास के चलते नेत्रदान या अंगदान नहीं करते है लेकिन हमें देश के कल्याण के लिए दान करना चाहिए। वहीं चांपा से आई प्रांतीय निदेशक श्रीमती रश्मि अग्रवाल ने भी गोयल परिवार को इस महान और नेक कार्य के लिए बहुत बधाई एवं शुभकामनाएं दिया और समाज से अपील किया कि और भी लोग इस नेक कार्य में आगे आकर सहयोग करें ।

गोयल परिवार के द्वारा 30 सदस्यों ने नेत्रदान का फार्म भर कर अपना संकल्प दोहराया और इसके लिए अन्य लोगों को भी इस महान दान में आगे आने का आह्वान किया । उक्त कार्यक्रम में गोयल परिवार के साथ मारवाडी युवा मंच कोरबा शाखा के पदाधिकारीगण के साथ राष्ट्रीय संयोजक नीरज अग्रवाल जी भी उपस्थित रहे ।

# भाजपा की सरकार में हर वर्ग है परेशान-हरीश कवासी



**प्रतिदिन राजधानी, सुकमा**

जिला पंचायत पूर्व अध्यक्ष हरीश कवासी ने आज सुकमा जिला के विभिन्न मुद्दों को लेकर प्रेस कॉन्फ्रेंस की। हरीश कवासी ने कहा, भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनाकर लगभग 2 साल होने जा रहा है भारतीय जनता पार्टी की सरकार में हर वर्ग है परेशान पिछले एक वर्ष में एक भी ऐसा काम नहीं हुआ जिससे क्षेत्र की जनता को लाभ मिला हो। युक्तियुक्तकरण से शैक्षणिक संस्थाएं बंद किया जा रहा है।

इसका बहुत ही बड़ा कारण है बस्तर का आदिवासी शिक्षित ना हो सके, क्योंकि शिक्षित व्यक्ति सरकार से सवाल पूछता है इसलिए उन्हें शिक्षा से वंचित किया जा रहा है। शिक्षा का स्तर गिरता जा रहा है बस्तर का आदिवासी जो बोल नहीं पता है इसलिए शिक्षा से हमारे गांव के साथ छात्रों को वंचित करने का काम किया जा रहा है। प्रेस कॉन्फ्रेंस में कवासी ने कहा युक्त युक्तिकरण के माध्यम से शैक्षिक संस्थानों को बंद करने का काम कर रही है सरकार। बड़े दुर्भाग्य की बात है पिछले 6 वर्षों के बाद सुकमा जिला मुख्यालय में अपनी मांगों को लेकर छात्र छात्रों ने हॉस्टल में सीटों की वृद्धि के लिए छात्रवृत्ति के लिए जिला प्रशासन का घेराव किया, यह बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है।

# किसानों लिए फायदेमंद है नैनो उर्वरक-नैनो डीएपी, नैनो यूरिया

**प्रतिदिन राजधानी, धमतरी,**

जिले में पर्याप्त वर्षा होने के कारण कृषि कार्य द्रुतगति से जारी हैं। कृषक खेतों की तैयारी के साथ-साथ धान की रोपाई में व्यस्त है। लगातार अधिक बारिश होने के कारण निचली भूमि में जल भराव के कारण धान की रोपाई आंशिक रूप से बाधित हुई, किन्तु मौसम के खुलने के साथ ही पुनः धान की रोपाई कार्य अंचल में शुरू हो चुकी है। कृषक आवश्यकतानुसार उर्वरकों का भण्डारण भी कर चुके हैं तथा छुटे हुए किसान लगातार समितियों के माध्यम से ब्याज मुक्त ऋण लेकर उर्वरकों का उठाव कर रहे हैं। कृषि वैज्ञानिकों के द्वारा लागत कम और मुनाफा ज्यादा हो इसके लिए नित नये अविष्कार किये जा रहे हैं। उप संचालक कृषि श्री मोनेश साहू ने बताया कि कृषि में नैनो टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल करते हुए नैनो यूरिया एवं नैनो डीएपी ईजाद किया गया है, जो कि तरल रूप में अनुप्रयोग हेतु जिले में भण्डारण-वितरण किया गया है। नैनो यूरिया का उपयोग प्रति एकड़ 500 मि.ली. की दर से किया जाता है। नैनो यूरिया फसलों को पर्याप्त पोषण प्रदाय करने के साथ-साथ कीट बीमारियों को कम करता है। इसके साथ ही मिट्टी, जल एवं वायु को प्रदूषित नहीं करता। उन्होंने बताया कि भण्डारण एवं परिवहन में सुविधाजनक, फसल उपज एवं गुणवत्ता में वृद्धि के साथ-साथ कम पानी वाले क्षेत्रों के लिए भी बेहतर होता है। उप संचालक ने बताया कि धान के लिए फसल बुआई (अंकुरण) से 30-40 दिन बाद पहला छिड़काव, दूसरा छिड़काव 55-60 दिन बाद किया जाना श्रेष्ठ होता है। नैनो डीएपी में नाइट्रोजन तथा फॉस्फोरस दोनों तत्वों की 8:16 प्रतिशत की उपलब्धता होती है। यह किसानों के लिए अधिक सुविधाजनक है। साथ ही बीज, जड़ एवं कंद उपचार भी की जा सकती है। इसके उपयोग से परम्परागत डीएपी के अनुप्रयोगों जा सकती है। बीज उपचार के लिए 5 मि.ली. नैनो डीएपी का उपयोग प्रति किलो बीज हेतु की जाती है। धान की थरहा उपचार हेतु डीएपी की 50 मि.ली. मात्रा लेकर 10 लीटर पानी में घोल बनाएं तथा 15-20 मिनट तक डुबोकर रखने के पश्चात रोपाई करने से पौधा चमकदार, रोग-प्रतिरोधी तथा अधिक कल्ले निकालने में मदद करती है। नैनो डीएपी उर्वरक का उपयोग पर्णीय छिड़काव हेतु फसल अवस्था की 30 दिन बाद 250 मि.ली. 125 लीटर पानी की मात्रा के साथ प्रति एकड़ अनुसंशित मात्रा है। नैनो डीएपी कम लागत में परम्परागत डीएपी की तुलना समान उपज देती है तथा आत्मनिर्भरता में कमी लाती है। उर्वरक लागत में तथा पर्यावरण के लिए सुरक्षित विकल्प के तौर पर इस्तेमाल की जाती है। नैनो यूरिया एवं नैनो डीएपी का अनुप्रयोग अन्न वाली फसल दलहन-तिलहन, सब्जियां एवं फल-फूल वाली फसलों में आसानी से की जाती है।

# आईटीआई बस्तर में विभिन्न ट्रेडों में प्रशिक्षण हेतु प्रवेश के लिए 23 तक करें आवेदन

**प्रतिदिन राजधानी, जगदलपुर**

शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था बस्तर में व्यवसाय को, मैकेनिक डीजल, फिटर, विद्युतकार, वुडवर्क टेक्नीशियन, ड्राफ्ट्समैन सिविल, ड्राईवर कम मैकेनिक, इन्सट्रूमेंट मैकेनिक, मशीनिष्ट, मैकेनिक मोटर व्हीकल, स्टेनोग्राफर हिन्दी एवं इंग्लिश, टर्नर, वेल्डर वायरमैन, बैम्बू वर्क के सीटों में प्रवेश हेतु ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इच्छुक अभ्यर्थी 23 जुलाई तक विभागीय वेबसाईट माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। इस संस्थान में उपलब्ध सीटों की जानकारी विभागीय वेबसाईट ृणबहपजपणंकउपेपवदण्दपबण्पद के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं।

इस संस्थान में उपलब्ध सीटों की जानकारी विभागीय वेबसाइट में प्रदर्शित की गई है। अधिक जानकारी हेतु शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था पर संपर्क किया जा सकता है।

शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था बकावंड में व्यवसाय कोपा, मैकेनिक डीजल, प्लम्बर, फिटर एवं विद्युतकार में प्रवेश हेतु ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए हैं। इच्छुक अभ्यर्थी 23 जुलाई रात्रि 11.59 बजे तक विभागीय वेबसाईट बहपजपणंकउपेपवदण्दपबण्पद के इस संस्थान में उपलब्ध सीटों की प्रदर्शित की गई है।शासकीय बकावंड में व्यवसाय कोपा, मैकेनिक डीजल, प्लम्बर, फिटर एवं विद्युतकार में प्रवेश हेतु ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए हैं।


# दलहन-तिलहन और लघु धान्य फसलों सहित मक्का एवं कपास की खेती को बढ़ावा देने पहल

**प्रतिदिन राजधानी,जगदलपुर**

छत्तीसगढ़ एक कृषि प्रधान राज्य है, जिसे धान का कटोरा कहा जाता है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ सरकार प्रदेश के किसानों के कल्याण के साथ ही प्रदेश में विभिन्न कृषि उत्पादों को बढ़ावा देने का कार्य भी कर रही है। इसी कड़ी में राज्य सरकार द्वारा कृषक उन्नति योजना के माध्यम से किसानों को दलहन-तिलहन और लघु धान्य फसलों के साथ ही मक्का एवं कपास की खेती को बढ़ावा देने के लिए कृषक उन्नति योजना अंतर्गत प्रति एकड़ दस हजार रुपए प्रोत्साहन राशि प्रदान किया जाएगा।

राज्य सरकार की कृषक उन्नति योजना का फायदा धान के अलावा दलहन, तिलहन, मक्का, लघु धान्य फसल कोदो-कुटकी एवं रागी और कपास की फसल लेने वाले किसानों को भी मिलेगा। उन्हें प्रति एकड़ दस हजार रुपए की प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाएगी। राज्य शासन के कृषि विकास एवं किसान कल्याण विभाग ने योजना के क्रियान्वयन के संबंध में विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए हैं। कृषि विभाग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार राज्य का अधिकांश क्षेत्र वर्षा आधारित होने से मौसमीय प्रतिकूलता एवं कृषि आदान लागत में वृद्धि के कारण कृषि आय में अनिश्चितता बनी रहती है। इनके कारण किसान फसल उत्पादन के लिए आवश्यक आदान जैसे उन्नत बीज, उर्वरक, कीटनाशक, यांत्रिकीकरण एवं नवीन कृषि तकनीकी में पर्याप्त निवेश नहीं कर पाते हैं।

राज्य सरकार द्वारा कृषि में पर्याप्त निवेश एवं काश्त लागत में राहत देने के लिए कृषक उन्नति योजना प्रारंभ की गई है। राज्य शासन ने फसल विविधीकरण को प्रोत्साहन देने, दलहन व तिलहन फसलों के क्षेत्र विस्तार तथा इनके उत्पादन में आत्मनिर्भरता के लक्ष्य के साथ चिन्हित अन्य फसलों पर आदान सहायता राशि देने का निर्णय लिया है। कृषक जिन्होने एकीकृत किसान पोर्टल में पंजीयन कराया है। विगत खरीफ मौसम में एकीकृत किसान पोर्टल पर धान विक्रय किया है, ऐसे किसानों द्वारा धान के में दलहन, तिलहन, मक्का, लघु धान्य फसल कोदो-कुटकी एवं रागी और कपास उगाने वाले किसानों को एकीकृत किसान पोर्टल में पंजीयन तथा गिरदावरी में रकबे की पुष्टि उपरान्त मान्य रकबे पर दस हजार रुपए प्रति एकड़ की दर से आदान सहायता प्रदान की जाएगी। कृषक उन्नति योजना के नवीन दिशा-निर्देशों के अनुसार विधिक व्यक्तियों जैसे ट्रस्ट, मण्डल, प्राइवेट लिमिटेड, समिति, केन्द्र एवं राज्य शासन की संस्था, महाविद्यालय आदि संस्थाओं को योजना से लाभ लेने की पात्रता नहीं होगी।



# विश्व सर्प दिवस पर अग्रसेन कन्या का दिया गया पुरस्कार

**प्रतिदिन राजधानी, कोरबा**

महाविद्यालय कोरबा छत्तीसगढ़ में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन, पीपीटी के माध्यम से बचों ने जाना सांपों की पहचान एवं महत्व। विश्व सर्प दिवस (16 जुलाई) के अवसर पर अग्रसेन कन्या महाविद्यालय, कोरबा में नोवा नेचर वेलफेयर सोसाइटी ने पीपीटी के माध्यम से जागरूकता कार्यक्रम आयोजन किया। यह दिवस हर साल लोगों में सांपों के संरक्षण, उनके महत्व और उनके बारे में व्याप्त भ्रांतियों को दूर करने के उद्देश्य से मनाया जाता है। सांप पारिस्थितिकी तंत्र में चूहे और अन्य जीवों की आबादी को नियंत्रित कर कृषि और प्राकृतिक संतुलन बनाए रखने में अहम भूमिका निभाते हैं। इस जागरूकता में महाविद्यालय के बीए, बीकॉम, बीएससी जूलॉजी और बी.एड. से 200 से अधिक छात्राओं ने भाग लिया, कार्यक्रम के दौरान छात्राओं में सांपों को लेकर काफी उत्सुकता देखने को मिली, उन्होंने सांपों से जुड़े कई प्रश्न पूछे, जिनके रोचक और वैज्ञानिक उत्तरों ने सभी को रोमांचित कर दिया।


इस अवसर पर पहचान, सर्पदंश की स्थिति में प्राथमिक उपचार और सर्पदंश से बचाव के उपायों की जानकारी दी। से कार्यक्रम में छात्राओं ने सांपों के महत्व को समझा और उनके संरक्षण की आवश्यकता को महसूस किया।

# डीए, पेंशन और अन्य मांगों को लेकर फेडरेशन ने सीएम के नाम सौंपा ज्ञापन

## 22 अगस्त को सामूहिक अवकाश की चेतावनी

**प्रतिदिन राजधानी, बीजापुर**


छत्तीसगढ़ कर्मचारी एवं अधिकारी फेडरेशन के प्रांतीय आह्वान पर राज्य के समस्त विकासखंडों में रैली और धरना प्रदर्शन के माध्यम से मुख्यमंत्री एवं मुख्य सचिव के नाम ज्ञापन सौंपा गया। बीजापुर ज़िले में भी विभिन्न कर्मचारी संगठनों के प्रतिनिधियों ने सामूहिक रूप से एसडीएम जागेश्वर कौशल को यह ज्ञापन सौंपा।



फेडरेशन के ज़िला अध्यक्ष मोहम्मद जाकिर खान और ज़िला सचिव कैलाश रामटेके के नेतृत्व में सौंपे गए ज्ञापन में प्रमुख मांगों में , केंद्र के समान 2 फीसदी महंगाई भत्ता और 2019 से देय एरियर्स की राशि का भुगतान,पिंगुआ कमेटी की रिपोर्ट सार्वजनिक करना, चार स्तरीय पदोन्नति एवं समयमान वेतनमान लागू करना, वेतन विसंगतियों का समाधान, कैशलेस चिकित्सा सुविधा की व्यवस्था, अनुकंपा नियुक्ति में 10 फीसदी सीमा समाप्त करना, अर्जित अवकाश का 300 दिवस तक नगदीकरण, पूर्ण पेंशन के लिए स्पष्ट नीति निर्माण, सेवानिवृत्ति आयु 65 वर्ष करना, समस्त अनियमित कर्मचारियों को नियमित करने की मांग की गई हैं। इसी क्रम में विकासखंड भोपालपट्नम में ब्लॉक अध्यक्ष कमल कोर्राम के नेतृत्व में रैली निकालकर रीडर तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा गया।

### आंदोलन की चेतावनी

यदि इन मांगों पर शीघ्र निर्णय नहीं लिया गया, तो फेडरेशन ने 22 अगस्त को समस्त विकासखंडों में सामूहिक अवकाश लेकर पुनः धरना-प्रदर्शन करने की चेतावनी दी है। ज्ञापन सौंपने वालों में फेडरेशन के कोषाध्यक्ष लोकेश रेड्डी, सह सचिव स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के शेख फारुख, वाहन चालक संघ से महेश देवांगन, लिपिक संघ के इलमिड़ी संतोष, शिक्षक संघ से संदीप राज पामभोई, सुशीला लांबाडी, पेंशनर संघ से ए. सुधाकर सहित कई कर्मचारी प्रतिनिधि मौजूद रहे।




# तिलईरवार में जल संरक्षण एवं वृक्षारोपण कार्यक्रम में सम्मिलित हुई फूलबासन

**प्रतिदिन राजधानी,राजनांदगांव**

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तिलईरवार में जल संरक्षण एवं वृक्षारोपण का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम की मुख्यअतिथि समाज सेविका एवं पद्मश्री श्रीमती फूलबासन बाई यादव की उपस्थिति रही। साथ में ब्लॉक अध्यक्ष श्रीमती जामुन बाई साहू एवं युनिसेफ जिला समन्वयक विनोद कुमार टेम्बुरकर उपस्थित थे। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती की पूजा अर्चना कर पद्मश्री श्रीमती फूलबासन बाई यादव जी, प्राचार्य महोदय एवं समस्त स्टॉफ सदस्यों द्वारा किया गया। पद्मश्री श्रीमती फूलबासन बाई यादव ने अपने उद्बोधन में छात्र-छात्राओं को अपने जीवन में तकलीफों, संघर्षों से अवगत कराते हुए कहा कि पढ़ाई के साथ-साथ अपने जीवन को गढना आवश्यक हैं। कोई भी व्यक्ति किसी चीज के अभाव में सफलता प्राप्त नहीं करता बल्कि वह उसके लिए सही प्रयास न करने के कारण असफल होता हैं। अत: हमें परिस्थिति चाहे कैसी भी हो, सही लक्ष्य निर्धारित कर अगर जूनुन और जज्बा के साथ कर्म करें तो निश्चित ही सफलता प्राप्त होती है। जल संरक्षण एवं वृक्षारोपण पर उन्होने बताया कि जल है तो कल है, यह यूं ही नही कहा जाता। यह जल का महत्व दर्शाता है कि पानी हमारे जीवन के लिए कितना जरूरी है सभी के जीवन के अस्तित्व के लिए पानी अनिवार्य रह सकते हैं, लेकिन पानी के बिना तीन दिन से अधिक जिंदा नहीं रह सकते है। यदि हम जल संरक्षण एवं वृक्षारोपण को प्राथमिकता नहीं देंगे तो हमारे बच्चे और आने वाली पीढ़ी पानी की कमी से पीड़ित रहेगी।

# व्यापम परीक्षाओं में पारदर्शिता के लिए दिशा-निर्देश जारी

**प्रतिदिन राजधानी, कोरबा**

छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल रायपुर द्वारा आगामी आयोजित होने वाले परीक्षाओं के निष्पक्ष, पारदर्शितापूर्ण एवं सफलतापूर्वक आयोजन के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किया गया है। कलेक्टर श्री अजीत वसंत ने छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल रायपुर (व्यापम) द्वारा आयोजित परीक्षाओं में सभी दिशा-निर्देशों का पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए है। व्यापम द्वारा आयोजित आगामी सभी परीक्षाओं में परीक्षार्थियों को परीक्षा केंद्र में परीक्षा शुरू होने के कम से कम दो घण्टे पहले परीक्षा केन्द्र में पहुंचने के निर्देश दिए गए है। ताकि प्रवेश के पूर्व सभी अभ्यर्थियों का अनिवार्य रूप से हैण्डहेल्ड मेटल डिटेक्टर तथा मैन्युअल पैड डाउन फ्रिस्किंग समय पर किया जा सके। इसके लिए प्रत्येक परीक्षा केन्द्रों में 01-01 महिला एवं पुरुष पुलिस कर्मियों की ड्यूटी लगाई जाएगी। जारी किए गए दिशा-निर्देशों के आधार पर महिला अभ्यर्थियों की फ्रिस्किंग महिला पुलिस कर्मी द्वारा और पुरूष पुलिस कर्मी द्वारा पुरूष अभ्यर्थियों का हैण्डहेल्ड मेटल डिटेक्टर से तलाशी ली जायेगी। परीक्षा केन्द्र का मुख्य द्वार परीक्षा शुरू होने के 15 मिनट पहले बंद कर दिया जाएगा। इसके लिए परीक्षार्थी समय का विशेष ध्यान रखेंगे। परीक्षा में शामिल होने परीक्षार्थियों को हल्के रंग के आधी बांह वाले कपड़े तथा फुटवियर के रूप में चप्पल पहनना अनिवार्य होगा। कान में किसी भी प्रकार का आभूषण व परीक्षा कक्ष में किसी भी प्रकार का संचार उपकरण, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण, इलेक्ट्रॉनिक घड़ी, पर्स, पाउच, स्कार्फ, बेल्ट, टोपी आदि ले जाना पूर्णतः वर्जित है। परीक्षा प्रारंभ और समाप्ति के आधे घण्टे के भीतर परीक्षा कक्ष से बाहर जाना प्रतिबंधित है। परीक्षा कक्ष में किसी भी प्रकार का संचार उपकरण इलेक्ट्रानिक उपकरण, इलेक्ट्रानिक घड़ी, पर्स, पाउच, स्कार्फ, बेल्ट, टोपी आदि ।

# श्रीराम फाइनेंस ने बिना नोटिस ग्रामीणों के वाहन उठाए

**प्रतिदिन राजधानी, कोण्डागांव**

कोण्डागांव जिला में संचालित श्रीराम फाइनेंस कंपनी एक बार फिर विवादों में घिर गई है। कंपनी पर ईएमआई वसूली के नाम पर गुंडागर्दी करने और उच्चतम न्यायालय के आदेशों की खुली अवहेलना का गंभीर आरोप लगाया गया है। पीड़ितों का कहना है कि केवल 11 दिन की देरी पर फाइनेंस कंपनी ने बिना किसी पूर्व सूचना या नोटिस दिए उनके दोपहिया वाहन जबरन जब्त कर लिए।




घटना मर्दापाल क्षेत्र की है, जहाँ तीन अलग-अलग ग्रामीणों के वाहन श्रीराम फाइनेंस कंपनी द्वारा जब्त किए गए। मेढ़पाल निवासी अंगत राम की एचएफ डीलक्स बाइक, हंगवा निवासी धनीराम कोर्राम की एचएफ डीलक्स बाइक और नवागांव निवासी केदारनाथ पोयाम की बेटी दामेंद्री पोयाम की होंडा एक्टिवा स्कूटर, इन तीनों वाहनों की किस्त भुगतान में केवल 11 दिन की देरी हुई थी।

पीड़ितों का आरोप है कि श्रीराम फाइनेंस कंपनी ग्रामीणों को कम डाउन पेमेंट पर वाहन उपलब्ध कराती है, लेकिन बाद में उन पर भारी-भरकम किस्तें थोप दी जाती हैं। किस्त में मामूली देर होने पर कंपनी बिना किसी नोटिस या कानूनी प्रक्रिया का पालन किए सीधे वाहन उठाकर ले जाती है। यह पूरी कार्रवाई उच्चतम न्यायालय द्वारा निर्धारित प्रक्रिया का स्पष्ट उल्लंघन है। इस घटना के बाद क्षेत्र में कंपनी के खिलाफ रोष फैल गया है।

लोग इसे ग्रामीणों के साथ अन्याय और दमनकारी वसूली नीति करार दे रहे हैं। मीडिया द्वारा जब इस संबंध में श्रीराम फाइनेंस के शाखा प्रबंधक विकास भदौरिया से संपर्क करने का प्रयास किया गया, तो उन्होंने व्यस्त हूं कहकर कॉल काट दिया।

वहीं शाखा में मौजूद कार्यवाहक प्रभारी दीपंकर ने मीडिया और पीड़ितों को एक साथ देखकर तत्काल ब्रांच से भाग निकले।

# मिलावटी तेल की वजह से ईरान के राष्ट्रपति की फजीहत

## आलीशान कार छोड़कर लेनी पड़ी टैक्सी





**तेहरान।** ईरानी राष्ट्रपति मसूद पेजेश्कियन को ईरान के तरबीज शहर की अपनी हालिया यात्रा के दौरान टैक्सी लेने के लिए मजबूर होना पड़ा। उनके काफिले में शामिल सभी तीन आधिकारिक वाहन पानी मिला तेल डलवाने के कारण खराब हो गए थे।

राष्ट्रपति के विशेष निरीक्षक मुस्तफा मोलावी का हवाला देते हुए ईरान इंटरनेशनल ने कहा कि राष्ट्रपति और उनकी सुरक्षा टीम कार से तबरीज के लिए रवाना हुई।

### तीनों गाड़ियां हो गईं खराब

उन्होंने रश्त निकास द्वार के पास एक हाईवे सर्विस स्टेशन पर तेल भराया और कुछ ही देर बाद ताकेस्तान पहुंचने से पहले ही तीनों गाड़ियां खराब हो गईं। जांच से पता चला है कि स्टेशन पानी मिला घटिया तेल बेच रहा था।

अधिकारी के अनुसार, राष्ट्रपति ने प्रांतीय गवर्नर के कार्यालय को फोन नहीं किया और न ही सहायता का अनुरोध किया। उन्होंने बस एक टैक्सी ली और आगे की यात्रा पूरी की।

### तेल की गुणवत्ता को पहले भी पेट्रोल पंप पर दर्ज की गई हैं शिकायतें

राष्ट्रीय ईरानी तेल उत्पाद वितरण कंपनी ने पुष्टि की है कि संबंधित पेट्रोल पंप पर ईंधन की गुणवत्ता को लेकर पहले भी शिकायतें दर्ज की गई थीं। हालांकि, इस बारे में कोई स्पष्टीकरण नहीं दिया गया कि पिछले उल्लंघनों के बावजूद पेट्रोल पंप चालू क्यों रहा। मोलावी ने कहा, "इस पेट्रोल पंप पर पहले भी इसी तरह की समस्याओं की शिकायतें दर्ज की गई थीं।"


इसके अलावा, अखबार की रिपोर्ट के अनुसार, इस घटना पर राष्ट्रपति कार्यालय या ईरानी पेट्रोलियम मंत्रालय द्वारा कोई सार्वजनिक बयान जारी नहीं किया गया है।

## अमेरिका जाने वाले भारतीय छात्रों की संख्या 70% गिरी

# ट्रम्प सरकार की पॉलिसी से असमंजस; स्टूडेंट्स को साल बर्बाद होने का बढ़ा डर

**नई दिल्ली।** अमेरिका में पढ़ाई के लिए जाने वाले भारतीय छात्रों की संख्या में 70% की भारी गिरावट देखी गई है। ट्रम्प प्रशासन के अंतरराष्ट्रीय छात्रों से जुड़ी नीतियों की वजह से वीजा स्लॉट्स में रुकावट और वीजा रिजेक्शन में अचानक बढ़ोतरी की वजह से इस तरह की स्थिति बनी है।

हैदराबाद ओवरसीज कंसल्टेंट के संजीव राय ने NDTV को बताया- आमतौर पर इस समय तक छात्र अपने वीजा इंटरव्यू पूरे कर चुके होते हैं और अमेरिका जाने की तैयारी कर रहे होते हैं। लेकिन इस साल हम रोज पोर्टल चेक कर रहे हैं कि कहीं स्लॉट खुल जाए। यह कई सालों में सबसे खराब स्थिति है।'



अमेरिकी अधिकारियों ने वीजा स्लॉट्स को अलग-अलग स्टेज में जारी करने का वादा किया था, लेकिन हालात अभी तक क्लियर नहीं हैं, जिससे छात्रों में साल बर्बाद होने का डर बढ़ गया है।

वहीं, विंडो ओवरसीज एजुकेशन कंसल्टेंसी के अंकित जैन ने कहा कि स्लॉट्स बुक करने के बावजूद कई छात्रों को कन्फर्मेशन नहीं मिल रहा। उन्होंने कहा- ऐसा लगता है कि अमेरिका अपने सिस्टम की टेस्टिंग कर रहा है।'

### दूसरे देशों में पढ़ाई का विकल्प तलाश रहे

इन सब दिक्कतों के चलते कई छात्र अब दूसरे देशों में पढ़ाई के विकल्प तलाश रहे हैं। 23 साल के एक छात्र ने कहा- मैं और इंतजार नहीं कर सकता। मुझे एक साल बर्बाद होने का डर है। अमेरिका का रास्ता बंद लग रहा है।

I20 फीवर कंसल्टेंसी के अरविंद मांडुवा ने चेतावनी दी कि अगर अगले कुछ दिनों में स्लॉट्स नहीं खुले, तो हजारों छात्रों के सपने टूट जाएंगे। हमें हर दिन छात्रों और उनके माता-पिता के घबराए हुए फोन आ रहे हैं।

इसके अलावा, मार्च में आवेदन करने वाले छात्र, जिन्हें इंटरव्यू स्लॉट्स मिल चुके थे, अब हाई रिजेक्शन का सामना कर रहे हैं।

जैन ने बताया- कई छात्र, जिन्हें आमतौर पर आसानी से वीजा मिल जाता था, अब रिजेक्ट हो रहे हैं। उनके सोशल मीडिया प्रोफाइल भी क्लियर हैं। रिजेक्शन का ज्यादातर कारण सेक्शन 214B बताया जा रहा है।'

### अमेरिकी सरकार का सेक्शन 214(b) बना आफत

सेक्शन 214(b) अमेरिकी इमिग्रेशन कानून का एक प्रावधान है, जो तब लागू होता है जब आवेदक यह साबित नहीं कर पाता कि वह पढ़ाई के बाद अपने देश वापस लौटेगा।

डलास, टेक्सास की यूएस एडमिशन कंसल्टेंसी के रवि लोथुमल्ला ने कहा कि यह प्रोसेस नई नहीं है। नियम और जांच पहले से मौजूद थे, लेकिन अब इन्हें सख्ती से लागू किया जा रहा है।

हैदराबाद में अमेरिकी कॉन्सुलेट ने कहा है कि स्लॉट्स फिर से शुरू हो गए हैं और छात्रों को दूतावास की वेबसाइट पर अपॉइंटमेंट की चेक करनी चाहिए।

एक प्रवक्ता ने कहा- हम यह तय करने के लिए पूरी तरह से जांच कर रहे हैं कि आवेदक अमेरिका या हमारे हितों को नुकसान न पहुंचाएं और वे वीजा की शर्तों के मुताबिक काम करें। हम छात्रों से जल्दी आवेदन करने और कुछ ज्यादा देर इंतजार करने को कह रहे हैं।

### दो महीने पहले विदेश छात्रों के इंटरव्यू पर रोक लगी

अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने दो महीने पहले विदेशी छात्रों नए वीजा इंटरव्यू पर रोक लगा दी थी। आदेश का मकसद देश की यूनिवर्सिटीज में यहूदी विरोध और वामपंथी विचारों को रोकना था।

रुबियो ने दुनिया भर में अमेरिकी दूतावासों को आदेश जारी कर कहा था- वे स्टूडेंट वीजा के लिए नए इंटरव्यू शेड्यूल न करें, क्योंकि ट्रम्प सरकार अमेरिका आने वाले छात्रों के सोशल मीडिया प्रोफाइल की जांच को और सख्त करने जा रही है।

उन्होंने आगे कहा- तत्काल प्रभाव से कांसुलर सेक्शन आगे के दिशानिर्देश जारी होने तक स्टूडेंट या एक्सचेंज विजिटर (F, M और J) वीजा के लिए नए अपॉइंटमेंट की इजाजत नहीं दें।

हालांकि पहले से शेड्यूल किए गए इंटरव्यू हो सकते हैं, लेकिन लिस्ट में नए अपॉइंटमेंट नहीं जोड़े जाएं। यह रोक F, M और J वीजा केटेगरी पर लागू होती है, जो ज्यादातर अंतरराष्ट्रीय छात्रों और एक्सचेंज विजिटर्स को कवर करती हैं।



# भारत ने यूएन में उठाई बड़ी मांग, कहा- अब सुरक्षा परिषद में बदलाव जरूरी, वक्त रहते सुधार हो

**न्यूयॉर्क।** भारत ने दुनिया की साझी चुनौतियों पर नई दिशा में कदम बढ़ाते हुए संयुक्त राष्ट्र में 'भविष्य के लिए समझौते' पर अपना मजबूत समर्थन दोहराया है। इसी के साथ भारत ने समयबद्ध और ठोस तरीके से संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) में सुधार की मांग भी दोहराई है। भारत का कहना है कि अब इस संस्था को 21वीं सदी की हकीकतों के अनुरूप बनाना जरूरी है। भारत के स्थायी प्रतिनिधि और संयुक्त राष्ट्र में भारत के राजदूत पर्वतनैनी हरीश ने न्यूयॉर्क में गुरुवार को एक अनौपचारिक संवाद के दौरान यह बात कही। उन्होंने कहा कि संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद का विस्तार और अंतरराष्ट्रीय वित्तीय ढांचे में सुधार अब भी उपेक्षित क्षेत्रों में हैं और इसमें तेजी लाना बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा कि अधिकांश देश इस बात से सहमत हैं कि सुरक्षा परिषद को आज के वैश्विक राजनीतिक परिदृश्य के अनुसार बदलना चाहिए।

### भविष्य के लिए समझौते पर भारत की बात

भारत ने 'भविष्य के लिए समझौते' के प्रभावी क्रियान्वयन और साल 2028 में होने वाली इसकी समीक्षा प्रक्रिया को परिणाम आधारित और भविष्य की ओर उन्मुख रखने की बात कही। राजदूत हरीश ने कहा कि भारत सभी संबंधित पक्षों के साथ मिलकर इस समझौते की सफलता के लिए काम करता रहेगा। यह समझौता सितंबर 2024 में 'समिट फॉर फ्यूचर' के दौरान अपनाया गया था।

### जी20 से लेकर आईएमएफ तक समन्वय की जरूरत

राजदूत हरीश ने अपने भाषण में यह भी कहा कि जी20, डब्ल्यूटीओ, वर्ल्ड बैंक और आईएमएफ जैसी वैश्विक संस्थाओं के साथ 'भविष्य के लिए समझौते' के क्रियान्वयन में पूर्ण समन्वय जरूरी है, ताकि वैश्विक दृष्टिकोण और निर्णय एकजुट और संतुलित हों। भारत ने इन संस्थाओं के साथ मिलकर काम करने के अपने अनुभव और मंशा को भी साझा किया।

### यूएनजीए अध्यक्ष को सौंपी हिंदी प्रति

संयुक्त राष्ट्र महासभा के अध्यक्ष फिलेमन यांग को भारत ने 'भविष्य के लिए समझौते' की हिंदी अनुवादित प्रति भी भेंट की। भारत ने कहा कि यह कदम वैश्विक दस्तावेजों में भाषाई समावेशिता और स्थानीय भाषाओं के महत्व को रेखांकित करता है। भारत का मानना है कि वैश्विक सहयोग तभी मजबूत होगा जब वह स्थानीय आवाजों और संस्कृतियों को भी स्थान देगा।

# मसूद अजहर ने बदली लोकेशन, PoK में बनाया नया ठिकाना; वादा पूरा करेंगे बिलावल भुट्टो?

- गिलगित-बाल्टिस्तान में देखा गया मसूद अजहर।
- बहावलपुर में जैश-ए-मोहम्मद के मुखिया का गढ़ है।



**नई दिल्ली।** पुलवामा हमले की साजिश रचने का आरोपी और जैश-ए-मोहम्मद के मुखिया मसूद अजहर के नए ठिकाने का पता चल गया है।

जानकारी के मुताबिक, मसूद अजहर को बहावलपुर के उसके गढ़ के कुछ किलोमीटर दूर गुलाम कश्मीर में देखा गया है। इंडिया टुडो की रिपोर्ट के मुताबिक, उसे पाकिस्तान के कब्जे वाले गिलगित-बाल्टिस्तान में देखा गया। वो उसी ठिकाने पर छिपा हो सकता है।

### बहावलपुर है मसूद अजहर का गढ़

इससे पहले उसे स्कर्दू में सदपारा रोड इलाके में देखा गया था। माना जाता है कि बहावलपुर में मसूद अजहर का गढ़ है। यहां पर इसके दो ठिकाने हैं। इन्हीं दो ठिकानों से वो अपने सारे ऑपरेशन को अंजाम देता रहा है।

गौरतलब है कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारतीय वायु सेना ने बहावलपुर में जैश-ए-मोहम्मद के हेडक्वार्टर और बहावलपुर में जैश के मदरसे को निशाना बनाया गया था।

### झूठ बोल रहे पाकिस्तान के विदेश मंत्री?

अजहर मसूद को पाकिस्तान की सरकार और वहां की सेना से संरक्षण प्राप्त है। खुद को आतंकवाद का शिकार कहने वाले झूठे पाकिस्तान के विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो ने हाल ही में दावा किया था कि मसूद अजहर अफगानिस्तान में हो सकता है।

उन्होंने यहां तक कहा तक कि अगर मसूद अजहर पाकिस्तान में मिला तो उसे भारत को सौंप दिया जाएगा। बिलावल ने अल जजीरा को दिए इंटरव्यू में यह बातें कही थी।

### ऑपरेशन सिंदूर में मारे गए थे मसूद अजहर के करीबी

ऑपरेशन सिंदूर में मसूद अजहर के परिवार के करीब 10 लोग मारे गए थे। जैश-ए-मोहम्मद के प्रमुख मसूद अजहर ने खुद इसकी पुष्टि की थी। हमले के बाद उसने यहां तक कहा था कि अच्छा होता अगर वो भी इस हमला में मारा जाता।

# भारतीय मूल के व्यवसायी पर अमेरिका में वीजा धोखाधड़ी का आरोप; ऐसे देता था कारनामे को अंजाम




**वाशिंगटन।** अमेरिका में भारतीय मूल के एक व्यवसायी पर वीजा धोखाधड़ी का आरोप लगा है। इसके अलावा, तीन पुलिस प्रमुखों सहित चार अमेरिकी कानून प्रवर्तन अधिकारियों पर भी लुइसियाना में मुकदमा दर्ज किया गया है।

अदालत में दाखिल किए गए दस्तावेजों के मुताबिक, कैलिफोर्निया के ओकडेल निवासी चंद्रकांत पटेल, चाड डॉयल, ग्लिन डिक्सन, टेबो ओनिशिया और सिटी मार्शल माइकल स्लेनी पर बुधवार को ला-फेयेट में अभियोग लगाया गया। उन पर अमेरिकी सरकार के यू वीजा कार्यक्रम के तहत अप्रवासियों के वीजा दावों का समर्थन करने के लिए झूठी अपराध रिपोर्ट बनाने का आरोप लगाया गया था।

दस्तावेजों के मुताबिक, अप्रवासियों ने भारतीय मूल के व्यवसायी चंद्रकांत पटेल से संपर्क किया ताकि पुलिस रिपोर्ट में उनका नाम पीड़ितों के रूप में दर्ज किया जा सके। ताकि वे यू वीजा के लिए आवेदन कर सकें। उन्होंने खुद को डकैती का पीड़ित बताने के लिए उसे कहा था। अमेरिकी नागरिकता और आव्रजन सेवा (यूएससीआईएस) की वेबसाइट पर यू-वीजा के बारे में जानकारी दी गई है। इसके मुताबिक, यू वीजा उन अप्रवासियों के लिए तय किया गया है जो अपराध पीड़ित हों जिन्होंने मानसिक या शारीरिक शोषण का सामना किया है।

मामले में खुलासा हुआ है कि आरोपी चंद्रकांत पटेल ने इसके लिए अप्रवासियों से हजारों डॉलर भी वसूले थे। वहीं वह अपने सह-षड्यंत्रकारियों से झूठी पुलिस रिपोर्ट लिखवाने के लिए कहता था। बता दें कि मामले में आरोपी चंद्रकांत पटेल को भी सशस्त्र डकैती का शिकार होने के कथित आधार पर ही 2023 में यू-वीजा मिला था।

# रूसी पत्रकार की रिपोर्ट से अटका किम का टूरिज्म प्लान, मेगा रिजॉर्ट में विदेशी पर्यटकों पर लगी रोक

**प्योंगयांग।** उत्तर कोरिया ने अपने नवनिर्मित वॉन्सन-काल्मा बीच रिजॉर्ट में विदेशी पर्यटकों की एंट्री पर रोक लगा दी है। यह वही रिजॉर्ट है जिसे तानाशाह किम जोंग उन ने इस साल की सबसे बड़ी उपलब्धियों में से एक बताया था। एक जुलाई को इस रिजॉर्ट को देश के नागरिकों के लिए खोला गया था और हाल ही में कुछ रूसी पर्यटकों को भी यहां लाया गया था। लेकिन अब आधिकारिक पर्यटन वेबसाइट डीपीआर कोरिया टूर ने घोषणा की है कि यह स्थान अस्थायी रूप से विदेशी पर्यटकों के लिए बंद है।



इस पाबंदी की घोषणा ऐसे समय में की गई है जब कुछ दिन पहले ही रूसी विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने इसी रिजॉर्ट में उत्तर कोरियाई विदेश मंत्री और किम जोंग उन से मुलाकात की थी। लावरोव ने उस समय वादा किया था कि रूसी पर्यटकों की संख्या बढ़ाने के लिए रूस विशेष प्रयास करेगा। उन्होंने यहां तक कहा था कि रूसी पर्यटक निश्चित ही यहां आने के लिए उत्साहित होंगे।

### रूसी पत्रकार की रिपोर्ट से बढ़ी उत्तर कोरिया की चिंता

विशेषज्ञों का मानना है कि यह पाबंदी उस रूसी पत्रकार की रिपोर्ट के बाद आई है, जो लावरोव के साथ उत्तर कोरिया गया था। रिपोर्ट में संकेत दिया गया था कि रिजॉर्ट में घूमने वाले उत्तर कोरियाई लोग वास्तविक पर्यटक नहीं थे, बल्कि उन्हें सरकार ने दिखावे के लिए भेजा था। इससे उत्तर कोरिया की छवि को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नुकसान हो सकता है। यही कारण है कि वहां की सरकार ने विदेशी पर्यटकों के प्रवेश पर अस्थायी रोक लगा दी है।

### महंगे निर्माण के बाद आर्थिक दबाव में उत्तर कोरिया

रिजॉर्ट को बनाने में उत्तर कोरिया ने भारी खर्च किया है। वॉन्सन-काल्मा परियोजना देश की सबसे बड़ी पर्यटन योजनाओं में से एक मानी जाती है। दक्षिण कोरिया के थिंक टैंक वर्ल्ड इंस्टिट्यूट फॉर नॉर्थ कोरियन स्टडीज के प्रमुख आन चान-इल का कहना है कि अगर उत्तर कोरिया विदेशी पर्यटकों को यहां आने नहीं देगा, तो उसे आर्थिक घाटा सहना पड़ेगा। विदेशी मुद्राओं जैसे रूबल, युआन और डॉलर की आमद न होने पर सरकार को रिजॉर्ट बंद भी करना पड़ सकता है।

### रिजॉर्ट पर किम जोंग उन की खास नजर

किम जोंग उन ने इस रिजॉर्ट को साल की सबसे बड़ी सफलता और देश में पर्यटन के विकास की "गर्व की पहली सीढ़ी" बताया था। सरकारी मीडिया के अनुसार, यह जगह उत्तर कोरियाई पर्यटकों से भरी हुई है। हालांकि, अभी भी अंतरराष्ट्रीय पर्यटकों की वापसी को लेकर उत्तर कोरिया ने कोई स्पष्ट संकेत नहीं दिया है।

### कोविड के बाद धीरे-धीरे खुल रही सीमाएं

उत्तर कोरिया ने कोविड-19 महामारी के समय से अपनी सीमाएं बंद कर रखी थीं। हाल ही में उसने सीमित संख्या में विदेशी नागरिकों के प्रवेश की अनुमति दी है। फरवरी 2025 में एक अंतरराष्ट्रीय पर्यटक समूह को रासन शहर जाने की अनुमति दी गई थी, लेकिन वह कार्यक्रम एक महीने से भी कम समय में रद्द कर दिया गया। चीनी टूर ग्रुप्स, जो महामारी से पहले कुल पर्यटकों का 90% हिस्सा थे, अभी भी शुरू नहीं हुए हैं।

# पूर्व राष्ट्रपति जेर बोल्सोनारो को पहनना होगा इलेक्ट्रॉनिक निगरानी यंत्र

## सुप्रीम कोर्ट का आदेश

**साओ पाउलो।** ब्राजील की सुप्रीम कोर्ट ने पूर्व राष्ट्रपति जेर बोल्सोनारो को 'इलेक्ट्रॉनिक निगरानी यंत्र' पहनने का आदेश दिया है। यह आदेश तब आया, जब पुलिस ने ब्रासीलिया में बोल्सोनारो के घर और उनके पार्टी मुख्यालय पर छापेमारी की। यह कार्रवाई सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर की गई। स्थानीय मीडिया ने बताया कि उनके सोशल मीडिया इस्तेमाल करने और जांच के दायरे में शामिल कुछ अन्य व्यक्तियों से संपर्क करने पर भी प्रतिबंध लगाया गया है। इनमें उनके पुत्र एडुआर्डो बोल्सोनारो भी शामिल हैं। एडुआर्डो फिलहाल अमेरिका में रह रहे हैं और उनके ट्रंप के साथ नजदीकी संबंध हैं। एसोसिएटेड प्रेस की रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई।

पुलिस ने एक बयान में कहा कि पुलिस ने ब्रासीलिया में दो जगहों पर तलाशी ली और चीजें जब्त कीं। पुलिस ने गिरफ्तारी के अलावा कई अन्य कदम उठाए हैं। हालांकि, बयान में किसी का नाम नहीं लिया गया। स्थानीय मीडिया कवरेज में दिखाया गया कि ब्रासीलिया में बोल्सोनारो के आवास के बाहर पुलिस के वाहन खड़े हैं।

### जेर बोल्सोनारो पर क्या हैं आरोप

बोल्सोनारो पर आरोप है कि उन्होंने 2022 के चुनाव नतीजों को पलटने (सरकार गिराने) की साजिश रची थी। अब वह सुप्रीम कोर्ट में इस मामले में मुकदमे का सामना कर रहे हैं। 2022 के चुनाव में बोल्सोनारो हार गए थे और उनकी जगह वामपंथी नेता लुइज इनासियो लूला दा सिल्वा चुनाव जीतकर राष्ट्रपति बने थे। बोल्सोनारो पर आरोप है कि उन्होंने चुनाव हारने के बाद लोकतंत्र को कमजोर करने की कोशिश की।

### दक्षिणपंथियों को दबाने की साजिश: कैवलकैंटे

निचले सदन में बोल्सोनारो की पार्टी के नेता सोस्टेनेस सिल्वा कैवलकैंटे ने एपी को बताया कि पुलिस ने पार्टी मुख्यालय में भी छापेमारी की। उन्होंने कहा कि यह कार्रवाई केवल बोल्सोनारो के खिलाफ नहीं, बल्कि सारे दक्षिणपंथी नेताओं के खिलाफ की जा रही है। उन्होंने इसे राष्ट्रवादियों और दक्षिणपंथियों को दबाने की एक नई साजिश बताया। बोल्सोनारो के वकील ने अभी तक इस बारे में कोई प्रतिक्रिया नहीं दी।

### मुकदमे को बोल्सोनारो ने बताया 'विच-हंट'

ब्राजील के मुख्य सरकारी वकील पाउलो गोनेट ने सुप्रीम कोर्ट से कहा कि इस बात के स्पष्ट सबूत हैं कि



बोल्सोनारो ने राष्ट्रपति रहते हुए और चुनाव हारने के बाद भी जानबूझकर ऐसी हरकतें कीं, जिससे देश का लोकतंत्र कमजोर हो जाए और विद्रोह भड़क जाए। दूसरी ओर, बोल्सोनारो ने इस मुकदमे को 'विच-हंट' (झूठे आरोप लगाकर परेशान करना) कहा। यह वही शब्द है जो अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भी बोल्सोनारो का बचाव करते हुए इस्तेमाल किया था।

पिछले हफ्ते ट्रंप ने ब्राजील पर 50 फीसदी आयात शुल्क (टैरिफ) लगाया, जिसे उन्होंने सीधे बोल्सोनारो के मुकदमे से जोड़कर बताया। दोनों के 2020 में सत्ता में रहने के दौरान ट्रंप ने बोल्सोनारो को मार-ए-लागो रेस्तरां में भी आमंत्रित किया था। मंगलवार को व्हाइट हाउस में बोलते हुए ट्रंप ने फिर कहा कि यह मुकदमा विच हंट ही है।

### क्या है इलेक्ट्रॉनिक निगरानी यंत्र

इलेक्ट्रॉनिक निगरानी यंत्र किसी व्यक्ति के पैर के टखने (एड़ी) पर बांधा जाता है। यह इस तरह का उपकरण होता है जो यह बताता है कि वह व्यक्ति कहां है और कहीं तय इलाके से बाहर तो नहीं जा रहा। जैसे अगर कोर्ट ने किसी आरोपी को घर में रहने का आदेश दिया हो, तो उसे यह इलेक्ट्रॉनिक उपकरण पहनाया जाता है, ताकि पुलिस उसे ट्रैक कर सके कि वह बाहर तो न जा सके।

# छीसगढ़ विधानसभा अलंकरण समारोह

# उत्कृष्ट विधायक भावना वोहरा, लखेश्वर बघेल, उत्कृष्ट पत्रकार राकेश पाण्डे, योगेश मिश्रा व विश्व प्रकाश पुरेना हुए सम्मानित







**रायपुर (प्रतिदिन राजधानी)**

छत्तीसगढ़ विधान सभा परिसर में आज माननीय राज्यपाल महोदय श्री रमेन डेका के मुख्य आतिथ्य में एक गरिमामय कार्यक्रम में ''उत्कृष्टता अलंकरण समारोह'' का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में वर्ष 2024 के लिए ''उत्कृष्ट विधायक'', ''उत्कृष्ट संसदीय पत्रकार'' एवं ''उत्कृष्ट इलेक्ट्रानिक मीडिया रिपोर्टर एवं कैमरामेन'' को मान. राज्यपाल श्री रमेन डेका ने शाल श्रीफल, स्मृति चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मान. विधान सभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने की। कार्यक्रम में अतिविशिष्ट अतिथि के रूप में मान. मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में मान. नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरण दास महंत, मान. संसदीय कार्यमंत्री श्री केदार कश्यप, मान. सांसद श्रीमती ज्योत्सना महंत, श्रीमती वीणा देवी सिंह एवं श्रीमती कौशिल्या साय उपस्थित थे । इस अवसर पर मान. मंत्रीगण, मान. विधायकगण मान. पूर्व विधान सभा अध्यक्ष, निगम मंडल के अध्यक्ष, विधान सभा के सचिव श्री दिनेश शर्मा एवं राज्य शासन के वरिष्ठ अधिकारी, आमंत्रित जन तथा पत्रकार गण उपस्थित थे ।

इस समारोह में षष्ठम विधान सभा में वर्ष–2024 के लिए ''उत्कृष्ट विधायक'' के रूप में पक्ष से मान. श्रीमती भावना वोहरा एवं प्रतिपक्ष से मान. श्री लखेश्वर बघेल को सम्मानित किया गया । ''उत्कृष्ट संसदीय पत्रकार'' के लिए श्री राकेश पाण्डेय, दैनिक भास्कर एवं इलेक्ट्रानिक मीडिया में ''उत्कृष्ट संसदीय पत्रकार पुरस्कार'' के लिए सुदर्शन न्यूज के संवाददाता श्री योगेश मिश्रा एवं कैमरामेन श्री विश्व प्रकाश पुरेना को सम्मानित किया गया ।

इस अवसर पर अपने संबोधन में राज्यपाल रमेन डेका ने छत्तीसगढ़ विधान सभा के रजत जयंती वर्ष पर बधाई देते हुए कहा कि–छत्तीसगढ़ विधान सभा में संसदीय दायित्वों को परिमार्जित करने के उद्देश्य से ''उत्कृष्ट विधायक'' एवं ''उत्कृष्ट संसदीय पत्रकार'' को सम्मानित करने का यह कार्य अत्यन्त महत्वपूर्ण हैं । उन्हांने कहा कि–विधान सभा राज्य की सबसे बड़ी जनप्रतिनिधि सभा है । यह एक ऐसा पवित्र सदन है, जहां से राज्य के विकास का रास्ता सुनिश्चित होता है।

इस अवसर पर विधान सभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कहा कि–छत्तीसगढ़ विधान सभा के सभी 90 विधायक श्रेष्ठ हैं जो प्रदेश की तीन करोड़ जनता का प्रतिनिधित्व करते हैं । उन्होंने कहा कि–''उत्कृष्टता अलंकरण'' पुरस्कार का मुख्य उद्देश्य संसदीय मूल्यों को अलंकरण और अधिक मजबूती देना है, जिससे कि भविश्य में भी हमारी विधानसभा का संसदीय वातावरण अन्य संसदीय निकायों के लिए एक आदर्श बन सके। उन्होंने कहा–कि छत्तीसगढ़ की षष्ठम विधानसभा ने संसदीय मूल्यों को संरक्षित रखते हुए, अपने कार्यकरण से श्रेष्ठता के उच्च मानकों को स्पर्श किया है। उन्होंने यह भी कहा–कि छत्तीसगढ़ की विधान सभा ने अपने गठन के साथ ही नई संसदीय परम्पराओं एवं उच्च मापदण्डों को स्थापित किया है। छत्तीसगढ़ विधान सभा ने अपने कार्यकरण से राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय संसदीय परिदृश्य में जो स्थान प्राप्त किया है वह एक आदर्श है तथा इसका पूरा श्रेय हमारे विधायी निकाय के सभी मान. विधायकों को जाता है ।

इस अवसर पर अपने संबोधन में मुख्यमंत्री–विष्णु देव साय ने उत्कृष्ट विधायकों एवं उत्कृष्ट संसदीय पत्रकार पुरस्कार से सम्मानितों को बधाई देते हुए कहा कि–जिन मान. विधायकों को यह पुरस्कार प्राप्त हुआ है उनके दायित्व सभा के प्रति और बढ़ गये है । ये उत्कृष्ट विधायक हमेशा सदन में सक्रिय रहे एवं जनसमस्याओं के मुद्दों को प्रमुखता से सभा में उठाया । सामान्य कार्यकर्ता एवं जनप्रतिनिधि के रूप में जनसेवा प्रारंभ कर सदन में अपनी उत्कृष्टता साबित करना निश्चित ही सराहनीय है और इससे हमारे युवा विधायकों को सीखने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि–पुरस्कृत पत्रकारों ने भी सभा की कार्यवाही की रिपोर्टिंग में उत्कृष्ट संसदीय परम्पराओं का पालन करते हुए अपनी विशिष्ट छाप छोड़ी है ।

## पवित्र कैलाश मानसरोवर की यात्रा के लिए छग से जत्था रवाना




**रायपुर (प्रतिदिन राजधानी)**

पवित्र कैलाश मानसरोवर की यात्रा के लिए छत्तीसगढ़ से जत्था हुआ रवाना । आज छत्तीसगढ़ विधानसभा में छत्तीसगढ़ विधानसभा के अध्यक्ष डॉ रमन सिंह जी एवं प्रदेश के उपमुख्यमंत्री एवं गृह मंत्री श्री विजय शर्मा से डॉ शिवनारायण द्विवेदी के नेतृत्व कैलाश मानसरोवर यात्रा पर जा रहे हैं छत्तीसगढ़ से दर्शनार्थियों का जत्था आज रवाना होने से पूर्व डॉक्टर रमन सिंह जी एवं विजय शर्मा से मुलाकात कर छत्तीसगढ़ द्वारा शासन द्वारा वर्तमान में ?50000 की जो सब्सिडी यात्रा में दी जाती है उसे ?100000 करने की मांग को लेकर अवगत कराया विजय शर्मा जी ने शीघ्र उचित कार्रवाई करने का आश्वासन दिया और डॉ रमन सिंह जी एवं विजय शर्मा जी ने कैलाश मानसरोवर की यात्रा में जा रहे तीर्थ यात्रियों को शुभकामनाएं देते हुए रवाना किया आज 27 तीर्थ यात्रियों का जत्था छत्तीसगढ़ से पहली बार 6 वर्षों बाद रवाना हुआ कैलाश मानसरोवर की यात्रा में जा रहे तीर्थ यात्रियों का प्रथम जत्था शरणजीत सिंह जो की 15 बार की यात्रा कैलाश मानसरोवर की कर चुके हैं उनके नेतृत्व में 11 दिवसीय यात्रा पर रवाना हुआ मुलाकात के दौरान ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष सुरेश मिश्रा ,पूज्य छत्तीसगढ़ सिंधी पंचायत के उपाध्यक्ष गौरव मंधानी,नमन सिंह एवं सभी 27 तीर्थ यात्री उपस्थित थे

## सरकार किसी तरह के दबाव में नहीं : केदार कश्यप



**रायपुर (प्रतिदिन राजधानी)**

छत्तीसगढ़ सरकार के मंत्री केदार कश्यप ने प्रवर्तन निदेशालय द्वारा कथित शराब घोटाला मामले में छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस नेता भूपेश बघेल के बेटे चैतन्य बघेल की गिरफ्तारी पर कहा, सरकार किसी भी तरह के दबाव में नहीं है। ये कांग्रेस की सरकार नहीं है।

ED अपनी कार्रवाई कर रही है, ED सरकार के कहने पर नहीं चलती। इससे पहले भी उनसे पूछताछ हुई थी, वे शक के दायरे में हैं।

## उपमुख्यमंत्री अरुण साव का दिल्ली से स्वच्छता पुरस्कार लेकर रायपुर पहुंचने पर स्वच्छता दीदीयों ने किया स्वागत

**रायपुर (प्रतिदिन राजधानी)**

राष्ट्रीय स्वच्छ सर्वेक्षण 2024–25 में रायपुर शहर देश का सबसे स्वच्छ चौथा शहर बनने और गार्बेज फ्री सिटी में रायपुर शहर छत्तीसगढ़ का पहला 7 स्टार शहर बनने पर इस गौरव और उपलब्धि पर प्रसन्न होकर आज नगर निगम रायपुर के सफाई मित्रो और स्वच्छता दीदियों ने प्रदेश के उपमुख्यमंत्री नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग अरूण साव का माना विमानतल पहुँचने पर भव्य स्वागत किया। नई दिल्ली में भारत गणराज्य की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु के करकमलो से केन्द्रीय शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल खट्टर और केन्द्रीय शहरी कार्य राज्य मंत्री तोखन साहू की उपस्थिति में छत्तीसगढ राज्य के नगर निगम रायपुर सहित 7 नगरीय निकायो को निर्धारित मानको के अनुरूप स्वच्छता में श्रेष्ठ प्रदर्शन हेतु विभिन्न श्रेणियों के अवार्ड देकर शहरो को सम्मानित किया गया।



उपमुख्यमंत्री नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग अरूण साव ने छत्तीसगढ़ शासन के नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग की ओर से संबंधित चयनित सम्मानित नगर निगम रायपुर सहित 7 नगरीय निकायो के पदाधिकारियों एवं अधिकारियों की उपस्थिति में स्वच्छता के श्रेष्ठता मानको के अवार्ड राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मु के करकमलो से विज्ञान भवन नई दिल्ली में ग्रहण किये।

आज सुबह उपमुख्यमंत्री नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग अरूण साव जैसे ही माना विमानतल पर राजधानी रायपुर वापस लौटे तो नगर निगम रायपुर के सफाई मित्रो एवं स्वच्छता दीदियों ने बडी संख्या में उन्हें बुके प्रदत्त कर एवं फूल मालाओ से लादते हुए उनका प्रसन्नता पूर्वक आत्मीय स्वागत किया। नगर निगम रायपुर के जोन कमिश्नर डॉ. आर.के. डोंगरे, डॉ. दिव्या चंद्रवंशी, राजेश्वरी पटेल, सर्वश्री राकेश शर्मा, हितेन्द्र यादव, विवेकानंद दुबे, संतोष पाण्डेय, रमेश जायसवाल, अरूण ध्रुव, खीरसागर नायक, कार्यपालन अभियंताओं, जोन स्वास्थ्य अधिकारियों, जोन सहायक राजस्व अधिकारियों, स्वच्छता निरीक्षकों, नगर निगम अधिकारियों कर्मचारियों ने उनका बडी संख्या में आत्मीयता के साथ अवार्ड प्राप्त करने के उपरांत रायपुर वापस लौटने पर स्वागत किया। उपमुख्यमंत्री नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग अरूण साव ने आत्मीय स्वागत पर नगर निगम रायपुर के अधिकारियों कर्मचारियों सहित स्वच्छता दीदियों, सफाई मित्रों को धन्यवाद देते हुए रायपुर के छत्तीसगढ़ राज्य में गार्बेज फ्री सिटी में प्रथम 7 स्टार शहर बनने और राष्ट्रीय स्वच्छ सर्वेक्षण 2024–25 में देश में रैंकिंग में चौथे स्थान पर रायपुर के आने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी ।

## विधानसभा में पेश हुआ विकास ग्लोबल यूनिवर्सिटी का बिल

**रायपुर (प्रतिदिन राजधानी)**

17 जुलाई 2025 को विधानसभा में कृष्णा विकास ग्लोबल यूनिवर्सिटी रायपुर का बिल माननीय मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साए जी द्वारा प्रस्तुत किया गया, जो सर्वसम्मति से पारित हुआ। उन्होंने यह बताया कि यह यूनिवर्सिटी छत्तीसगढ़ का उन्नीसवां और रायपुर का नवाँ यूनिवर्सिटी होगा।

इस अवसर पर कृष्णा विकास ग्रुप के चेयरमैन डी मुरली कृष्णा ने सभी प्रिंसिपल्स, एचओडी, फैकल्टी और नॉन–टीचिंग स्टाफ को बधाई दी और साथ ही सभी के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा, यह एक ऐतिहासिक दिन है और हमें इस पर गर्व है। हमारी टीम की कड़ी मेहनत और समर्पण के कारण ही यह संभव हो पाया है। हम कृष्णा विकास ग्लोबल यूनिवर्सिटी को एक विश्वस्तरीय संस्थान




बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

चेयरमैन डी मुरली कृष्णा ने आगे कहा, हमारा लक्ष्य है कि हम कृष्णा विकास ग्लोबल यूनिवर्सिटी को एक ऐसा संस्थान बनाएं जो न केवल छत्तीसगढ़ बल्कि पूरे देश में एक मॉडल संस्थान के रूप में जाना जाए। हमारी टीम इस दिशा में काम कर रही है और हमें विश्वास है कि हम अपने लक्ष्य को जल्द ही प्राप्त कर लेंगे।

उन्होंने यह भी कहा कि हम विदेशों की बड़ी–बड़ी यूनिवर्सिटी से साझेदारी करेंगे, साथ ही हम इनोवेशन, स्टार्टअप, रिसर्च और क्वालिटी एजुकेशन में इतना आगे काम करेंगे जिससे विदेशी छात्र भी हमारे यूनिवर्सिटी में पढ़ने के लिए आएं। इससे विश्व स्तर पर कृष्णा विकास ग्लोबल यूनिवर्सिटी की पहचान बनेगी।

इस अवसर पर कृष्णा विकास ग्रुप के ट्रस्टी मनीष अग्रवाल और अनिल सावड़िया ने भी सभी लोगों को बधाईयाँ दीं। उन्होंने कहा, 卐यह एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है और हमें इस पर गर्व है। हम कृष्णा विकास ग्रुप की टीम को इस उपलब्धि के लिए बधाई देते हैं और उन्हें भविष्य में भी ऐसी ही उपलब्धियां हासिल करने के लिए शुभकामनाएं देते हैं।

## हरचरण सिंह साहनी ट्रांसपोर्ट चेम्बर के प्रदेश अध्यक्ष मनोनीत

**रायपुर (प्रतिदिन राजधानी)**

छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कामर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रदेश अध्यक्ष सतीश थौरानी ने बताया कि ट्रांसपोर्ट संबंधी समस्याओं के निराकरण के लिये चेम्बर द्वारा ट्रांसपोर्ट चेम्बर रायपुर का गठन कर हरचरण सिंह साहनी को ट्रांसपोर्ट चेम्बर के प्रदेश अध्यक्ष पद पर मनोनयन किया गया है।

प्रदेश अध्यक्ष सतीश थौरानी ने हरचरण सिंह साहनी को बधाई देते हुए यह उम्मीद की है कि वे प्रदेश के व्यापार एवं उद्योग के हित में कार्य करते हुए छत्तीसगढ़ चेम्बर को एक नई ऊंचाईयों पर लेकर जायेंगे।



इस अवसर पर चेम्बर प्रदेश अध्यक्ष सतीश थौरानी, कार्यकारी अध्यक्ष –राधाकिशन सुन्दरानी, राजेश वासवानी, जसप्रीत सिंह सलूजा, उपाध्यक्ष–जितेन्द्र शादीजा, दिलीप इसरानी, मुकेश अग्रवाल उपाध्यक्ष सारंगढ़–बिलाईगढ़ जिला, पुरूषोत्तम अग्रवाल बरमकेला, रवि सचदेव, भोलानाथ सेठ एवं महिला चेम्बर अध्यक्ष डॉ. ईला गुप्ता एवं टीम प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

## छग ग्रोथ एंड स्टेबिलिटी फंड विधेयक 2025 विधानसभा में सर्वसम्मति से पारित

### राज्य की दीर्घकालिक वित्तीय स्थिरता और सतत विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम

**रायपुर (प्रतिदिन राजधानी)**

छत्तीसगढ़ विधानसभा में आज राज्य की आर्थिक स्थिरता और सतत विकास को सुनिश्चित करने हेतु छत्तीसगढ़ ग्रोथ एंड स्टेबिलिटी फंड विधेयक 2025 को सर्वसम्मति से पारित किया गया। यह विधेयक राज्य के वित्त मंत्री ओपी चौधरी द्वारा प्रस्तुत किया गया। उन्होंने विधेयक के उद्देश्यों, प्रावधानों और इससे होने वाले लाभों की विस्तारपूर्वक जानकारी दी।

वित्त मंत्री चौधरी ने विधेयक प्रस्तुत करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत 2047 संकल्प के अनुरूप



छत्तीसगढ़ सरकार ने छत्तीसगढ़ अंजोर विजन 2047 दस्तावेज तैयार किया है, जिसके अंतर्गत राज्य को विकसित और आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में ठोस पहल की जा रही है। इसी कड़ी में राज्य की वित्तीय दीर्घकालिक जरूरतों को ध्यान में रखते हुए यह विशेष फंड स्थापित किया जा रहा है।

वित्त मंत्री ने कहा कि राज्य में खनिज संसाधनों से होने वाली आय में निरंतर वृद्धि हुई है। वर्ष 2001–02 से 2024–25 के दौरान खनिज राजस्व में 30 गुना से अधिक की वृद्धि दर्ज की गई है। वहीं पूंजीगत व्यय में भी लगभग 43 गुना की वृद्धि हुई है। वर्ष 2024–25 में पूंजीगत व्यय में पिछले वर्ष की तुलना में 38 प्रतिशत तथा वर्ष 2023–24 में 19 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी। उन्होंने कहा कि पूंजीगत व्यय से अर्थव्यवस्था को मल्टीप्लायर इफेक्ट मिलता है, जिससे एक रुपये के निवेश से अर्थव्यवस्था को तात्कालिक रूप से 2.45 रूपए और दीर्घकाल में 3.14 रूपए का लाभ मिलता है। इसी दृष्टिकोण से यह फंड राज्य के पूंजीगत व्यय को सुदृढ़ करने सहायक होगा।

### फंड के प्रमुख प्रावधान और लाभ

वित्त मंत्री ने बताया कि यह फंड खनिज संसाधनों से प्राप्त वार्षिक राजस्व का न्यूनतम 1 प्रतिशत और अधिकतम 5 प्रतिशत तक निवेश की व्यवस्था करेगा। फंड से प्राप्त लाभांश को पुनः फंड में निवेश किया जाएगा। इस फंड का उपयोग केवल पूंजीगत व्यय के लिए ही किया जाएगा। विशेष परिस्थितियों में ही मूल राशि से आहरण किया जा सकेगा, वह भी एक वित्तीय वर्ष में अधिकतम 10 प्रतिशत तक। फंड की पारदर्शिता और उत्तरदायित्व सुनिश्चित करने के लिए विस्तृत नियम बनाए जाएंगे, जिनमें फंड प्रबंधन, निवेश प्रक्रिया और अनुमति योग्य निवेश साधनों का स्पष्ट निर्धारण किया जाएगा।

### राज्य के लिए ऐतिहासिक पहल

ओपी चौधरी ने कहा कि ऐसा फंड बनाने वाला छत्तीसगढ़ संभवतः देश का पहला राज्य है। मुख्य बजट 2025–26 में इस फंड के लिए 50 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। साथ ही, उन्होंने यह भी बताया कि राज्य सरकार द्वारा जिला खनिज न्यास निधि का भी व्यापक उपयोग किया जा रहा है, जिसके माध्यम से दंतेवाड़ा में मेडिकल कॉलेज समेत कई जिलों में स्वास्थ्य एवं शिक्षा अधोसंरचना का निर्माण किया जा रहा है।

स्वामी एवं प्रकाशक शांतिदेवी नचरानी प्रतिदिन राजधानी, प्रतिदिन हाऊस जी.ई.रोड शारदा चौक रायपुर छत्तीसगढ़ के लिए मुद्रक हरीश कुमार नचरानी प्रतिदिन प्रिंटर्स एण्ड पब्लिशर्स कचहरी चौक जेल रोड रायपुर (छ.ग.) द्वारा मुद्रित एवं स्वामी शांतिदेवी नचरानी (रामचंद नचरानी एण्ड संस की कर्ता) द्वारा प्रतिदिन हाऊस जी.ई.रोड शारदा चौक से प्रकाशित। संपादक–शांतिदेवी नचरानी * कार्यकारी संपादक–हरीश नचरानी, मो.–9617598000। (किसी भी विवाद के लिए न्यायलयीन क्षेत्र रायपुर होगा।) RNI NO. CHH HIN/2001/05596 फोन नं.– 0771–2223399, मो.–6262904444